जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, मंगलवार 26 सितम्बर, 2023


# पैसा वसूल 5 दिन

## 5 दिन में फिर से 5 लाख का फायदा

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

2 साइड ओपन कोठी और फ्लैट्स | 60 एमेनिटीज



## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL 1.5 गुना

बड़ी-बड़ी कोठी बड़े-बड़े फ्लैट

| युनिट टाइप | साइज | अगस्त की रेट (NPO New Product Offer) | सितम्बर की रेट +5% | अक्टूबर की रेट +10% | नवम्बर की रेट +15% | दिसम्बर की रेट +20% | जनवरी की रेट +25% | पजेशन की रेट +50% | POSSESSION DEC. 2025 पजेशन के बाद रेंटल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 45 L | 47.25 L | 49.50 L | 51.75 L | 54 L | 56.25 L | 67.50 L | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 50 L | 52.50 L | 55 L | 57.5 L | 60 L | 62.50 L | 75 L | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 55 L | 57.75 L | 60.5 L | 63.25 L | 66 L | 68.75 L | 82.50 L | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 60 L | 63.00 L | 66 L | 69 L | 72 L | 75 L | 90 L | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 70 L | 73.50 L | 77 L | 80.50 L | 84 L | 87.50 L | 105 L | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 100 L | 105 L | 110 L | 115 L | 120 L | 125 L | 150 L | 50,000 |

KEDIA®

1800-120-2323

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

नारी के आंसू अपने एक-एक बूंद में एक-एक बाढ़ समाए होते हैं। –जयशंकर प्रसाद

# महिला आरक्षण विधेयक–आधी हकीकत, आधा फ़साना

भारत की लोकसभा और राज्यों के विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33प्रतिशत आरक्षण का 128 वां संविधान संशोधन बिल अंततः 21 सितंबर 2023 को संसद में पारित हो गया। इसके संबंध में कई प्रकार की शंकाएं लोगों को थीं। इन सब पर विराम लगा और यह बिल लगभग सर्व सम्मति से दोनों सदनों में पारित हुआ। इस अवसर पर भारत की महिलाओं को बहुत बधाई।

यह उल्लेखनीय है कि महिला आरक्षण बिल पहले भी सरकार द्वारा संसद में लाया गया था। सबसे पहले 12 सितंबर 1996 में जब देवगौड़ा प्रधानमंत्री थे, तब 81वां संविधान संशोधन बिल लोकसभा में प्रस्तुत किया गया था किंतु इस पर आगे कोई कार्रवाई नहीं हो सकी और लोकसभा भंग होने पर यह बिल भी समाप्त हो गया। दूसरी बार इसे 9 मार्च, 2010 को यू पी ए की सरकार द्वारा 108 वें संशोधन के रूप में राज्यसभा में प्रस्तुत किया गया और वहां यह पारित भी हुआ । इसके बाद इसे लोकसभा भेजा गया जहां कुछ दलों के भारी विरोध के कारण इस पर विचार नहीं किया जा सका और सदन की कार्रवाई समाप्त होने पर यह बिल भी लोप हो गया ।

इस बार यह, न केवल दोनों सदनों द्वारा पारित किया गया अपितु इसे सभी दलों का समर्थन भी मिला। देश के दोनों प्रमुख राजनैतिक दलों में इसका श्रेय लेने की होड़ मची हुई है। कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी ने लोकसभा में इस बिल को पारित होने को उनके स्वर्गीय पति राजीव गांधी के सपनों को साकार होना बताया तो वहीं भाजपा के नेता इसे अपनी अभूतपूर्व सफलता के रूप में देश के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं । भाजपा मुख्यालय में भाजपा की महिला सांसदों और कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया जिसका प्रसारण दिन भर टीवी पर किया गया।

इस स्वागत सत्कार और श्रेय लेने के उल्लास के माहौल में किसी को यह देखने का समय नहीं है कि इस आरक्षण कानून से महिलाओं को वास्तव में कब और कितना लाभ मिल पाएगा? ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षण न करने का विरोध सभी विपक्षी दलों ने किया, किंतु उन्होंने भी बिल को पास करने में अपना समर्थन दे दिया। वैसे भी, जब ओबीसी के लिए आरक्षण लोकसभा में है ही नहीं तो उनमें महिलाओं के लिए आरक्षण की बात करना तो केवल हंगामा करने जैसा ही था। 'कोटा विदिन कोटा' की बात भी तभी हो सकती है जब किसी वर्ग के लिए पहले से आरक्षण तो हो। अनुसूचित जाति और जनजाति के वर्ग के कोटा में महिलाओं को 33प्रतिशत आरक्षण मिल ही गया है।

अब यह देखें कि यह लागू कब से होगा? इस बारे में कोई कुछ नहीं कह सकता। इस बार संविधान में संशोधन किया गया है कि महिला आरक्षण परिसीमन के पश्चात ही लागू होगा। परिसीमन तभी हो सकता है जब जनगणना हो । क्योंकि 2026 तक सीटों की संख्या पर एक तरह से रोक लगाई गई है, इसलिए इसके बाद की पहली जनगणना 2031 में ही होगी। इस जनगणना की रिपोर्ट पूरे आंकड़ों के साथ 2032 में किसी समय आने की संभावना है । तत्पश्चात सरकार द्वारा परिसीमन आयोग का गठन किया जाएगा। सामान्यतया परिसीमन में लगभग पांच साल लगने की संभावना होती है। पहले भी परिसीमन का काम 2002 में प्रारंभ हुआ और उसकी रिपोर्ट 2007 में आई। इसका अर्थ यह हुआ कि परिसीमन आयोग की रिपोर्ट सभी प्रक्रियाओं से गुजरते हुए 2037 तक प्राप्त होगी । यदि परिसीमन में किसी प्रकार की कोई अड़चन न भी आए तो महिलाओं के लिए आरक्षण, लोकसभा और विधानसभा में 2039 के चुनाव से पहले लागू होना संभव नहीं लगता है। जो आरक्षण लगभग 15-16 वर्ष बाद लागू होने की संभावना है, उस पर इतना प्रसन्न होना और समारोह आयोजित करना केवल आगामी चुनाव में राजनैतिक लाभ लेने की दृष्टि से उठाया गया कदम ही माना जाएगा। ऐसा लगता है कि सरकार ने देश की सामान्य महिला को विवेक शून्य समझ लिया है। यह विपक्षी दलों पर निर्भर है वह कितने प्रभावी तरीके से यह बात भारत की महिला मतदाताओं के समक्ष विश्लेषण के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं ।

इस बात का कोई स्पष्ट उत्तर सत्ताधारी दल की ओर से देने के लिए तैयार नहीं है कि महिलाओं के लिए आरक्षण आगामी चुनाव से ही लागू क्यों नहीं कर दिया गया? गृहमंत्री ने इसे संविधान में प्रावधानों के अनुसार संभव नहीं बताया। यहां यह उल्लेखनीय है कि पहले दो बार जो संशोधन विधेयक प्रस्तुत हुए थे उनमें आरक्षण लागू होने को, जनगणना और परिसीमन से नहीं जोड़ा गया था तो इस बार ऐसा क्यों किया गया? यदि कोई अड़चन थी भी सही, तो उसे आवश्यक संशोधन द्वारा हटाया जा सकता था। जब महिला आरक्षण हेतु संविधान में संशोधन किया ही जा रहा था, तो यह संशोधन भी किया ही जा सकता था कि इसे तत्काल लागू किया जाए। इसके बाद जब भी परिसीमन होता तो सीटों की संख्या उसी अनुसार निर्धारित हो जाती।

**अभी से इतना शोर शराबा करना और इतना प्रसन्न होना या समारोह आयोजित करना केवल राजनीति से ही प्रेरित है। महिला आरक्षण के संविधान संशोधन संसद द्वारा पारित हुआ है यह एक वास्तविकता है किंतु इसके लागू होने की तिथि के बारे में अनिश्चितता होने के कारण हम तो फिलहाल यही कह सकते हैं कि देश में महिला आरक्षण 'आधी हकीकत - आधा फसाना' जैसा है।**

परिसीमन के साथ आरक्षण को जोड़ने से एक और समस्या भविष्य में उत्पन्न होने की अत्यधिक संभावना है। सीटों के परिसीमन का मुख्य आधार जनसंख्या होती है और उत्तरी भारत के राज्यों में जनसंख्या वृद्धि, दक्षिण भारत के राज्यों की तुलना में कहीं अधिक तेज गति से हुई है। अतः यह स्पष्ट है कि आगामी परिसीमन के बाद होने वाली चुनाव में लोकसभा सीटों की संख्या, उत्तर भारत में कहीं अधिक बढ़ेगी और दक्षिण भारत में कम बढ़ेगी । इसका अर्थ यह हुआ कि उत्तर भारत के सांसदों की संख्या दक्षिण भारत के सांसदों की तुलना में कहीं अधिक हो जाएगी। यह तथ्य भाजपा के पक्ष में है क्योंकि उत्तर भारत में भाजपा को अपेक्षाकृत कहीं अधिक सीटें प्राप्त होती हैं, चाहे वह उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश या राजस्थान कोई भी हो।

इस असंतुलन के कारण यह लगता है कि परिसीमन का काम आसानी नहीं होने वाला है क्योंकि दक्षिण के विभिन्न क्षेत्रीय दलों द्वारा इसका विरोध कठोर किया जाएगा । परिसीमन आयोग भी इस दिशा में कुछ विशेष नहीं कर पाएगा। यह संभव है कि राज्यवार सीट निर्धारण भारी विवाद का प्रश्न बनकर रह जाए जिसके कारण परिसीमन आयोग की रिपोर्ट को लागू करना भी कठिन हो जाय। परिसीमन का निर्णय हुए बिना महिलाओं के लिए आरक्षण को लागू करना भी सम्भव नहीं हो पाएगा। क्यों भारतीय जनता पार्टी ने आवश्यक संशोधन करके महिला आरक्षण को आगामी चुनाव से ही लागू नहीं कर दिया, इसका एक संभावित कारण यह हो सकता है कि वर्तमान पुरुष संसद सदस्य या सम्भावित पुरुष संसद सदस्य अपना प्रभुत्व नहीं कम करना चाहते हों और वह अपना स्थान महिलाओं को देने में रुचि कम रखते हों। वास्तविकता भी समाज की यही है कि पुरुष वर्ग महिलाओं के सशक्तिकरण की बात तो करता है किंतु जब भी कभी अधिकारों को बांटने का प्रश्न होता है या स्थानांतरित करने का प्रश्न होता है, वह टालता चला जाता है।

यदि नीयत साफ हो तो आरक्षण की भी आवश्यकता नहीं होती है। इस धारणा को पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने सिद्ध किया है जहां संसद में उसके कुल सदस्यों में से 40प्रतिशत महिलाएं हैं। अब तक भी किसी दल को, महिलाओं को अधिक प्रतिनिधित्व देने से, किसी ने नहीं रोका था। यदि वास्तव में वे महिलाओं के हितैषी होते, तो बिना किसी कानून के भी अपनी ओर से चुनाव में टिकट बांटते समय 50प्रतिशत टिकट महिलाओं को दे सकते थे। ऐसा न करना उनकी दोहरी मानसिकता का ही प्रमाण है।

इस अवसर पर यह भी विचारणीय है कि क्या किसी भी वर्ग की स्थिति को सुधारने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त कदम उनके लिए आरक्षण ही है? यदि ऐसा होता तो पंचायत एवं नगर निकायों में जहां लगभग 50प्रतिशत आरक्षण 30 वर्ष से चला रहा है, वहां क्या हम कह सकते हैं कि देश के ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति में बहुत सुधार आ गया है? महिलाओं पर अत्याचार के आंकड़े तो कुछ और ही स्थिति दर्शाती है। कुछ महिला प्रतिनिधियों के चुने जाने मात्र को ही महिलाओं की स्थिति में सुधार का प्रमाण नहीं माना जा सकता। भारत में इंदिरा गांधी 15 वर्षों तक प्रधानमंत्री रहीं किन्तु इसके बाद भी महिलाओं की स्थिति में बहुत सुधार आया है, ऐसा कहना संभव नहीं है। सुधार का सबसे बड़ा माध्यम महिलाओं की शिक्षा एवं समाज की मानसिकता में परिवर्तन है । यह भी विचारणीय है कि क्या किसी वर्ग के हितों की रक्षा उसी वर्ग के व्यक्तियों द्वारा ही की जा सकती है? यह आवश्यक नहीं है कि अनुसूचित जाति, जनजाति के हितों की रक्षा केवल उनके वर्ग के अधिक अधिकारियों की नियुक्ति से ही हो पाती है। जिन राज्यों में महिला मुख्यमंत्री रहीं जैसे उत्तरप्रदेश और राजस्थान, क्या वहां हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि महिलाओं की स्थिति में बहुत बदलाव आया है? केवल किसी महिला के किसी पद पर बैठने से महिलाओं की स्थिति में सुधार आएगा, यह सोच भी बहुत सही नहीं है।

इन सब बातों के बावजूद यदि महिला आरक्षण को इसका सशक्त माध्यम माना भी जाए तो इसे तत्काल लागू नहीं करने में भी यही मानसिकता आड़े आ रही है। सरकार ने संविधान में संशोधन कर 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का निर्णय तो ले लिया है, किंतु इसे जनगणना और परिसीमन से जोड़कर, इसके लागू होने की तिथि को अनिश्चितकाल के लिए आगे बढ़ा दिया है । कोई नहीं कह सकता कि आगामी जनगणना कब होगी और परिसीमन कितने समय में कब पूरा होगा? परिसीमन के बाद ही राज्यवार सीटों की संख्या निर्धारित होगी। यदि विवाद उत्पन्न हुआ तो फिर इसके बाद परिसीमन कब पूरा होगा और कब उसके बाद महिला आरक्षण वास्तविक रूप में धरातल पर महिलाओं को प्राप्त हो सकेगा, यह सब भविष्य के गर्भ में है । अभी से इतना शोर शराबा करना और इतना प्रसन्न होना या समारोह आयोजित करना केवल राजनीति से ही प्रेरित है। महिला आरक्षण के संविधान संशोधन संसद द्वारा पारित हुआ है यह एक वास्तविकता है किंतु इसके लागू होने की तिथि के बारे में अनिश्चितता होने के कारण हम तो फिलहाल यही कह सकते हैं कि देश में महिला आरक्षण 'आधी हकीकत – आधा फसाना' जैसा है। यदि वास्तव में सभी दल महिलाओं का लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अधिक प्रतिनिधित्व चाहते, तो तृणमूल कांग्रेस की तरह सब, पर्याप्त संख्या में अपने महिला उम्मीदवार चुनाव में उतारते। तब इसी प्रकार के आरक्षण की कोई आवश्यकता ही नहीं रहती। सरकारों को समझना होगा कि केवल आरक्षण ही सब समस्याओं की रामबाण नहीं है। इस हेतु पुरुषों की मानसिकता में बदलाव बहुत बड़ी बाधा है। अर्थिक और सामाजिक रूप से महिलाओ का क्षमता वर्धन होने पर वे अपने बलबूते पर स्वयं चुनाव जीतकर आ जाएंगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# भारत को विश्व पटल की जटिलता के बीच रास्ता चुनना होगा



डॉ. रामावतार शर्मा

यदि आप पूरे विश्व में घटित होने वाले घटना चक्र पर नजर डालें तो एक बात स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आती है। दुनिया के एक हिस्से में मध्यम और निम्न वर्ग आर्थिक एवम् तकनीकी ऊंचाइयों को छूने के प्रयास में जुटा है। ये लोग हर देश हर समाज में हैं और अपने आसपास की घटनाओं से जुड़े हुए भी हो सकते हैं या फिर सिर्फ अपने उद्देश्य की पूर्ति में एक नलिकीय दृष्टि (ट्यूबलर विजन) के तहत कार्यरत हैं। ये लोग दोनों स्थितियों में राष्ट्र के लिए उपयोगी तथा सार्थक हैं हालांकि प्रथम समूह के लोग ही ज्यादा बेहतर नागरिक कहलाने के अधिकारी हैं। जागरूकता विहीन लोगों से समाज या राष्ट्र में परिवर्तन नहीं आ सकता है हालांकि वे केवल देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने में सहायक हो सकते हैं।

परंतु विश्व में एक बड़ा बहुमत झुंड के रूप में उभरता रहा है क्योंकि झुंड को विकसित करना बड़ा आसान कार्य होता है। बस धर्म या जाति को खतरे में बताओ, कुछ सपने बांटो और डर का काल्पनिक माहौल पैदा करो। इस सम्मिश्रण को बनाना इसी विधि से होता है और यह विश्व के हर क्षेत्र में तैयार होता रहा है परंतु अफगानिस्तान, सीरिया, इराक, लीबिया और सूडान में यह मिश्रण बड़े परिमाण में बना जहां देश धर्म के नाम पर चंदे की पर्ची ले कर आने वाले अब एके 47 के साथ आने लगे हैं, देश को छिन्न-भिन्न कर रहे हैं। इस तरह से जो विश्व पहले सबल तथा निर्बल में विभक्त होता रहा था वह अब डेस्क पर कार्यरत और सड़कों पर घूमते झुंड में विभक्त होता जा रहा है परंतु यह नया ध्रुवीकरण किसी भी राष्ट्र के हित में नहीं हो सकता जैसा की उपरोक्त देशों की ताजा स्थिति इंगित कर रही है।

चीन में शि जिन पिंग की अपारदर्शी, एकाधिकारवादी प्रवृत्ति और आसपास के देशों की भूमि या सागर हड़पने की मनोवृति के चलते पश्चिमी धनी देशों ने मेन्युफैक्चरिंग के लिए चाइना प्लस वन की नीति बनाई है जिसमें वे वियतनाम और भारत जैसे देशों को प्रोत्साहन देना चाहेंगे। भारत का निश्चित तौर पर विकास हुआ है परंतु इस विकास का नब्बे प्रतिशत हिस्सा चंद लोगों के पास गया है जबकि करोड़ों युवा एवम् मध्य उम्र के लोग रोजी-रोटी की उस समस्या से जूझ रहे हैं जो पकोड़े तलने या सब्जी बेचने जैसे सुझावों से हल नहीं होने वाली है।

देश में मेन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के रोजगार में तेजी से कमी आयी है और विश्व बैंक के अनुसार सिर्फ कृषि क्षेत्र में ही रोजगार का कुछ विस्तार हुआ जो कम आय का क्षेत्र है।

आज सब लोग इस बात से अनभिज्ञ बने रहना चाहते हैं कि आने वाले समय में क्या होने वाला है परंतु भूतकाल में क्या हुआ था और कैसे हुआ था उस सब के मनगढ़ंत कथन पर समय बर्बाद कर रहे हैं। वास्तविक धरती के सृजन से दूर होते लोग सामाजिक मीडिया के द्वारा फैलाए जाए दुष्प्रचार के सृजन से जुड़ते जा रहे हैं मानो हथेलियों पर सरसों की फसल खड़ी कर देंगे। आज यदि हम भारत की ही बात करें तो सामान्य से कम मानसून की बरसात हुई है, मुद्रास्फीति एवम् ब्याज दरें बढ़ी हुई हैं, विदेशी निवेश तथा वेंचर कैपिटल निवेश दोनों में गिरावट हुई है, रुपए का तेजी से अवमूल्यन हुआ है तथा प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार में कमी आई है। यह आश्चर्य की बात है कि इन महत्वपूर्ण मुद्दों से हट कर देश इस बात की बहस में व्यस्त है कि राजा मिहिर भोज की जाति क्या थी।

भूतकाल में जीना मनुष्य के मनोविज्ञान का एक कमजोर पक्ष है जो उसके बौद्धिक एवम् व्यावसायिक विकास में बड़ी बाधा भी है तथा इस मनोस्थिति से बाहर आए बिना तीव्र गति से विकसित होती इस तकनीकी आधारित दुनिया में बने रहना आसान नहीं है। मेटावर्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचैन तकनीकी, रोबोटिक्स आदि की दुनिया में राजा भोज की जाति तलाशना कितना महत्वपूर्ण है इस बारे में लोगों को अपने विवेक से ही सोचना होगा। अगले चंद दशक पूरे विश्व के देशों की दिशा चुनने वाले वर्ष होंगे जहां प्रगति के बड़े अवसर भी होंगे तो रसातल में जाने की कई खाइयों के मुंह भी खुलेंगे। भारत जैसे दोराहे पर खड़े देशों को चयन करना होगा कि वे झुण्डों के साथ जायेंगे या फिर तकनीकी आधारित, प्रकृति पोषक और संवाद से परिपूर्ण सामाजिक जीवन का रास्ता अपनाएंगे। चयन आसान नहीं होगा यह बात तो निश्चित है क्योंकि हर झुंड अब अपना अपना हिस्सा छीनने को आतुर प्रतीत हो रहा है।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

## दशमी पर बाबा रामदेव मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**■ 51 ज्योत से की महाआरती, 11 हजार लड्डुओं का लगाया भोग**

**जोधपुर, (कासं)।** लोक देवता बाबा रामदेव का पुण्य समाधि दिवस दशमी सोमवार को शहर के सभी रामदेव मंदिरों में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मसूरिया स्थित बाबा रामदेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह 51 ज्योत से महाआरती की गई। पंचामृत से अभिषेक किया गया। साथ ही 11 हजार लड्डुओं का भोग लगाया गया। आज महाप्रसादी वितरण के साथ ही मसूरिया मेला भी सम्पन्न हो गया।

दशमी पर सोमवार सुंबह से ही मसूरिया स्थित बाबा रामदेव मंदिर में जातरूओं का तांता लगा रहा। देश के विभिन्न भागों से आए जातरूओं ने बाबा रामदेव के गुरु बालीनाथ की समाधि के दर्शन किए। मसूरिया पहाड़ी स्थित बाबा रामदेव मंदिर में उनके गुरु बालीनाथ की समाधि पर सुबह 51 ज्योत से महाआरती की गई। दोपहर में महाभिषेक किया गया। समाधि स्थल पर सुबह ही पंचामृत से बाबा का अभिषेक किया गया। मसूरिया बाबा रामदेव के गुरु बालीनाथ के समाधि मंदिर का प्रबंधन करने वाले पीपा क्षित्रय समस्त न्याति सभा ट्रस्ट अध्यक्ष नरेंद्र चौहान ने बताया कि मन्दिर पर फूल मण्डली भी सजाई गई।

वहीं राइकाबाग युगलजोड़ी बाबा रामदेव मंदिर में सैनाचार्य अचलानंदगिरि के सानिध्य में पूजा अर्चना की गई। इधर भदवासिया क्षेत्र में 80 फीट रोड पर गांधीनगर स्थित बाबा रामदेव मंदिर में बाबा की दशमी पर धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। वहीं संत शिरोमणि भाऊ रामचंद्र मार्ग सरदारपुरा स्थित बाबा रामसापीर मन्दिर में चार दिवसीय भादवा मेले में सोमवार को सुबह दशम की आरती की गई। मंदिर संचालक भगवंती देवी के सान्निध्य में बाबा रामदेव, भाऊ रामचंद्र, भाऊ कन्हैयालाल का जयकार लगाकर श्रद्धालुओं ने शीश नवाया। प्रकाश, पवन फुलवानी ने बताया कि सोमवार को दशम पर संत लीला शाह सिन्धी स्वर्गाश्रम पर भाऊ रामचंद्र की समाधि पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर सत्संग प्रवचन किया गया।

## सात बार असफलता के बाद मिली सफलता

**सुजानगढ़, (निसं)।** सात बार की असफलता से निराश नहीं होते हुए लगातार मेहनत से गांव सडू छोटी के हनुमान ढाका ने लेवल-2 में गणित-विज्ञान का शिक्षक बन कर सफलता प्राप्त की है। क्षेत्र के गांव सडू छोटी निवासी हनुमान ढ ाका का राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित सामान्य अध्यापक भर्ती परीक्षा लेवल 2 में गणित-विज्ञान विषय के लिए सामान्य श्रेणी से अंतिम रूप में चयन हुआ है। ढाका ने बताया कि एलडीसी 2013 लिखित परीक्षा व टाइपिंग परीक्षा पास हुई, लेकिन अंतिम रूप से चयन नहीं हुआ। इसके बाद वरिष्ठ अध्यापक भर्ती 2016 गणित विषय से परीक्षा दी, लेकिन असफलता हाथ लगी। रीट 2018 में असफलता का मुख्य कारण ग्रेजुएशन वेटेज रहा, 113 अंक बने। इसी प्रकार वरिष्ठ अध्यापक भर्ती 2018 में प्रयास विफल रहा। स्कूल व्याख्याता भर्ती 2018 फिजिक्स से परीक्षा दी, लेकिन प्रोविजनल चयन हुआ, अंतिम रूप से चयन नहीं हुआ। रीट 2021- रद्द हो गई, जिसमें 122 अंक बने। स्कूल व्याख्याता भर्ती 2022 में भी असफलता-प्राप्त हुई।

## खेजड़ली के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**■ आहुति देने वाले शहीदों की याद में भरा मेला, रक्तदान किया**

**जोधपुर, (कासं)।** खेजड़ली शहीदी राष्ट्रीय पर्यावरण संस्थान व अखिल भारतीय बिश्नोई जीव रक्षा सभा की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला खेजड़ली शहीदी मेले का आयोजन सोमवार को खेजड़ली स्मारक परिसर में किया गया। पेड़ों की रक्षार्थ अपने प्राणों की आहुति देने वाले 363 लोगों की याद में यह मेला भरा गया। यहां पर्यावरण रक्षार्थ विष्णु हवन कुंड में आहुतियां व परिक्रमा कर अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। साथ ही खेजड़ली परिसर में नवनिर्मित जम्भेश्वर मंदिर में पर्यावरण प्रेमियों ने परिक्रमा देकर गुरु जंभेश्वर के बताए मार्ग व 29 नियमों की आचार संहिता पर चलने का संकल्प लिया।

जोधपुर शहर से करीब 28 किलोमीटर दूर खेजड़ली में अमृता देवी के नेतृत्व में विक्रम संवत् 1787 भादवा शुक्ल पक्ष की दशमी को अपने प्राणोत्सर्ग करने वाले 363 शहीदों की स्मृति में सोमवार को विश्नोई समाज के लोगों द्वारा पर्यावरण मेले का आयोजन किया गया। सुबह विष्णु हवन व 120 शब्दवाणी और वैदिक मंत्रोच्चार से पाहल (पवित्र जल) का आचमन कर पूरे दिन सैकड़ों किलोग्राम घी व खोपरा की आहुतियां दी गई। संस्थान अध्यक्ष मलखानसिंह बिश्नोई ने बताया कि मेले में देशभर से समाज के श्रद्धालुओं के साथ बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी शामिल हुए। शहीदों की स्मृति में बनाए गए शहीद स्तम्भ पर सुबह ध्वजारोहण, हवन किया गया।

इस मौके गुरु जंभेश्वर प्रदत्त 120 शब्द वाणी एवं वेत्र मंत्रों के साथ पर्यावरण संरक्षण हवन हुआ। वहीं खेजड़ली स्मारक स्थल परिसर में हर वर्ष की भांति विश्नोई टाईगर्स वन्य एवं संस्था विश्नोई टाईगर फोर्स द्वारा 363 शहीदों की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के मंच पर सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। मेले में दूर-दूर से पर्यावरणविद् सहित बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और शहीदों के स्मारक पर सामूहिक पर्यावरण यज्ञ में आहुति देकर श्रद्धांजलि दी।

# वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.पद्मजा शर्मा मीरां पुरस्कार से सम्मानित

**जोधपुर, (कासं)।** वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पद्मजा शर्मा राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर के सर्वोच्च मीरां पुरस्कार से उदयपुर में सम्मानित हुई। यह सम्मान अकादमी के सभागार में उनकी कहानी की किताब मोबाइल पिक और हॉस्टल के लिए गांधीवादी चिंतक, मुख्य अतिथि कुमार प्रशांत, जाने माने कवि, सामान्य अतिथि लीलाधर मंडलोई, अकादमी अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण तथा अकादमी सचिव डॉ. बसंत सिंह सोलंकी के हाथों प्रदान किया गया।

साहित्य अकादमी ने 24 जुलाई को पिछले तीन साल के अनेक पुरस्कारों की घोषणा की थी। इनमें 2021-22 का मीरा पुरस्कार डॉ. पद्मजा शर्मा को प्रदान किया गया। समकालीन हिंदी साहित्य की महत्वपूर्ण हस्ताक्षर कवि और गद्यकार डॉ. पद्मजा शर्मा की विविध विधाओं की अब तक 25 किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। आप पिछले चार दशक से कविता, शब्दचित्र, कहानी के साथ ही लघु कथा लेखन, डायरी, समीक्षा, साक्षात्कार, नव साक्षरों के लिए लेखन में प्रवृत्त हैं। आप बच्चों और किशोरों के लिए भी लिखती हैं। मीरा पुरस्कार जिस कहानी की किताब मोबाइल पिक और हॉस्टल के लिए मिला उसकी 90 कहानियाँ किशोरों के जीवन, उनके तनाव, उनके सपनों, उनके संघर्षों और मनोविज्ञान पर आधारित हैं। किशोरों पर बहुत कम साहित्य रचा गया है, इसलिए ये कहानियाँ ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। आपको एक दर्जन से अधिक स्तरीय साहित्यिक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं।

**इन्हें मिला पुरस्कार :-** भानु भारवि, गुलाम मोइनुद्दीन माहिर, जितेंद्र कुमार सोनी को सुधींद्र पुरस्कार, संदीप कुमार मील, रीना मेनारिया और दिनेश पांचाल को रांगेय राघव, सदाशिव क्षोत्रिय, माधव नागदा, दिनेश कुमार माली को देवराध उपाध्याय पुरस्कार, ओम नागर, उमा और डॉ. विमला भंडारी को कन्हैयालाल सहल पुरस्कार, अशोक राही, राजकुमार इंद्रेश, प्रमोद कुमार गोविल को देवीलाल सामर, पंकज वीरवाल किशोर, पूरण शर्मा और सत्यनारायण सत्य को शंभु दयाल सक्सेना पुरस्कार, माधव राठौड़, बृजेश माथुर और अश्विनी त्रिपाठी को सुमनेश जोशी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



**वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पद्मजा शर्मा राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर के सर्वोच्च मीरां पुरस्कार से उदयपुर में सम्मानित हुई।**

इस अवसर पर कुमार प्रशांत ने कहा समाज को साथ लेकर चले वही साहित्य। जैसे जड़ के बिना वृक्ष नहीं वैसे समाज के बिना साहित्य नहीं जो बोल नहीं सकता, लिख नहीं पाता अपनी बात, उन सबकी बात को समेटता है साहित्य। कार्यक्रम के सारस्वत अतिथि जाने माने कवि लीलाधर मंडलोई ने विष्णु नागर की कविता हत्यारे भी भले होते हैं सुनाते हुए कहा आज के समय को गहराई से प्रतिबिंबित करती है यह कविता। हम ऐसे समय में हैं जब सोचना होगा आपकी नैतिकता क्या है स्वधर्म क्या है। लेखक का स्वधर्म क्या है। अकादमी अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण ने कहा मुख्य अतिथि और सम्मान्य अतिथि ने वह बात कही जो इनको कहनी चाहिए थी। इस अवसर पर सम्मानित साहित्यकारों में से आर डी सैनी, गोविंद माथुर, डॉ. पद्मजा शर्मा और माधव राठौड़ ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदेश त्यागी और अमृता बाकोड़िया ने किया। अकादमी की सरस्वती सभा के सदस्य डा कालूराम परिहार सहित सैंकड़ों साहित्यकार और साहित्य प्रेमी सभागार में उपस्थित थे।

## राशिफल मंगलवार 26 सितम्बर, 2023



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, द्वादशी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, श्रवण नक्षत्र प्रातः 9:42 तक, सुकर्मा योग दिन 11:45 तक, बव करण दिन 3:23 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 8:28 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-मकर, मंगल-कन्या, बुध-सिंह, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज द्विपुष्कर योग और राजयोग दिन 9:42 से रात्रि 1:41 तक है। आज जलझूलनी एकादशी व्रत वैष्णवों की है। आज श्री वामन जयन्ती, हरिवासराभाव, विजय महाद्वादशी और श्रवण द्वादशी व्रत, भुवनेश्वरी जयन्ती है। पंचक रात्रि 8:28 से आरम्भ होंगे।


**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:19 से 10:49 तक, लाभ-अमृत 10:49 से 1:48 तक, शुभ 3:17 से 4:47 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:20, सूर्यास्त 6:16




**मेष**

घर-परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।




**वृष**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी।



**मिथुन**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।




**कर्क**

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।




**सिंह**

व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है।




**कन्या**

व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखने का प्रयास करें। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर/परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।




**तुला**

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृश्चिक**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**धनु**

व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्यों में उचित प्रगति होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।




**मकर**

व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। नवीन कारोबारी अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।



**कुंभ**

व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज अनावश्यक धन खर्च होगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मित्रों/रिश्तेदारों से संबंध खराब हो सकते हैं।



**मीन**

आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**The Panipoori Detoxed!!** Mother wants a government job for us, getting a panipuri wala married is not easy!" Voresh adds, "Ab paisa kamana hai to puchka to fodna padega na!"

**Population Bottleneck** Our ancestors may have come close to extinction 900,000 years ago

# 'याद रखिए मोदी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी'

## भारी जनसैलाब के बीच मोदी की घोषणा से स्पष्ट है कि, राजस्थान के चुनाव में पार्टी का चेहरा और कोई नहीं वे खुद हैं

जयपुर, 25 सितम्बर। खुली जीप में जनसैलाब के बीच से अभिवादन करते हुए मंच पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। जयपुर जिले के दादिया गाँव में आयोजित भाजपा की विशाल आमसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कर दिया कि, राजस्थान के चुनाव में चेहरा सिर्फ वे खुद और पार्टी का चुनाव चिन्ह कमल का फूल होगा। उन्होंने कहा, याद रखिएगा मोदी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी और हमारी पहचान और शान, सिर्फ कमल का फूल हैं। कार्यकर्ताओं को प्रयास करना होगा कि, हर बूथ पर कमल का फूल खिले, जिससे प्रदेश में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बन सके। उन्होंने कहा, जयपुर में भी सभी सीटों पर इस बार कमल खिलेगा। राजस्थान में ऐसी सरकार चाहिए जो विकास के अवसर खोले।

भाजपा की परिवर्तन संकल्प महासभा का आयोजन दादिया ग्राम पंचायत में हुआ। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास होने के बाद राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह पहली सभा थी। इसमें प्रमुख बात यह रही कि, महासभा की संपूर्ण जिम्मेदारी महिलाओं के हाथों में थी। सभा में मंच संचालन से लेकर पंडाल, पार्किंग सहित सारी व्यवस्थाओं का काम महिलाओं ने संभाला। सभा में मंच संचालन सांसद दिया कुमारी ने किया।

प्र.मंत्री की सभा के लिए तीन विशाल डोम बनाये गये थे लेकिन भीड़ इतनी ज्यादा थी कि, सभी डोम खचाखच भर गये थे। जिन्हें पंडाल में जगह नहीं मिली वो लोग बाहर की तरफ रिंग रोड के आस-पास मोदी को सुनने के लिए धूप में भी खड़े रहे। सभा में ज्यादातर जयपुर, धानक्या, झोटवाड़ा, बिन्दायका, बगरु और आस-पास के क्षेत्रों से जमा हुये थे।

सभा स्थल पर प्रदेश के अन्य नेताओं के भाषणों के दौरान भी जनता ने "मोदी मोदी" के नारों से सभास्थल को गुंजायमान कर दिया। किसी भी नेता का भाषण शुरु होने से पहले शुरु होने से पहले मोदी के नारे लग रहे थे। प्रदेश

( शेष पृष्ठ 4 पर )



*चार साल बाद प्रधानमंत्री मोदी का जयपुर आगमन हुआ। एक ही दिन में जयपुर में प्रधानमंत्री मोदी के दो कार्यक्रम एवं सभा हुईं। सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी हैलिकॉप्टर से भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मस्थलि धानक्या (जयपुर) गाँव पहुँचे। वहां उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति को माला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उसके बाद वाटिका में आयोजित जनसभा को संबोधित करने पहुँचे। संसद में महिला आरक्षण बिल पास होने की खुशी और महिलाओं के प्रति सम्मान को दर्शाते हुये मोदी के कार्यक्रमों की पूरी डोर महिलाओं के हाथों में थी। मंच संचालन सहित सभी कामकाजों की जिम्मेदारी महिलाओं ने ही पूरी की। वाटिका में ''मोदी-मोदी'' के जयकारों के बीच, प्रधानमंत्री मोदी खुली जीप में सभास्थल तक पहुँचे। मोदी के स्वागत में सड़क किनारे खड़ी व सभा स्थल पर मौजूद महिलाओं की भीड़ ने उन पर जमकर फूल बरसाये। लोग सुबह से ही प्रधानमंत्री मोदी के इंतजार में जगह-जगह सड़क किनारे आकर जमा हो गये थे।*

- दादिया गांव में आयोजित परिवर्तन संकल्प महासभा की सम्पूर्ण व्यवस्था महिलाओं के हाथ में रही। मंच संचालन, पंडाल व्यवस्था से लेकर पार्किंग तक समूची व्यवस्था भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने संभाली।
- सभा के लिए तीन विशाल डोम बनाए गए थे, पर भीड़ इतनी ज्यादा थी कि, डोम खचाखच भर गए, जिन्हें डोम में जगह नहीं मिली वे कड़ी धूप में रिंग रोड के आसपास मोदी का भाषण सुनने के लिए खड़े रहे।

# कांग्रेस नेतृत्व ने गहलोत के पर कतरे?

## कार्यकर्ता सम्मेलन के पोस्टर में गहलोत की छोटी सी तस्वीर के बड़े गंभीर मायने हैं

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 सितम्बर। अशोक गहलोत जिन्हें "लार्जर दैन लाइफ" दिखना अच्छा लगता है और जो सभी पोस्टर्स व होर्डिंग्स में छाए हुए रहते हैं, उनके कांग्रेस नेतृत्व ने पर कतर दिए हैं।

उच्च स्तरीय सूत्रों ने कहा कि राहुल गांधी ने के.सी. वेणुगोपाल के जरिए मुख्यमंत्री गहलोत को कह दिया था कि कार्यकर्ता सम्मेलन में किसी भी नेता को प्रोजैक्ट नहीं किया जाएगा और सभी को एक समान स्तर पर रखा जाएगा, पृष्ठभूमि में सिर्फ केन्द्रीय नेतृत्व को तवज्जो दी जाएगी।

जैसा कि तस्वीर से स्पष्ट है कि कार्यकर्ता सम्मेलन के पोस्टर में राहुल गांधी व मल्लिकार्जुन खड़गे की बड़ी ही तस्वीरें हैं तथा और अशोक गहलोत को अन्य नेताओं के समान दर्जा मिला

( शेष पृष्ठ 4 पर )

- राहुल ने साफ कह दिया था कि, कार्यकर्ता सम्मेलन के पोस्टर्स में प्रदेश के नेताओं की एक जैसी तस्वीर होगी, सिर्फ केन्द्रीय नेतृत्व की ही बड़ी तस्वीर होगी।
- यह भी सामने आ चुका है कि, वक्ताओं में पायलट का नाम नहीं देखकर राहुल गांधी काफी नाराज़ हुए, उन्होंने के.सी. वेणुगोपाल से कह कर पायलट का नाम जुड़वाया।
- राहुल की नाराज़गी इतनी ज्यादा थी कि, उन्होंने प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर रंधावा से इस बारे में जवाब-तलब किया।
- राजस्थान में यह सर्वविदित है कि, रंधावा अपनी मर्जी से कुछ नहीं करते हैं, वे वही करते और कहते हैं, जिसके लिए उनके मालिक, यानि गहलोत उन्हें कहते हैं।

# रॉ की खूफिया जानकारियां लीक करने वाले मेजर जनरल की याचिका खारिज

नई दिल्ली, 25 सितंबर (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) वी.के. सिंह की ओर से सुरक्षा एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) की कई 'गोपनीय' जानकारियां प्रकाशित करने के आरोप में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) की ओर से उन पर दर्ज मुकदमा और इससे संबंधित आरोप पत्र रद्द करने की याचिका सोमवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) सिंह की ओर से दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें 2007 में उनके खिलाफ करवाई रद्द करने की गुहार लगाई गई थी।

उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए विशेष अनुमति याचिका के जरिए सिर्फ अदालत का दरवाजा खटखटा आया था। शीर्ष अदालत की पीठ ने हालांकि, इस मामले में याचिकाकर्ता को निचली अदालत में जाने की अनुमति दी।

आरोप है कि सिंह ने अपनी पुस्तक 'इंडियाज एक्सटर्नल इंटेलिजेंस-सीक्रेट्स ऑफ रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ)' की अनेक गोपनीय जानकारियां प्रकाशित कर सार्वजनिक की थीं। शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता ने

( शेष पृष्ठ 4 पर )

- सुप्रीम कोर्ट में 2007 से इस मामले की सुनवाई चल रही थी। मेजर जनरल ने याचिका में उनके खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई रोकने की मांग की थी
- आरोप है कि मेजर जनरल वी.के. सिंह ने अपनी पुस्तक ''इंडियाज एक्सटर्नल इंटेलिजेंस- सीक्रेट्स ऑफ रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ)''में ''रॉ'' की अनेक गोपनीय जानकारियां प्रकाशित कर उन्हें सार्वजनिक किया था।
- याचिकाकर्ता जनरल सिंह ने अपनी याचिका में दलील दी थी कि, उन्होंने किताब के जरिये दो प्रमुख मुद्दों को उजागर करने का प्रयास किया था, देश की बाहरी खुफिया एजेंसी रॉ में जवाबदेही की कमी और भ्रष्टाचार।

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज्म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की पूर्व राज परिवार की याचिका

जयपुर, 25 सितंबर। राज्य सरकार की ओर से टाउन हॉल की जगह पर बनाए जा रहे म्यूजियम निर्माण को चुनौती देने के मामले में पूर्व राजपरिवार सदस्यों को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिल पाई। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस मामले में पूर्व राजपरिवार के सदस्यों की उस एसएलपी को खारिज कर दिया, जिसमें टाउन हॉल की जगह बन रहे म्यूजियम के निर्माण पर रोक लगाने का आग्रह किया था।

वहीं सुप्रीम कोर्ट ने मामले में हाईकोर्ट की जयपुर पीठ के आदेश में भी दखल देने से मना कर दिया। विशेष अनुमति याचिका पूर्व राज परिवार सदस्यों ने हाईकोर्ट के 15 सितंबर के

( शेष पृष्ठ 4 पर )

- जयपुर के पूर्व राज परिवार ने टाउन हॉल की जगह म्यूज़ियम बनाने के सरकार के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की थी।

# बिधूड़ी की साम्प्रदायिक टिप्पणी की गंभीरता कम करने में जुटे भाजपा के टीम मैनेजर

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 सितम्बर। संसद के विशेष सत्र के दौरान लोकसभा में, भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा सांसद दानिश अली के प्रति अभद्र शब्दों का प्रयोग किया जाना तथा इसी साल अगस्त में उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर में शिक्षिका के निर्देश पर एक सात वर्षीय मुस्लिम बालक को उसके सहपाठियों द्वारा बारम्बार थप्पड़ लगाये जाना समाज में बढ़ते जा रहे द्वेष के स्पष्ट प्रतीक हैं।

ये दो घटनाएं- एक, संसद के विशेष सत्र के दौरान संसद के नये भवन लोकतंत्र की सर्वोच्च फोरम के अंदर और दूसरी, केन्द्रीय राजधानी के निकटस्थ नगर में- देश के सामाजिक-राजनैतिक ताने-बाने में आये गहरे विभाजन को दर्शाती हैं। ये घटनाएं यह भी दर्शा रही है कि इस प्रकार की घटनाओं को व्यवस्थापिका एवं न्यायपालिका किस तरह देख रही है तथा इसके प्रति क्या रुख अपना रही है।

देश के सर्वोच्च न्यायालय ने आज कहा कि एक बालक का थप्पड़ लगाये जाने की घटना, अगर सच है तो यह सरकार की चेतना के लिये एक बहुत बड़े आघात स्वरूप होनी चाहिये तथा इस घटना की घटिया एवं रद्दी जाँच को लेकर प्रशासन की खिंचाई की। बिधूड़ी के मामले में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से की गई किसी किस्म की स्पष्ट भर्त्सना कहीं दूर-दूर तक दिखाई नहीं दी। यही नहीं, सत्तारूढ़ दल द्वारा इस मुद्दे के बारे में भ्रम पैदा करने के संगठित प्रयास करती दिखाई दे रही है तथा दानिश अली पर जवाबी दोषारोपण किया जा रहा है तथा साम्प्रदायिक अपशब्द प्रयोग करने के लिए भाजपा सांसद को उकसाने के लिये दानिश अली को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

यह कहते हुये कि अगर ये आरोप सच्चे हैं, तो इससे सरकार के अन्त:करण पर आघात लगना चाहिये, सर्वोच्च न्यायालय ने आज आदेश दिया कि इस केस, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में शिक्षक के निर्देश पर एक सात साल के बालक को उसके सहपाठियों ने कई बार थप्पड़ लगाने की जाँच की मॉनिटरिंग के लिये कोई वरिष्ठ आई.पी.एस. अधिकारी को नियुक्त किया जाये।

दो भाजपा सांसदों- निशिकांत दुबे तथा रविकिशन ने लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को पत्र लिखकर बसपा सांसद दानिश अली के "घृणित

( शेष पृष्ठ 4 पर )

- सांसद निशिकांत दुबे और रविकिशन ने स्पीकर को चिट्ठी लिखकर कहा कि, दानिश अली ने टोकाटाकी कर बिधूड़ी को अपशब्द बोलने के लिए उकसाया था।
- यही नहीं, रविकिशन ने तो 9 माह पहले की गई दानिश अली की टोकाटाकी पर स्पीकर ओम बिड़ला के समक्ष शिकायत दर्ज करवाई।
- इसी तरह से मुज़फ्फर नगर में एक शिक्षिका द्वारा क्लास के बच्चों से मुस्लिम बच्चे को थप्पड़ लगवाने के मामले को भी हल्का करने की कोशिश की गई।
- पुलिस ने एफ.आई.आर. में बच्चे के पिता की शिकायतों को शामिल नहीं किया, इस बात पर सुप्रीम कोर्ट ने भी नाराज़गी जताई।
- यू.पी. सरकार तो बार-बार कह रही है कि, मुस्लिम बच्चे की पिटाई के मामले को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है।
- ये दो घटनाएं बताती हैं कि, समाज में उच्च स्तर से लेकर निचले स्तर तक साम्प्रदायिक विद्वेष बढ़ रहा है, जो बेहद चिंताजनक मसला है।

# गौतम लाहिड़ी बने पी.सी.आई. के नए अध्यक्ष

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 सितम्बर। सेवानिवृत्त बंगाली पत्रकार गौतम लाहिड़ी प्रैस क्लब ऑफ इण्डिया (पी.सी.आई.) के अध्यक्ष चुन लिये गये हैं। उन्हें 861 वोट तथा निकटतम प्रतिद्वंदी प्रशांत टंडन को 277 वोट मिले। नीरज ठाकुर जिन्हें 812 वोट मिले, पी.सी.आई. के सेक्रेटरी-जनरल निर्वाचित हुये। उन्होंने प्रदीप श्रीवास्तव, जिन्हें 283 वोट हासिल हुये, को पराजित किया है।

एन.डी.टी.वी. के मनोरंजन भारती उपाध्यक्ष तथा "द वायर" के महताब आलम संयुक्त सचिव चुने गये, जबकि "न्यूज़ नैशन" के मोहित दुबे कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुये हैं। ये चुनाव शनिवार को

( शेष पृष्ठ 4 पर )

- प्रैस क्लब ऑफ इंडिया के चुनावों में गौतम ने 861 वोट हासिल कर जीत प्राप्त की।

# अमेरिका में चुनाव पूर्व सर्वे में बाइडन को बड़ा झटका, ट्रम्प को मिली भारी बढ़त

## एक नवीनतम सर्वे में 52 प्रतिशत लोगों ने ट्रम्प को अपनी पहली पसंद बताया, वहीं मात्र 42 प्रतिशत ने बाइडन के पक्ष में राय दी

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 सितम्बर। अपने 2024 के चुनाव प्रचार के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के लिए सब कुछ ठीक नहीं चल रहा। हाल के एक चुनाव सर्वेक्षण से पता चला है कि बाइडन पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से काफी पीछे हैं।

वॉशिंगटन पोस्ट-ए.बी.सी. न्यूज़ के नवीनतम चुनावी सर्वेक्षण में सामने आया है कि बाइडन ट्रंप से 10 प्रतिशत पॉइंट पिछड़ गए हैं और उनके वोट 42 प्रतिशत है जबकि ट्रंप के 52 प्रतिशत।

यह चुनावी सर्वेक्षण 15 से 20 सितम्बर के बीच हुआ जिसे फोन पर 1006 वयस्कों के बीच किया गया। इससे वाइट हाउस में बाइडन का दूसरा कार्यकाल संदेहास्पद हो गया है।

वॉशिंगटन पोस्ट के अनुसार यह नवीनतम सर्वेक्षण अलग है जो हाल के अन्य सर्वेक्षणों से मेल नहीं खाता, लेकिन अमेरिका की अर्थव्यवस्था और प्रव्रजन के मुद्दे पर अमेरिकी मतदाताओं में असंतोष बढ़ रहा है।

इसी सर्वेक्षण से पता चला कि इसमें शामिल लोगों में से बहुमत, यानि 56 प्रतिशत ने बतौर राष्ट्रपति बाइडन के कामकाज को खारिज। और केवल 37 प्रतिशत ने उनका समर्थन किया।

कुल 64 प्रतिशत अमेरिकियों ने कहा कि वे अर्थव्यवस्था चलाने के बाइडन के तौर तरीकों को सही नहीं मानते, जबकि 62 प्रतिशत उनके अमेरिका-मैक्सिको सीमा पर आव्रजन समस्या को संभालने के तरीके से नाखुश है।

इस नए सर्वेक्षण के आने के बाद ट्रंप की टीम खुशियां मना रही है क्योंकि मई में 6 पॉइन्ट (49 प्रतिशत - 43 प्रतिशत) आगे रहने के बाद अब वे बाइडन से 10 पॉइन्ट आगे हैं।

हालांकि ट्रंप का 2024 के चुनाव का अभियान उनके खिलाफ चल रहे चार मुकदमों से प्रभावित हुआ है, लेकिन वे अब भी राष्ट्रपति की दौड़ में सबसे आगे हैं।

चुनावी सर्वेक्षण फाइव यर्टी एट के अनुसार 23 सितम्बर तक ट्रंप के पास 55.2 प्रतिशत रिपब्लिकन वोट थे।

वॉशिंगटन पोस्ट-ए.बी.सी. न्यूज़ के अनुसार पांच में से तीन डैमोक्रेट या डैमोक्रेट समर्थक निर्दलीय 2024 में बाइडन के अलावा कोई उम्मीदवार चाहते हैं लेकिन फिलहाल तो मुकाबला उनके और डॉनल्ड ट्रंप के बीच ही लग रहा है।

इस वर्ष के पूर्वार्द्ध में अपना अभियान आरंभ करने वाले बाइडन ने अमेरिकी गणतंत्र की रक्षा और सामाजिक सुरक्षा तथा गर्भपात जैसे मुद्दों पर डैमाक्रेटिक वोटरों को पुनरुत्साहित करने का प्रयास किया। लेकिन गैस की ऊंची कीमतें और मुद्रास्फीति, विद्यार्थी ऋण बकाया का भुगतान और अब युनाइटेड ऑटो के कार्मिकों की हड़ताल जैसी आर्थिक समस्याएं राष्ट्रपति के लिए बहुत बड़ी चुनौती बनकर खड़ी हो गई है जब वे अपना समर्थन और आधार बढ़ाने के प्रयास में है।

- वॉशिंगटन पोस्ट-ए.बी.सी. सर्वेक्षण में शामिल लोगों में से 64 प्रतिशत ने बाइडन की सरकार की अर्थव्यवस्था और 62 प्रतिशत ने इमिग्रेशन पॉलिसी पर नाराज़गी जताई।
- यह सर्वे इस बात की पुष्टि करता है कि, अर्थव्यवस्था की दशा को लेकर आम लोगों में बाइडन के प्रति असंतोष बढ़ रहा है।
- रोचक बात यह है कि, इस बार ट्रम्प पर चार दोषारोपण हुए, फिर भी उनकी लोकप्रियता बढ़ रही है।
- सर्वे में यह भी सामने आया है कि, कई डैमोक्रैट्स 2024 में बाइडन की जगह अन्य को राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाने की मंशा रखते हैं।

# रोजगार मेला में 51,000 को नियुक्ति देंगे प्र.मंत्री

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 सितम्बर। मंगलवार को आयोजित एक और "रोजगार मेले" में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकारी विभागों एवं प्रतिष्ठानों के विभिन्न पदों के लिये 51,000 नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।

नवनियुक्त युवा ऑनलाइन मॉड्यूल "कर्मययोगी प्रारंभ" के माध्यम से स्वयं को प्रशिक्षित भी करेंगे। रोजगार मेला प्रधानमंत्री के उस वचन को पूरा करने की दिशा में उठाये जाना वाला एक कदम है, जिस वचन के अंतर्गत, रोजगार-सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी है।

( शेष पृष्ठ 4 पर )

- रोजगार मेला देश भर में 46 जगहों पर होगा तथा केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों में नौकरियाँ दी जाएंगी।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम ऐतिहासिक निर्णय, इसे ऐतिहासिक व्यक्ति ही पूरा कर सकता था : जोशी

## परिवर्तन यात्रा के अश्वमेघ यज्ञ के अश्व समान रथों की 200 विधानसभा की विजय यात्रा जयपुर में पूर्ण : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजधानी जयपुर के दादिया गांव में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साफा पहनाकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने स्वागत किया। इससे पहले प्रधानमंत्री के साथ रथ में सवार होकर जनता का अभिवादन किया। इस दौरान भाजपा की महिला नेत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंटकर ''नारी शक्ति वंदन'' अधिनियम के लिए आभार जताया।

परिवर्तन संकल्प महासभा के स्वागत भाषण को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने कहा कि ऐतिहासिक निर्णय सदैव ऐतिहासिक व्यक्ति ही ले सकता है, ऐसे ऐतिहासिक व्यक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वीरों की धरती राजस्थान में स्वागत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई संसद का शिलान्यास किया और लोकार्पण भी किया। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर नव संसद में प्रवेश के साथ पहला बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर उसे दोनों सदनों में पारित करवा ऐतिहासिक कार्य किया है। इस कार्य के लिए देश की आधी आबादी यानी मातृशक्ति प्रधानमंत्री का अभिनंदन करती है। केंद्र सरकार ने उज्जवला योजना में गैस कनेक्शन देकर, जन धन में खाते खुलवा कर, सीआईएसएफ में महिलाओं की भागेदारी करवा कर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, फ्री सिलाई मशीन जैसी योजनाओं से मातृशक्ति का मान बढ़ाया है।

जोशी ने कहा कि चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर लैंडिंग विश्व का कोई देश नहीं कर पाया, यह असंभव कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कर दिखाया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को जी-20 की अध्यक्षता करने का सम्मान मिला। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा का समारोह कार्यक्रम है। परिवर्तन यात्रा के यह अश्वमेध यज्ञ के अश्व समान रथ 200 विधानसभाओं की विजय यात्रा करके जयपुर की धरा पर आए हैं। प्रदेश कांग्रेस सरकार मिशन 2030 के लिए जनता से सुझाव मांग रही है, जनता का सुझाव है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आप घर बैठ जाइए। राजस्थान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में दे दीजिए। प्रदेश अग्रिम राज्यों की श्रेणी में पहुंच जाएगा। यहां के युवा, किसान, महिला के चेहरे पर मुस्कान होगी और चहुं ओर विकास होगा।



जयपुर की दादिया ग्राम पंचायत में सोमवार को भाजपा की परिवर्तन संकल्प महासभा में आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत सत्कार सांसद दीया कुमारी, महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, जिला प्रमुख रमा देवी चौपड़ा व अन्य महिला नेत्रियों ने किया। दरअसल नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास होने के बाद राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली सभा हुई थी, इस पर तमाम महिला नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार जताया। फोटो-राष्ट्रदूत

- पेपर लीक से युवाओं का भविष्य तबाह, गार्गी व मैत्रेयी की धरती पर ''नारी शक्ति वंदन'' बिल वरदान : पूनिया
- पहले हम कहते थे चंदा मामा दूर के...अब कहेंगे चंदा मामा ट्यूर के, चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग से उत्साहित देश : राजेन्द्र राठौड़
- नकारा-निकम्मी गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकने तक न रुकेंगे, न थमेंगे, न थकेंगे, न झुकेंगे : गजेन्द्र सिंह

जोशी ने कहा कि जो सनातन का विरोध करते हैं, उनको दिसंबर में वोट की पेटी में दफन करके हमेशा के लिए घर बैठा दें। परिवर्तन रथ यात्रा में 20 दिन अपना घर, खाना पीना, सुख चैन छोड़कर दिन रात परिश्रम करने वाले भाजपा परिवार के नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का अपना समय का दान देने के लिए आभार प्रकट करता हूं।

उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान का नौजवान सबसे ज्यादा रीट पेपर लीक से पीड़ित है। प्रधानमंत्री मोदी ने सदियों के मिथक को तोड़ते हुए गार्गी और मैत्रेयी की इस धरती पर नारी शक्ति वंदन बिल पारित कराकर ऐतिहासिक कार्य किया है। राजस्थान में स्वर्गीय भैरासिंह शेखावत ने सबसे पहले पंचायतराज में महिलाओं को आरक्षण देने का काम किया था। आज प्रदेश के किसानों की बदहाली किसी से छिपी नहीं है। कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी कहते हैं कि हम छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश में जीतकर आ रहे हैं और राजस्थान में मुकाबला करीब का है। मैं उन्हे बताना चाहूंगा कि आपको राजस्थान का किसान ढूंढ रहा है। दस दिन में कर्जमाफी का वादा करने के बाद इस सरकार ने कभी किसानों की सुध नहीं ली। जिसके चलते किसानों की जमीनें नीलाम हुई और किसान आत्महत्या करने को मजबूर हुआ।

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि आज की ये सभा अनूठी सभा है। धर्म और संस्कृति के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज तेजादशमी है, रामदेव जयंती है और एकात्म मानववाद के संदेशवाहक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती भी है। हमारे देश ने इन 9 वर्षों में देश की तकदीर और तस्वीर को बदलते देखा है, आज हमारे ऊपर वर्षों हुकुमत करने वाले देश ब्रिटेन को पछाड़कर भारत पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। पहले हम कहा करते थे कि चंदा मामा दूर के, लेकिन अब हम कहते हैं चंदा मामा ट्यूर के। राजेन्द्र राठौड़ ने कहा प्रदेश में चारों दिशाओं से परिवर्तन संकल्प यात्रा के रूप में जो अश्वमेघ रथ रवाना हुआ था, उस यात्रा का आज समापन प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। हमारी इस यात्रा को जनता ने अपार समर्थन दिया और रात के एक-एक बजे तक जनता हमारी इस यात्रा का स्वागत करने को डटी रही। जनता ने इस महिला, दलित, आदिवासी, किसान, युवा और जन विरोधी सरकार को उखाड़ने का मन बना लिया है।

परिवर्तन संकल्प महासभा में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार पर जोरदार हमला बोला। शेखावत ने कहा कि यह अब सरकार नहीं, मात्र सर्कस जैसी रह गई है और यह सर्कस वाली पार्टी आज देश के सनातन धर्म पर प्रहार करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की किसान, महिला, गरीब, युवा, ओबीसी, दलित, जनजाति के विरोध में काम करने वाली और भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें। जब तक हम इस नकारा और निकम्मी सरकार को उखाड़ कर नहीं फेंक दें, तब तक न रुकेंगे, न थमेंगे, न थकेंगे, न झुकेंगे। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि यह एक बार फिर झूठे वादों का पुराना हथकंडा अपनाने के लिए तैयार हुए हैं। इसलिए हम सबको जागरूक होने की आवश्यकता है। गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक इस संदेश को पहुंचाने की आवश्यकता है कि इस भ्रष्ट सरकार को राजस्थान से विदा कर दें। उन्होंने कहा कि जिस तरह के हालात हैं, कभी कोई विधायक सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ रहा है, कभी कोई मंत्री सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ रहा है । यह अब सरकार नहीं, मात्र सर्कस जैसी रह गई है। परिवर्तन संकल्प महासभा के दौरान मंच पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, राष्ट्रीय प्रवक्ता एंव सासंद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सांसद बाबा बालक नाथ, रंजीता कोली, सुखबीर जौनपुरिया, जसकौर मीणा, रामचरण बोहरा, भागीरथ चौधरी, पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा, सुमेधानंद सरस्वती, कनकमल कटारा, राजेंद्र गहलोत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, अशोक परनामी, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार अजय पाल सिंह, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, महापौर सौम्या गुर्जर, जिला अध्यक्ष राघव शर्मा, राजेश गुर्जर, श्याम शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कोठारी मौजूद रहे।

# प्रो. अल्पना कटेजा राजस्थान यूनिवर्सिटी की कुलपति बनी

## सीकर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी विवि. में प्रो. अनिल कुमार राय कुलपति बने



प्रो. अल्पना कटेजा

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर और पंडित दीनदयाल विश्वविद्यालय सीकर में कुलपति पद पर नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं।

मिश्र ने विश्वविद्यालयों की कुलपति खोजबीन समिति की सिफारिश पर राज्य सरकार के परामर्श से यह नियुक्तियां की हैं। मिश्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय, वर्धा के मानविकी और समाजशास्त्र विभाग के अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी विश्वविद्यालय, सीकर का और राजस्थान विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग की प्रो. अल्पना कटेजा को राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर नियुक्त किया है। मिश्र ने इनकी नियुक्ति कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की है।

गौरतलब है कि दोनों यूनिवर्सिटी के कुलपतियों के पद खाली थे। दोनों में कुलपतियों के पदों का एडीशनल चार्ज दिया हुआ था। अब दोनों यूनिवर्सिटी को फुल टाइम कुलपति मिल गए हैं। राजस्थान यूनिवर्सिटी में 77 साल बाद किसी महिला को कुलपति के पद पर नियुक्त किया गया है। प्रो. कटेजा महारानी कॉलेज की प्रिंसीपल रह चुकी है। उनेके दर्जनों रिसर्च पेपर प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने राजस्थान पर तीन किताबें लिखी हैं। प्रो. कटेजा की किताबों में मैटरनल हेल्थ इन राजस्थान, इंफेंट मोर्टलिटी इन राजस्थान और रीजनल इन इक्वेलिटी इन इकनॉमिक डवलपमेंट शामिल है।

# फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट की सीएसटी ने कानोता इलाके में कार्रवाई कर फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले वांछित बदमाश सौरभ जोशी निवासी गुरु तेग बहादुर नगर, गोनेर मार्ग, लुनियावास को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने गत 9 अप्रेल को डेयरी प्रतापनगर कॉलोनी आगरा रोड पर फायरिंग की थी।


राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-10034 दिनांक-22.09.2023
**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर सांगानेर योजना में आवास संख्या 263/207 (EWS), (एरिया 48.895 वर्गमीटर) प्रताप नगर सांगानेर का आवंटन श्री बोदू राम भील पुत्र श्री राम देव भील को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 6586 दिनांक 30.10.2003 को जारी किया गया। श्री खूबीराम महावर पुत्र श्री पून्याराम महावर के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र कमांक 1025/1645 दिनांक 28.05.2013 के द्वारा किया गया। श्री खूबीराम महावर के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 26.06.2013 को उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री खूबी राम महावर की मृत्यु दिनांक 30.08.2016 को हो जाने के कारण हकत्याग पत्र के आधार पर इनके पुत्र श्री रामभरोसी महावर पुत्र स्व. श्री खूबीराम महावर द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री रामभरोसी महावर पुत्र स्व. श्री खूबीराम महावर का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

**आम सूचना** हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डिग्गी तहसील मालपुरा ने 24.12.2004 को संजू खान पुत्र गुलाब खां मुसलमान के पक्ष में पट्टा जारी किया था। उक्त मूल पट्टा पट्टाधारक के पास खो गया है। उक्त पट्टाधारक ने के प्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड में ऋण हेतू आवेदन किया है। उक्त मूल पट्टे के आधार पर कोई भी व्यक्ति ऋण लेने सम्बन्धि कार्यवाही नहीं करें। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को 7 दिवस में आपत्ती दर्ज करावें, इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
सुरेन्द्र शर्मा, एडवोकेट, चेम्बर नम्बर 6, न्यायालय परिसर, दूदू, जिला दूदू-मो.नं. 9414297482

**खोया पाया**

मेरे मकान 2/142, मालवीय नगर जयपुर के मूल दस्तावेज आवंटन पत्र, डिक्लेशन, कार्यालय आदेश, डिमाण्ड लैटर मालवीय नगर, जयपुर में कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करें- जितेन्द्र पुत्र जगदीश गोलानी- 8824263667

भूखंड संख्या 29 पार्वती नगर विस्तार (भांकरोटा गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड) के सोसायटी द्वारा जारी साट प्लान कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें। रूपा शर्मा-998911886

इन्द्रा गृह निर्माण सहकारी समिति को योजना कुशल नगर के प्लाट नं. 216 के सोसाइटी के साइट प्लान व रसीद खो गई है सूचित करें-तरूणा लाखियानी- मो.9414326476

प्लाट नं. 47, कंचन इंडस्ट्रियल पार्क, गाँव लालासर, किशनगढ, रेनवाल जयपुर की मूल रजिस्ट्री कहीं गिर गई है मिलने पर सूचित करें महेश अग्रवाल 9784517560


# बारिश के मौसम में टूटी सड़कें और गड्ढ़े दे रहे हादसों को न्यौता

## झोटवाड़ा सर्किल, चौमूं पुलिया सर्किल और निवारू रोड पर हालात खराब



झोटवाड़ा थाने के सामने से निवारू रोड की तरफ जाने वाले मार्ग पर सोमवार सुबह हल्की सी बारिश में पानी भर गया।

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर में सोमवार अलसुबह झमाझम बारिश हुई। बारिश से जहां शहर का मौसम खुशनुमा बन गया, वहीं गर्मी व उमस से भी हल्की राहत मिली है। राजधानी जयपुर के अधिकांश इलाकों में क्षतिग्रस्त सड़कें और उनमें बने गड्ढ़ें बारिश के इस मौसम में हादसों का कारण बन रहे हैं। सबसे ज्यादा भयावह स्थिति झोटवाड़ा क्षेत्र में है। झोटवाड़ा थाने के सामने से निवारू रोड की तरफ जाने वाले मार्ग पर सोमवार सुबह हल्की सी बारिश में पानी भर गया। यही हाल झोटवाड़ा सर्किल और चौमूं पुलिया सर्किल पर भी है। यहां सड़क इतनी क्षतिग्रस्त है कि रोजाना दुपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं। झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड के निर्माण के चलते यहां हालात ज्यादा खराब हैं। अलसुबह से लेकर देर शाम तक सड़क पर ट्रेफिक जाम और टूटी सड़क का दर्द स्थानीय रहवासी झेल रहे हैं।

## जैसलमेर व बाड़मेर के कुछ हिस्सों से मानसून की विदाई

**जयपुर।** राज्य के जैसलमेर व बाड़मेर जिलों के कुछ हिस्सों से सोमवार मानसून की विदाई हो गई है। वहीं इससे पहले दक्षिण पश्चिम राजस्थान से औसत मानसून की विदाई 17 सितंबर से शुरू हो चुकी है मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार राज्य के शेष भागों बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर व कोटा संभाग के कुछ भागों में सोमवार को भी मेघगर्जन के साथ बारिश हुई है। मंगलवार को भी बीकानेर संभाग जयपुर, अजमेर, कोटा व उदयपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ हल्के से मध्यम बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। 27 सितंबर से अगले तीन-चार दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में बारिश की गतिविधियों में कमी होने की संभावना है। इधर राजधानी जयपुर में भी सोमवार को कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई है। इससे उमस का असर बढ़ गया।

# 'हार से डरकर महिला वोटों के लिए नौटंकी रची गई'

## महिला आरक्षण 10 साल बाद लागू करना था तो 2014 में ही इसे पास कराते : अल्का लाम्बा

**जयपुर।** कांग्रेस नेत्री अल्का लांबा ने कहा कि महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा-संघ की नीयत में सदैव खोट रहा है। महिला आरक्षण यदि 10 साल बाद लागू करना था तो 2014 में ही इसे पास कराते तो अब तक लागू हो जाता। ये साफ संकेत है कि 2024 की हार से डर कर महिला वोटों के लिए नौटंकी रची गई है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए लांबा ने कहा कि महिला आरक्षण बिल पास हो गया। यह समझना आवश्यक है कि सरकार की माने तो भी 2029 से पहले महिला आरक्षण संभव नहीं है। आर्टिकल 82 और आर्टिकल 81 (3) से इस बिल को लिंक किया गया है। इसके तहत 2026 में परिसीमन होगा। उसके बाद जनगणना पर इसका दारोमदार रहेगा। सरकार यह खुद स्वीकार कर रही है कि 2029 से पहले यह लागू नहीं होगा। देश की आधी आबादी अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। केंद्र सरकार को तत्काल 2011 की जातिगत जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ओबीसी को

- अल्का लांबा बोली ''राहुल गांधी का बयान दिखाता है कि आप ओवर-कॉन्फिडेंस में आकर घर मत बैठ जाना''

शामिल करते हुए महिला आरक्षण बिल लागू करना चाहिए इधर राहुल गांधी की ओर से राजस्थान में टक्कर बताने के बयान पर अलका लांबा ने कहा कि एक नेता का अपने कार्यकर्ताओं से यह कहना कि आप टक्कर में हो, यह दिखाता है कि आप ओवर- कॉन्फिडेंस में आकर घर मत बैठ जाना कि सरकार तो बन ही रही है। हम राजस्थान में इस बार इतिहास रचेंगे। राजस्थान में पांच-पांच साल में सरकार बदलने का रिकॉर्ड रहा है। इस बार सरकार बनाकर इतिहास रचेंगे। अलका लांबा ने कहा कि कई बार नेता जानबूझकर टक्कर की बात कहते हैं। ताकि कार्यकर्ता का पैर जमीन पर पड़ा रहे और वह काम में जुटा रहे ।


**सूचना** मैं अब्दुल गफुर जाति मुसलमान आयु 60 साल निवासी 112/3 डेम नम्बर 1 बन्धा बस्ती नाहरी का नाका शास्त्रीनगर जयपुर आज दिनांक 25.09.2023 को ये घोषणा करता हूँ कि मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का मेरे पुत्र वसीम अकरम व उसकी पत्नी खुशबु से कोई भी किसी भी तरह का कोई वास्ता नहीं है मैं। आज से तमाम जिम्मेदारीयों एवं अपनी तामाम सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ आज से कोई उनसे किसी तरह का लेनदेन करेगा तो मेरी जिम्मेदारी नहीं रहेगी।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना गिरवन सिंह (Girver Singh) से बदलकर गिरवर सिंह शेखावत (Girwar Singh Shekhawat) पुत्र श्री भीम सिंह रख लिया है भविष्य में इसी नाम से जाना जावें। पता-298, ए के गोपालन नगर, खातीपुरा, जयपुर-302012

मैंने अपने पति JC820438Y सुबेदार एवं ऑनरी लेफ्टिनेंट हनुमान राम चौधरी निवासी 136 मुंडेलों की ढाणी, खारी, सिराणा, सायला, जालोर (राजस्थान)-343022 के सेवा रिकॉर्ड में अपना नाम सुधारने के लिए अपना नाम संतू से संतू चौधरी कर लिया है।

I have Changed my Name from Jitendar Pal Soni to Jitendra Soni. In Future I will be known with my New Name Jitendra Soni S/o Sumer Mal Soni. Res: H.No. 36, Bharti Colony, Shivaji Nagar, Brahmpuri, Jaipur (Raj.)

**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20

ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना

उक्त के सन्दर्भ में विभिन्न गाड़ियों के एसएलआर/वीपीयू लीजिंग एवं स्टेशन पर एम.पी.एस. (MPS) के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलॉग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किए जा चुके हैं। **1. कार्य का नाम:** (1) जोधपुर मंडल से संचालित गाड़ियों के वीपीयू एवं एसएलआर में स्थान लीज पर माल पार्सल की लोडिंग हेतु ई-ऑक्शन, (2) जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर एम.पी.एस. (MPS) हेतु ई-ऑक्शन, **2. कार्य की अवधि:** (1) वीपीयू/एसएलआर - 2 वर्ष, (2) एम.पी.एस. (MPS) 5 वर्ष, **3. लॉट के ई-ऑक्शन प्रारंभ की तिथि व समय:** (1) VPUs & SLRs: (1) Parcel-JU-46 दिनांक 06.10.2023 को 11.00 बजे से, (2) Parcel-JU-46 दिनांक 09.10.2023 को 11.00 बजे से, (3) Parcel-JU-48 दिनांक 13.10.2023 को 11.30 बजे से, **(2)** MPS: (1) MPS-JU-23-01 दिनांक 11.10.2023 को 12.00 बजे से, (2) MPS-JU-23-02 दिनांक 12.10.2023 को 12.00 बजे से, **4. वेबसाइट जहाँ से लॉट वाइज ई-ऑक्शन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** www.ireps.gov.in. 1030-PR/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे** **आवश्यक सूचना** G20

सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि **शिवदासपुरा-चाकसू स्टेशन के मध्य KM-94/6-7 पर रेलवे फाटक संख्या 60 (आजम नगर-नरहरिपुरा)** रेल पथ मरम्मत के लिए दिनांक 26.09.2023 समय 19:00 बजे से 27.09.2023 को 06.00 बजे तक बन्द रहेगा, असुविधा के लिए खेद है।

वरिष्ठ मण्डल इन्जी (मुख्या.) जयपुर

1032-PR/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


## ड्रग्स-हथियार माफिया पर शिकंजा

**जयपुर (कासं)।** उत्तर जिले की डीएसटी टीम, जयसिंहपुरा खोर व विधाधर नगर थाना पुलिस ने ऑपरेशन आग व ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं एक किशोर को निरूद्ध किया है। पुलिस ने इनसे 1 देशी कट्टा, 3 जिन्दा कारतूस, 1 धारधार तलवार, 4.80 ग्राम स्मैक व 1 ई-रिक्शा बरामद किया है। डीसीपी उत्तर राशी डोगरा डूडी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मौहम्मद इकबाल पुत्र अब्दुल शकूर निवासी न्यू संजय नगर, भट्टा बस्ती और इलियास खान पुत्र स्व. अनीश अहमद निवासी मोहल्ला इच्छावतान, बास बदनपुरा गलतागेट है। वहीं एक बाल अपचारी को निरूद्ध किया है।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# राजस्थान के चुनाव में भाजपा का चेहरा सिर्फ नरेन्द्र मोदी और कमल का फूल

## भाजपा की परिवर्तन संकल्प महासभा में प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी को साथ रखकर संगठन को महत्व देने का संदेश दिया प्रधानमंत्री ने

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** भाजपा की परिवर्तन यात्राओं के समापन पर हुई जनसभा में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण के जरिए साफ कर दिया कि राजस्थान के चुनाव में चेहरा सिर्फ वे खुद और पार्टी का चुनाव चिन्ह कमल का फूल होगा। उन्होंने कहा कि याद रखिएगा मोदी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी और हमारी पहचान और शान सिर्फ कमल का फूल। कार्यकर्ताओं को प्रयास करना होगा कि हर बूथ पर कमल का फूल खिले। मोदी ने उन नेताओं को भी साथ मैसेज दिया है जो कि अपने को मुख्यमंत्री का उम्मीदवार या पार्टी संगठन से बड़ा मानने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि संगठन से बड़ा कोई नेता नहीं है। इसका उदाहरण भी आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में देखने को मिला है। हैलीपैड से सभास्थल तक प्रधानमंत्री मोदी एक खुली गाडी में जनता का अभिवादन करते हुए पहुंचे और इस दौरान उनके साथ गाड़ी पर सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी मौजूद थे। इसके जरिए मोदी ने साफ तौर पर किसी चेहरे के बजाए संगठन को महत्व देने का संदेश भी दिया।

- मोदी ने उन नेताओं को भी साथ मैसेज दिया है जो अपने को मुख्यमंत्री का उम्मीदवार या पार्टी संगठन से बड़ा मानने वाले हैं

राजस्थान में अगले माह के पहले या दूसरे सप्ताह तक चुनाव आचार संहिता लगने की पूरी सम्भावना है और इससे पहले राजधानी जयपुर में यह प्रधानमंत्री की इस बड़ी सभा के जरिए उम्मीद की जा रही थी कि चुनाव में पार्टी के चेहरे को लेकर वे कोई संकेत दे कर जाएंगे। लेकिन पूरी सभा के दौरान मोदी ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया। उन्होंने उनके नेतृत्व में चल रही केन्द्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई और अंत में साफ तौर पर कहा कि कमल का फूल ही पार्टी की पहचान और शान है। अपने सम्बोधन की शुरूआत में मोदी ने राजस्थान के किसी नेता का नाम तक नहीं लिया और मंच पर उपस्थित पार्टी के सभी सम्मानित नेता बोल कर अपनी बात शुरू की।

इस सभा से पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के समर्थक यह उम्मीद लगाए बैठे थे कि परिवर्तन यात्राओं की शुरूआत में पार्टी के केन्द्रीय नेताओं ने जिस तरह से राजे को महत्व दिया था।

वैसा ही कुछ प्रधानमंत्री की सभा में भी होगा और ऐसा होता है तो भले ही पार्टी घोषित ना करे, लेकिन राजे को सभा में महत्व मिलता है तो वे चेहरा मान ली जाएंगी, लेकिन इस मामले में राजे समर्थकों को निराशा ही हाथ लगी। राजे सभा में पीएम मोदी के आने से कुछ समय पहले ही पहुंची। उन्हें हालांकि पीएम के साथ वाली कुर्सी पर बैठाया गया, लेकिन उनका सम्बोधन नहीं कराया गया। मोदी के मंच पर पहुंचने के बाद सिर्फ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का सम्बोधन हुआ।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहितओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तो की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वग्रीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।


| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 21683113 | गृह ऋण | 1. अतुल पालीवाल 2. सोनल पालीवाल | 16.09.2023 | 32,78,837.09/- | 3 बीएचके फ्लैट नं. 1101, ग्यारवीं मंजिल, क्षेत्रफल लगभग 1112 वर्गफिट (कारपेट एरिया) तथा एक्सक्लूसिव बालकनी 111 वर्गफिट, अथवा बिल्ट अप एरिया 1268 वर्गफिट, जिसमें फ्लैट की दीवारों के नीचे का एरिया तथा छज्जा व बालकनी शामिल है, बिल्डिंग "रायल फ्लोरेन्स", प्लाट नं. आरसी-89, 90 तथा 91, आर ब्लॉक, नारायण विहार योजना, ग्राम सारंगपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर, राजस्थान-302029 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमाये है पूर्व-200 फिट चौडी रोड, पश्चिम-अन्य भूमि, उत्तर-अन्य भूमि, दक्षिण-अन्य भूमि |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-
दिनांक- 26.09.2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान- जयपुर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

# सीमेंट रोड का सैंपल फेल हुआ, ठेकेदार पर कार्रवाई के बजाय फाइल दबा गए अफसर

## विद्याधर नगर क्षेत्र स्थित रोड नंबर-15 पर सीमेंटेड सड़क निर्माण में धांधली



सीकर रोड पर विद्याधर नगर क्षेत्र स्थित रोड नंबर-15 पर नाला निर्माण नहीं होने के कारण सीवरेज का गंदा पानी सड़क पर बहता है। फोटो-राष्ट्रदूत

-कार्यालय संवाददाता-

- ठेकेदार ने टैंडर लेने के बावजूद मनमर्जी से नाला निर्माण का काम रोका, अब टाइल ब्लॉक लगाने की कोशिश
- जेडीए ने सड़क व नाला निर्माण के लिए 1.09 करोड़ रु. का टैंडर लगाया था, ठेकेदार ने 15 फीसदी कम दर पर लिया था ठेका

**जयपुर।** सीकर रोड पर विद्याधर नगर क्षेत्र स्थित रोड नंबर-15 पर जेडीए के इंजीनियर्स ने पिछले दिनों 400 मीटर सीमेंटेड रोड बनवाई, ठेकेदार ने तय गुणवत्ता से कम मैटेरियल उपयोग में लिया, इस कारण सड़क का सैंपल भी फेल हो गया। इसके बावजूद जेडीए के इंजीनियर्स ने ठेकेदार पर कार्रवाई के बजाय फाइल को दबाकर चुप्पी साध ली।

मजेदार बात यह है कि जेडीए प्रशासन ने करीब 1.09 करोड़ रुपये की लागत से यहां सड़क व नाला निर्माण का टैंडर लगाया था, लेकिन मैसर्स वेदप्रकाश कांट्रेक्टर ने मनमर्जी से ही नाला निर्माण का काम रोक दिया। जबकि इस संबंध में पार्षद संतोष शर्मा ने बाकायदा जेडीए प्रशासन को कई बार पत्र लिखकर मौके पर नाला निर्माण करवाने और सड़क की गुणवत्ता को लेकर पत्र लिखे थे।

सूत्रों की मानें तो जेडीए प्रशासन ने सीकर रोड पर वार्ड-5 में रोड नंबर 15 पर सीमेंट रोड और नाला निर्माण के लिए 1.09 करोड़ टैंडर लगाया था। इस सड़क पर आए दिन पानी भरता था, जिससे डामर की सड़क हर बार टूट जाती थी। सड़क व नाला निर्माण का यह कार्य मैसर्स वेदप्रकाश कांट्रेक्टर ने लागत से 15 फीसदी कम रेट पर टैंडर ले लिया। ताकि अन्य ठेकेदार इस काम को नहीं ले जाए। ठेकेदार ने करीब 400 मीटर की सीमेंटेड सड़क का निर्माण कार्य तो पूरा कर दिया, लेकिन उसमें भी तय गुणवत्ता का मैटेरियल उपयोग में नहीं लिया, इसके चलते जेडीए की क्वालिटी कंट्रोल टीम ने जब सड़क के सैंपल लिए तो वह फेल हो गए। इसके बाद जोन-2 के कनिष्ठ व सहायक अभियंता ने दुबारा सड़क के सैंपल लिए, लेकिन उनकी रिपोर्ट भी कुछ ठीक नहीं निकली, इस कारण अफसरों ने गुपचुप फाइल दबा दी। उधर मैसर्स वेदप्रकाश कांट्रेक्टर ने अपनी मर्जी से ही नाला निर्माण का काम रोक दिया, अब जेडीए के इंजीनियर्स से सांठगांठ कर यहां नाला निर्माण के बजाय सीमेंटेड ब्लॉक्स लगाने की सिफारिश करवाई जा रही है। उधर जेडीए के अधिकारी कह रहे हैं कि मौके पर कुछ लोग सीमेंट ब्लॉक्स लगवाना चाहते हैं, जबकि ऐसा सिर्फ ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिए कहा जा रहा है। वैसे भी जेडीए ने जो काम टैंडर में शामिल किया था, उसे पूरा करवाना ठेकेदार की प्राथमिकता होती है।

वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में नाला निर्माण नहीं होने से लोग परेशानी झेल रहे हैं। यहां घरों व सीवरेज लाइनों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। यह समस्या बारिश के इन दिनों में ज्यादा बढ़ गई है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर कांग्रेस पार्षद संतोष शर्मा ने कई बार जेडीए के चीफ इंजीनियर को पत्र लिख कर मौके पर नाला निर्माण करवाने की मांग उठाई है, इसके बावजूद अधिकारी, ठेकेदार पर मेहरबानी दिखाने में जुटे हैं।

उधर इस प्रकरण में जेडीए जोन-2 के एक्सईएन महेश गोयल का कहना है कि नाला निर्माण से पहले ही स्थानीय जनता में दो गुट बन गए है। एक गुट नाला बनाने की बजाय पाइप लाइन डालने की कह रहा है। अब नए सिरे से टैंडर कर पाइप डालेंगे। पहले तो यहां सड़क ही नहीं थी। बरसात में हर बार पानी भरा रहता था। अब सड़क बना दी है, कहीं कोई टूट-फूट होगी तो ठेकेदार ठीक करेगा।

# सार-समाचार

## रविकाश फाइनेंस की जोबनेर शाखा शुरू



**जयपुर, (का.सं.)।** वित्तीय क्षेत्र की अग्रणी कंपनी रविकाश फाइनेंसियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का विस्तार करते हुए सोमवार को जोबनेर में नवीन शाखा का शुभारम्भ किया गया। रविकाश के डायरेक्टर विकास ओझा ने बताया कि नवीन शाखा का शुभारम्भ एक समारोह में कलस्टर हेड रिचा पंवार ने किया। इस अवसर पर सोमेंद्र सिंह क्लस्टर हेड और विकास कुमार शर्मा लोकेशन हेड भी उपस्थित थे।

## पंजाब नेशनल बैंक की प्रतियोगिता संपन्न




**जयपुर, (का.सं.)।** पंजाब नेशनल बैंक अंचल कार्यालय जयपुर की ओर से जयपुर स्थित सभी कार्यालयों के लिए लोकोक्ति एवं मुहावरे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 22 सदस्यों ने सहभागिता की। लोकोक्ति एवं मुहावरे प्रतियोगिता का आयोजन हिंदी माह के उपलक्ष्य में किया गया। प्रबंधक राजभाषा ममता मीणा एवं उप प्रबंधक राजभाषा आशीष मीणा ने बताया है कि इन प्रतियोगिताओं के आयोजन का उद्देश्य सभी स्टाफ सदस्यों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि उत्पन्न करना है। अतः 14 सितंबर से चालू हिंदी माह 13 अक्टूबर तक मनाया जाना है। इसी क्रम में आज इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्ण सहभागिता की।

## दो वाहन चोर पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर (कासं)।** रामनगरिया थाना पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात का खुलासा कर दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। दोनों ही आरोपी वाहन चोरी की वारदत करने के आदतन अपराधी है। दोनों के खिलाफ जयपुर शहर व अन्य जिलों में पूर्व से वाहन चोरी के दर्जनों मुकदमें दर्ज है। डीसीपी पूर्व ज्ञानचन्द यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी लोकेन्द्र उर्फ लोकेश उर्फ लुक्का पुत्र खेमसिंह उर्फ रेख सिंह 26 निवासी गाजीपुर बालघाट करौली और देशराज उर्फ लेखराज उर्फ दशरथ उर्फ काल्या पुत्र शिवचरण मीना 25 निवासी पहाडी बालघाट जिला करौली है। पुलिस ने बताया कि 23 अगस्त को गजराज जाटव निवासी भिण्ड मध्यप्रदेश हाल बंशीपुरी जगतपुरा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि अक्षय पात्र स्थित होटल सोफट मेटल में रात बारह बजे खाना लेकर आया था और वहीं पर सो गया। सुबह बाइक नहीं मिली। होटल के कैमरे चैक करवाए तो दो युवक लॉक तोड़कर बाइक चोरी करते हुए दिखाई दे रहे थे। दोनों बदमाशों के खिलाफ वाहन चोरी के दर्जनों मुकदमें दर्ज है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है, ताकि अन्य वारदातों का खुलासा हो।

## अस्पताल से बाइक चुराने वाला दबोचा

**जयपुर (कासं)।** एसएमएस अस्पताल परिसर से बाइक चोरी करने वाले वाहन चोर को एसएमएस थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कब्जे से चोरी की चार बाइक बरामद की है। मुल्जिम के खिलाफ जयपुर शहर में करीब एक दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। डीसीपी पूर्व ज्ञानचन्द यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी समीरउददीन पुत्र श्री गुलाम हुसैन 34 निवासी अमृतपुरी आगरा रोड घाटगेट आदर्शनगर है। एसएमएस अस्पताल परिसर से लगातार हो रही चोरी पर लगाम लगाने के लिए पुलिस टीम बनाई गई थी। आरोपी से एसएमएस अस्पताल परिसर से चोरी की गई बाइक समेत चार बाइक बरामद हुई है। आरोपी वाहन चोरी करने का आदतन अपराधी है। जिससे वाहन चोरी की और भी वारदात खुलने की सम्भावना है।

## भौंरी देवी मार्ग का लोकार्पण

**जयपुर (कासं)।** अजमेर रोड स्थित कनक विहार से चोराडिया सिटी लिंक रोड अब भौंरी देवी मार्ग के नाम से जाने जायेगी। जयपुर नगर निगम की ओर से स्वीकृत इस मार्ग का जलदाय मंत्री महेश जोशी, कृषि मंत्री लाल चंद कटारिया, विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा सहित अन्य विशिष्ठजनों ने लोकार्पण किया। सामाजिक कार्यकर्ता प्यारेलाल शर्मा की माताजी के नाम से किए गए मार्ग लोकार्पण अवसर पर स्व. भौंरीदेवी के पति हनुमान सहाय, भाई गोपाल शर्मा, विप्र फाउंडेशन के जोन प्रदेशाध्यक्ष राजेश कर्नल, युवा के मनोज पांडे, महिला प्रकोष्ठ से भारती शर्मा, सुनीता शर्मा, सतीश शर्मा, कांग्रेस नेता अशोक शर्मा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र कायथवाल, भाजपा के राजू झिंझवाड़, पार्षद मुकेश काका, शिव मोहन शर्मा, पल्लवी शर्मा , शोभा सोलंकी समेत कई लोग मौजूद थे।

## उपराष्ट्रपति 27 को आएंगे प्रदेश दौरे पर

**जयपुर (कासं)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 27 सितंबर को एकदिवसीय राजस्थान दौरे पर आएंगे। धनखड़ अपनी यात्रा के दौरान झुंझुनूं, बाड़मेर, बीकानेर तथा जोधपुर में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति इस दौरान सबसे पहले वह झुंझुनूं जिले में बिट्स पिलानी संस्थान जाएंगे और वहां शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। इसके बाद वह बीकानेर के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां आईसीएआर के मूंगफली अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन करेंगे तथा कृषि वैज्ञानिकों से संवाद करेंगे। इसके बाद उपराष्ट्रपति बाड़मेर जिले के लिए रवाना होंगे जहां वह गुड़ामालानी में आईसीएआर के श्री अन्न (बाजरा) अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखेंगे और कृषि वैज्ञानिकों एवं लोगों से विमर्श करेंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति का खेतारामजी की पोल स्थित ब्रह्माजी मंदिर में दर्शन एवं पूजा अर्चना का कार्यक्रम भी है। इसके बाद उपराष्ट्रपति जोधपुर पहुंचेंगे और वहां नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे।

## रामदेव दशमी पर निकाली झांकी



**जयपुर।** श्री बाबा रामदेव सेवा समिति लूनियावास की ओर से रामदेव दशमी पर 15वीं बार आकर्षक झांकी निकाली गई। यह शोभायात्रा लूनियावास मंदिर से शुरू होकर बालनाथ आश्रम तक पहुंची। यह जानकारी समिति के सदस्य शिवचंद मौर्य ने दी है।

# प्रधानमंत्री ने कोई वादा पूरा नहीं किया : गोविंद डोटासरा

**जयपुर ।** पिछले 11 माह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजस्थान में 8 दौरे करने के बावजूद प्रदेश की जनता को ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना बनाने के वादे का पूरा होने का इंतजार कायम है। जयपुर दौरे से भी प्रधानमंत्री ने वादा पूर्ण करने की बजाए जुमलों का सहारा लिया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जयपुर में आयोजित रैली में दिये गये उद्बोधन पर कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना बनाने का वादा किया गया किन्तु पूर्ण नहीं हुआ, हर साल दो करोड़ रोजगार देने, किसानों की आय दोगुनी करने, मंहगाई कम करने के वादे भी पूर्ण नहीं हुये, इसलिये प्रधानमंत्री के वादे जुमलें होने की गारंटी बन गये हैं। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल लाने के बावजूद महिलाओं को आरक्षण के लिये इंतजार करना पड़ेगा जो कि दर्शाता है कि भाजपा की केन्द्र सरकार कोई जनकल्याणकारी योजना अथवा नीति लागू नहीं करना चाहती है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने सेना भर्ती में अग्निवीर योजना लागू कर युवाओं के हितों के साथ खिलवाड़ किया। किसानों को तीन काले कृषि कानून लागू कर डेढ़ साल तक सडक़ों पर बैठकर आन्दोलन करने हेतु मजबूर किया तथा महिला आरक्षण तुरंत लागू ना कर महिलाओं के हितों पर कुठाराघात किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने एवं उन्हें सजा दिलवाने में देश में नम्बर वन है जबकि केन्द्रीय एजेंसियां भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बजाए विपक्षी नेताओं के विरूद्ध उनकी आवाज दबाने हेतु कार्यवाही कर रही हैं। राजस्थान सरकार ने पेपर लीक के आरोपियों को सजा देने हेतु देश का सबसे कड़ा कानून बनाया है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कानून बनाने की सिर्फ बात कर रहे हैं।

# लक्ष्मी मंदिर तिराहे से ट्रैफिक डायवर्ट

**जयपुर (कासं)।** टोंक रोड पर नेहरू उद्यान (लक्ष्मी मन्दिर) अंडरपास का लोकार्पण होने के बाद अब लक्ष्मी मंदिर तिराहे पर बने कट (ट्रैफिक लाइट) को बंद कर दिया है और ट्रैफिक डायवर्ट किया है। इसका प्लान एक दिन पहले तैयार करके ट्रैफिक पुलिस को भिजवाया गया था। इस पर सोमवार को ट्रैफिक पुलिस और जेडीए ने अमल करते हुए लक्ष्मी मंदिर तिराहे को बंद करके यहां से ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया।


जेडीए ने प्लान के मुताबिक लक्ष्मी मंदिर तिराहे को सिग्नल फ्री करने के बाद यहां बना 30 मीटर चौड़ाई का कट बंद कर दिया। मुख्य टोंक रोड पर यातायात व्यवस्था दोनों तरफ बिना रुके चलना शुरू हो गया है। वहीं, सहकार मार्ग से आने वाली गाड़ियां जिनको टोंक फाटक पुलिया, गोपालपुरा, दुर्गापुरा जाना है, उनको सरकार मार्ग पर लालकोठी सब्जी मंडी पर बने अंडरपास से जाने के लिए डायवर्ट किया है।

इसी तरह गोपालपुरा, टोक फाटक पुलिया से आना वाले ट्रैफिक को केन्द्रीय विद्यालय नंबर 1, बजाज नगर, गांधी नगर रेलवे स्टेशन गेट नं.2 या बरकत नगर फाटक जाना है। उन्हें गांधी नगर मोड़ तिराहे से यू-टर्न करके आना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि रामबाग चौराहा, गांधी नगर मोड़ की तरफ से आने वाली गाड़ियां, जिनको सहकार मार्ग, लक्ष्मी मंदिर सिनेमा या जेपी फाटक अंडरपास जाना है। उनको टोंक पुलिया के नीचे से यूटर्न लेकर जाना पड़ रहा है। टोंक फाटक (बरकत नगर की तरफ) से बजाज नगर, केन्द्रीय विद्यालय, गांधी नगर रेलवे स्टेशन गेट नं.2 या जे.एल.एन. मार्ग की तरफ जाना है। उनको फाटक क्रॉस करने के बाद दांए तरफ (टोंक पुलिया के नीचे) मुड़ने नहीं दिया जा रहा। इन लोगों को टोंक पुलिया सर्विस लेन से लक्ष्मी मंदिर तिराहे होते हुए गांधी नगर मोड़ से यू टर्न करके आना पड़ रहा है।

गोपालपुरा, दुर्गापुरा की तरफ से आने वाले वाहनों के लिए टोंक पुलिया उतरने के बाद पुलिया के पास बाएं तरफ बरकत नगर रेलवे लेवल क्रॉसिंग की तरफ मुड़ने पर रोक लगा दी है। अब वाहनों को गांधी नगर मोड़ से यूटर्न टर्न लेना पड़ रहा है। इसके अलावा टोंक फाटक पुलिया से पहले ही सर्विस लेन की तरफ जाना पड़ रहा।

# "जयपुर देव फैस्टिवल" में हेमा मालिनी समेत कई फ़िल्मी हस्तियां शामिल होंगी



**जयपुर, (का.सं.)।** फिल्म अभिनेता देव आनंद के 100वें जन्मदिन के उपलक्ष में 'द एवरग्रीन देव आनंद सोसायटी', जयपुर द्वारा एक भव्य तीन दिवसीय समारोह जयपुर देव फेस्टिवल का आयोजन 24 से 26 सितंबर किया जा रहा हैं। द एवरग्रीन देव आनंद सोसाइटी प्रेसिडेंट, रवि कामरा ने बताया कि समारोह के अंतर्गत आज सुबह 10 बजे जवाहर कला केन्द्र जयपुर में 10 से अधिक कॉलेजों के छात्र व छात्रायें देव साहब पर केन्द्रित म्यूजिकल प्रश्नोत्तरी में भाग लेंगे जिसका संचालन रिटायर्ड आई.ए.एस. महेन्द्र सुराना करेंगे और शाम 6 बजे राज मन्दिर सिनेमा हाल में देव साहब के दीवानो के लिय फिल्म जगत की जानी-मानी अभिनेता, हेमा मालिनी; लेखक और फिल्म क्रिटिक, पदमश्री भावना सोमैया और प्रोडूसर अमित खन्ना शिरकत करेंगे। वही जयपुर के म्यूजिक आइकॉन पदम् भूषण, ग्रामी अवार्ड विजेता, पंडित विश्वमोहन भट्ट द्वारा मोहन वीणा पर लाइव परफॉर्मन्स, विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सिटी लाइव चैनल के माध्यम से भारत भर के देवदिवानो की लिए किया जा रहा है।

# मान्यता के बिना कोर्स कैसे संचालित कर रहा है मणिपाल विश्वविद्यालय : हाईकोर्ट

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने संयुक्त उच्च शिक्षा सचिव और मणिपाल विश्वविद्यालय को नोटिस जारी कर पूछा है कि विवि बिना मान्यता फैशन डिजाइन का कोर्स कैसे संचालित कर रहा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह की एकलपीठ ने यह आदेश अजय सिंह की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता अंगद हक्सर ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने मणिपाल विश्वविद्यालय से वर्ष 2019 में बैचलर ऑफ डिजाइन के तहत फैशन डिजाइन का कोर्स पूरा किया गया। याचिकाकर्ता को इस डिग्री के आधार पर दुबई में नौकरी का मौका मिला, लेकिन कंपनी ने उसकी डिग्री को सत्यापित कराने को कहा। याचिकाकर्ता ने जब उच्च शिक्षा विभाग में डिग्री सत्यापन के लिए भेजी तो विभाग ने इस डिग्री की मान्यता से इनकार कर दिया। जिसके चलते उसे नौकरी नहीं मिली। याचिका में कहा गया कि उच्च शिक्षा विभाग ने विवि को मई, 2022 में पत्र लिखकर डिग्री की वैधता को लेकर स्पष्टीकरण मांगा था। जिसके जवाब में विवि ने बताया कि इस कोर्स को प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के तहत संचालित किया जा रहा है। जबकि पूर्व में विवि के प्रतिनिधि ने व्यक्तिशः उपस्थिति होकर इस कोर्स को डिजाइन संकाय के अंतर्गत संचालित करने की जानकारी दी थी। इसके अलावा याचिकाकर्ता को भी फैकल्टी ऑफ डिजाइन के तहत बैचलर ऑफ डिजाइन की डिग्री जारी की गई। याचिका में कहा गया कि उसकी डिग्री मान्यता प्राप्त नहीं होने के चलते उसका करियर नष्ट हो गया है। ऐसे में उसे वैध डिग्री दिलाई जाए और उसने दुबई में मिली नौकरी में मिलने वाले वेतन के बराबर क्षितपूर्ति राशि दिलाई जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# विदेश यात्रा के दौरान पूर्व मंत्री के परिजनों का लगेज छूटा

## एतिहाद एयरवेज और श्रीराम फलेक्सी टूर पर 3.21 लाख रुपए का हर्जाना

**जयपुर (कासं)।** जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-3 ने विदेश यात्रा के दौरान पूर्व मंत्री व मौजूदा एमएलए कालीचरण सराफ के परिजनों का लगेज अबू धाबी में ही छूटने को सेवा दोष करार देते हुए एतिहाद एयरवेज व श्रीराम फलेक्सी टूर पर 3.21 लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। आयोग ने कहा कि विदेश में यात्रा के दौरान लगेज छूटने से परिवादी व उसके परिवारजनों को मानसिक, शारीरिक व आर्थिक परेशानी का सामना करना पडा और रुपए खर्च कर कपड़े खरीदने पड़े।

इतना ही नहीं परिवादी की बेटी ग्लूटिन बीमारी से ग्रसित थी और उसकी दवाई व खाने पीने का सामान भी उसी लगेज में था। ऐसे में लगेज नहीं मिलने पर परिवादी की बेटी की स्थिति भी गंभीर हो गई। यह विपक्षीगण की सेवा में कमी है और इसके लिए क्षितपूर्ति दिलवाई जानी जरूरी है। आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन माथुर व सदस्या सीमा शर्मा ने यह आदेश विवेक सराफ के परिवाद पर दिए। परिवाद में कहा गया कि परिवादी ने खुद व अपने परिवारजनों के लिए 26 मार्च 2019 को दिल्ली से वाया अबुधाबी, एम्सटरड्रम जाने के लिए एतिहाद एयरवेज सहित टूर कंपनी को 2,01,580 रुपए का भुगतान कर टिकट बुक कराए थे। तय तारीख को परिवादी अपने परिजनों सहित गया। इस दौरान अबुधाबी से एम्सटरड्रम जाने के बाद उनका लगेज वहां पर नहीं मिला। स्विस पोर्ट पर संपर्क किया तो कहा कि उनका लगेज अबू धाबी में ही रह गया। एम्सटरड्रम पहुंचते ही परिवादी व उसकी पत्नी व बच्चों को अत्यधिक ठंड लगी। उसने एयरलाइंस में संपर्क किया तो कहा कि लगेज आने में देरी होगी। इसके चलते परिवादी को सभी के लिए कपडे खरीदने पडे और उनकी तबीयत भी खराब हो गई। लगेज छूटने के कारण परिवादी व उसके परिवार को शारीरिक, आर्थिक व मानसिक परेशानी झेलनी पडी और उसका पूरा टूर प्रोग्राम ही खराब हो गया। ऐसे में उन्हें हर्जाना दिलाया जाए।

# 51.93 ग्राम स्मैक के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** पुलिस कमिश्नरेट की सीएसटी ने ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" के तहत ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ करणी विहार थाना इलाके में कार्रवाई कर स्मैक तस्कर शिवदत्त जांगिड को गिरफ्तार किया है।

आरोपी के कब्जे से 51.93 ग्राम स्मैक व बिक्री राशि 10100 रुपए बरामद की है। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शिवदत्त जांगिड़ पुत्र बंशीलाल जांगिड़ 24 निवासी गांव मल्किपुर पचेवर जिला टोंक है।

गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि वह जयपुर में किराए से रहता है। और मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी का काम करता है। वह रोहित वर्मा निवासी मुहाना से 2800 रुपए प्रतिग्राम के हिसाब से स्मैक खरीदकर लाता है। फिर स्मैक को इलेक्टॉनिक कांटा से वजन करके छोटी-छोटी पुडियां में पैक कर 3000 रुपए प्रतिग्राम के हिसाब से नशा करने वाले मजदूर व युवा को बेचता है। आरोपी ने मादक पदार्थ को बेचने के लिए 4-5 लड़के लगा रखे है, जिनको 10-10 ग्राम स्मैक की छोटी-छोटी पुडिया बनाकर बेचने के लिए देता है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह मादक पदार्थ कहां से खरीदकर लाता था।

# भगवान परशुराम की मूर्ति तोड़ने वाले को कड़ी सजा मिले : पं. सुरेश मिश्रा

## रेल्वे स्टेशन स्थित भगवान परशुराम सर्किल पर समाज कंटक ने तोड़ी परशुरामजी की मूर्ति, पुलिस ने दबोचा



**जयपुर, (का.सं.)।** रेलवे स्टेशन स्थित भगवान परशुराम सर्किल पर लगी भगवान परशुराम की मूर्ति को किसी समाज कंटक ने तोड़ दिया है। सोमवार को इसकी सूचना पाकर सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा तुरंत प्रभाव से पदाधिकारियों के साथ परशुराम सर्किल पर पहुंचे और वहां जाकर देखा तो किसी समाज कंटक ने भगवान परशुराम की मूर्ति को पूरी तरह से खंडित कर दिया। मौके पर महासभा के पदाधिकारियों ने मूर्ति को अलग-अलग टुकड़ों को एक जगह इकट्ठा किया और मौके पर पुलिस को बुलाकर कार्यवाही करने के लिए पाबंद किया। पं. सुरेश मिश्रा ने अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप को इस पूरे मामले की जानकारी दी और तुरंत प्रभाव से कार्यवाही के लिये कहा। इसके पश्चात पुलिस ने मौका मुआयना किया और सीसीटीवी कैमरे खंगाले। पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि कुछ समाज कंटक इस समय चुनावी साल में इस प्रकार की हरकत करवाकर समाज में एक गलत संदेश देना चाहते है। मैं इस कृत्य की कठोर शब्दों में निंदा करता हूं और दोषी को बक्शा नहीं जायेगा। पं. सुरेश मिश्रा ने थाना सदर में इस बाबत एक एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर दर्ज करवाने के बाद पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। जो कह रहा है कि मूर्ति उसने तोड़ी है। ऐसे समाज कंटक को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जायेगी। मिश्रा ने चेतावनी दी है कि ब्राह्मण समाज कतई कमजोर नहीं है। इस प्रकार की हरकते बर्दाश्त के बाहर है। पुलिस भी ऐसे व्यक्ति को कठोर से कठोर सजा दे।




## Human Resource Professional Day

Being in HR can be a difficult task to handle because of all the crucial tasks that the HR department does help keeps the business running and successful. While there may be some that don't like that department, they're vital and essential and sometimes they may not get enough credit for what they do. Human Resource Professional Day is a hay made to change the perspective people have of HR and learn about why their job is valuable for businesses.

##EVENT

# JAIPUR BY NITE

The 2-day Jaipur By Nite event illuminated Rajasthan's Rich Heritage and Women's Strength. Day one featured melodious performances by Kutle Khan and the Kanishk Seth Trio at Jaigarh Fort, with folk festivities and artistry. Day two saw 150 women embark on the JBN Women Car Drive, promoting sustainable development goals while exploring iconic Jaipur landmarks.


Kutle Khan.


JBN Women Car Drive being flagged off by dignitaries.

**Tusharika Singh**

As the world gears up to celebrate World Tourism Day on September 27th, Jaipur played host to a two-day extravaganza that illuminated the potential of night tourism. Aptly called 'Jaipur By Nite,' this event unveiled the mystical charm of Rajasthan's cultural heritage under the moonlit sky, promising an unforgettable experience for locals and tourists alike.

### Musical Evening @ Jaigarh Fort

The inaugural evening of the 9th edition of Jaipur By Nite set the stage for a night of resplendent culture, heritage, and music at the majestic Jaigarh Fort. The soul-stirring melodies of Rajasthan reverberated through the ancient walls, serenading the attendees with timeless classics like 'Kesariya Baalam,' 'Moomal,' 'Sanu Ik Pal Chain Na Aawe,' 'Chaap Tilak,' and more, courtesy of the renowned singer of Rajasthan, Kutle Khan.

Following this mesmerizing performance, the famous Bollywood fusion band, the Kanishk Seth Trio, took the stage, infusing modern rhythms with Rajasthan's musical heritage. The historical and magnificent ambiance of Jaigarh Fort added a layer of grandeur to the evening as attendees navigated the narrow alleys of the fort to reach the Charbagh, where these concerts unfolded.

The cultural feast was not just about these concerts. It extended to the lively atmosphere with Rajasthani folk singers and dancers, Kacchi Ghodi performances, the rhythmic beats of the dhol, henna artists showcasing intricate designs, a captivating puppet show, and even a shower of fragrant rose petals.

### JBN Women Car Drive

On the second day of Jaipur By Nite, the spotlight shifted to women empowerment with the Women Car Drive. The 3rd edition of the JBN Women Car Drive was organized around the theme of 'United Nations Sustainable Development Goals,' emphasizing the importance of these global objectives in creating a better world for all. The drive, flagged off from the Rajasthan Innovation Center (RIC), went through Jaipur's iconic landmarks, including Patrika Gate and the Albert Hall, before returning to RIC. What made this event particularly special was the active participation of 150 women, who were accompanied by friends and family, all sharing in the spirit of unity and empowerment.

The JBN Women Car Drive served a dual purpose - not only did it promote tourism and highlight the beauty of Jaipur by night, but it also provided a platform for women to express themselves and showcase their commitment to the United Nations Sustainable Development Goals. The cars in the drive were beautifully adorned with representations of the '17 Sustainable Development Goals,' including 'No Poverty,' 'Zero Hunger,' 'Good Health and Well-Being,' 'Quality Education,' 'Gender Equality,' and more, emphasizing the role women play in achieving these global aspirations.

The event was jointly organized by the Confederation of Indian Industry (CII), the Department of Tourism, Government of Rajasthan, Young Indians (Yi), and CII-Indian Women Network.


A car decorated for the JBN Women Car Drive.

# The Panipoori Detoxed!!

What is common between a panipuri stall and an electronic soap dispenser? No one would ever ask you such a question! In fact, many would tell you with disdain that it is a stupid question, duh! After all, what could be common between an electronic soap dispenser and pani puri? Perhaps an entrepreneur?



Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*

What is spicy, tangy, sweet and sour at the same time? What is lip smacking, thoroughly affordable and totally delectable guaranteed to make your mouth water and taste bud rejoice? What was it that Japanese Prime Minister tried popping into his mouth with such gusto in the presence of our own Prime Minister? Golgappa of course! Also known as pani puri, batasha, puchka, gupchup, this Indian masala concoction with a tangy chutney and yummy masala has achieved world wide fame. In most cities in India, walk out in the evening and you are bound to spot men, women and girls and boys queueing up at the golgappa thela for their kick of the savoury water balls.

But many people are also turned off by the way the golgappa is prepared. The vendor usually punctures the puri or the golgappa with his thumb and dips it into the savoury or sweet water and serves it to his customer. One cannot help but wonder how clean is this entire process because the vendor keeps dipping his hand into the savoury water and hardly gets the time to wash his hands again and again.

Voresh Seervi and Uttam Seervi also didn't like this idea of eating such a golgappa. Uttam says, "We loved panipuri and dahi puri but we could not stand the sight of the golgappa wala bhaiya dipping his hand repeatedly into the water and serving us the same water." These two twenty-year-old lads from Pali weren't just here to criticise the entire golgappa system. They were here to change it.

Uttam says, "We are cousins. Our brothers work in jewellery shops in Chennai while our parents are farmers. We both finished our graduation in science and arts last year. After our graduation, we got into network marketing. We used to attend a lot of meetings and seminars of network marketing in various hotels. We used to see these soap dispensers in this hotel which would be activated by sensors. The person would just place their hands under the dispenser and the soap would come on to their hands. It was then that a germ of an idea started forming in our mind."

### #YUMMY





> Voresh adds, "We kept thinking about this idea of a machine that could dispense this water without anyone touching the water and yet enjoying panupuri. We then got in touch with some people in Chennai who could make these kinds of machines. We wanted to ensure hygiene in this entire experience. Finally, we could create machines with inbuilt sensors that could dispense the water when a dona or katori was placed beneath the tap just like a soap dispenser.

Voresh adds, "We kept thinking about this idea of a machine that could dispense this water without anyone touching the water and yet enjoying panupuri. We then got in touch with some people in Chennai who could make these kinds of machines. We wanted to ensure hygiene in this entire experience. Finally, we could create machines with inbuilt sensors that could dispense the water when a dona or katori was placed beneath the tap just like a soap dispenser.

Armed with their innovative idea, these two youngsters set up a thela near the Chitrakoot market. They offered five types of water (sweet, sour, hing, jeera, mirchi) along with the puris. The customers could simply place their dona under the dispenser of their choice and could have their favourite water!

But it wasn't as easy as that! Voresh recalls their first day, "It was in July 2022. I was setting up the stall. I saw a Punjabi lady of about 70+ years old who was wearing a mask. She asked me if it was our opening day. We had no ceremony of any kind but she understood. She said that she wanted to get dahi puri packed for her husband. I was literally shivering in my boots since here we were, first timers and the first order we get was a takeaway. This was the first time we would pack an order. When I was making the dahi puri, midway, just like it happens in a tough exam, I forgot the recipe. I then opened my diary to look up the recipe and somehow made it and packed it. She took it and went off. We were hoping and praying that she and her husband like it. The next day, we saw her walking towards our stall and we were scared that she might say something. She came and she said that the dahi puri was amazing and her husband loved it. She ordered another take away and gave us a lot of blessings. That really bolstered our confidence. She has now become our regular customer and keeps coming every now and then."

But then all wasn't so hunky dory with these young entrepreneurs. Uttam says, "A couple of days after we had set up the shop, a family of 7 came to us at 10 pm and ordered 7 plates and paid for them. But the moment the lady ate the first pani puri, she threw the plate on the ground and exclaimed that she had never had such atrocious pani puri in front of the whole crowd! We were shocked and scared because we were new in the trade and we thought probably this time the recipe had gone wrong. We apologized and even offered to refund the money but they went away. As time passed and we improved our food's taste, they came back again and now they are our regular customers."

Voresh adds, "It was a good thing that this happened in the early stages because it helped us to improve our taste. Now people love the panipuri and some even come to simply drink the hing, jeera water to improve their digestion.

It has been barely a year since they have set up the shop but they are already planning to take their 'puchka' forward. We have already opened a new outlet in Mansarovar and now we are working on creating a pan India franchise model where we can help people to set up this business.





So, what kind of people come to their panipuri thela? Voresh says, "The thing about panipuri is that it is a great leveller. In the evening on one hand you will see a guy getting out of his Mercedes and on the other hand you will see a poor man tired from his day's work, walking on the road. Both these men will stand together at the golgappa thela without any thought of who is what. Now we have some very regular customers. There is this family of four which comes every other day and each time once they are done with their puchka party and payment, they buy ice creams for both of us from the nearby stall as gifts. They never take no for an answer."

Do they ever get harassed by the authorities? "Initially, we had a lot of issues, "says Uttam. "People complained that we were parking our thela in the roadside area. But the authorities then came and inspected and realized that our thela wasn't in the parking or obstructing the road any way. Voresh adds, "But many a times, policemen also come to our stall. Though most of them pay but there are some who take advantage of their uniform and just refuse to pay even a measly sum of 20 rupees. It makes us feel sad about our law and order system."

So what is their routine like? Uttam says, "We start preparing the panipuri from about 12 am in the morning. By 3 pm we set up the stall and stay there till 11 pm in the night!"

For now, Voresh and Uttam are happy. Do their parents know about their little venture? Uttam laughs, "Earlier we didn't tell them because we are Marwaris and we were always expected to take up a government job," says Uttam. "Mostly the boys in our community are married early. But then when this business started flourishing, the family appreciated our business acumen and encouraged us. Today we are earning more than any government job employee but my mother still keeps asking me about taking up a government job because she believes that getting a panipuri wala married is not easy!" Voresh adds, "Ab paisa kamana hai to puchka to fodna padega na!"

rajeshsharma1049@gmail.com





##EVOLUTION

# Population Bottleneck

## Our ancestors may have come close to extinction 900,000 years ago



The population of our ancestors may have plummeted to as low as 1300 around 900,000 years ago, possibly as a result of our ancestral species splitting from other early humans.

That is the conclusion of an analysis of the variation in the genomes of living people by Haipeng Li at the Shanghai Institute of Nutrition and Health and his colleagues. However, while not dismissing the idea outright, independent experts say it isn't supported by other lines of evidence.

Population bottlenecks occur when an existing population is reduced in size, for instance as a result of a catastrophe or when a small number of individuals leave one population to found a new one. This results in a sudden loss of genetic diversity.

There have been numerous bottlenecks of varying scales as humans evolved and moved around the world. For instance, there was a major bottleneck when a small number of modern humans left Africa around 60,000 years ago, which is why there is still much more genetic diversity among people of African descent than in everyone living in the rest of the world combined. Much more recently, there was a series of bottlenecks as Polynesians settled island after island in the Pacific.

Past bottlenecks can be uncovered by looking for the reductions in genetic diversity they cause, but more ancient bottlenecks are harder to detect than recent ones. Li's team developed a new method for estimating past changes in population size and applied it to the genomes of more than 3000 people from around the world.

According to the researchers' findings, the population of our ancestors fell by 98 per cent to around 1280 "breeding individuals" around 930,000 years ago, and the population remained very low until around 815,000 years ago.

The early humans alive at this time have been assigned to a number of different species, including Homo heidelbergensis, Homo rhodesiensis, Homo antecessor and Homo bodoensis, and it is unclear which of these is our ancestor. There is also debate about whether they were indeed separate species.

Li and his colleagues think this bottleneck was most likely due to climate change, with global cooling around this time leading to severe drought in Africa and Eurasia. This "could explain the extreme scarcity of the available hominin fossil record in Africa and Eurasia" at the time, they write in their study.

Li says this is referring to previously published studies that have reported a gap at this time. "We didn't find the fossil gap in this study," he says. "Our findings actually explain the fossil gap."

But in an accompanying paper, Nick Ashton at the British Museum and Chris Stringer at the Natural History Museum in London have put together a list of sites in Africa and Eurasia with evidence of continued human habitation during this time. "The data of human presence that we marshalled suggest that its effects must have been limited in time and space," says Stringer.


Li's team also cites a paper by Brad Pillans at the Australian National University as evidence of drought in Africa and Eurasia at the time of the bottleneck. "We said nothing about aridity in Africa," says Pillans. "So, in a way, the reference to our paper is not really correct."

John Hawks at the University of Wisconsin, who wasn't involved in the study, points to a paper from earlier this year suggesting that early humans in Africa were split into several distinct populations with only occasional migrations and mergers between them. It is possible that this population structure resulted in the appearance of a bottleneck, says Hawks.


Li's team notes that the time of the bottleneck coincides with estimates for when two existing chromosomes fused to form chromosome 2. This is why humans have only 23 pairs of chromosomes rather than the 24 of chimpanzees and gorillas.

Another explanation for the bottleneck is that rather than there being a sudden reduction in population due to drastic climate change, it reflects a speciation event where a small number of individuals split away from other early humans after chromosome 2 evolved.

"The possible link to chromosome 2 is very interesting, and I think it may be true. But I would not assume that the bottleneck is real until we have a better understanding," says Hawks. "It would be great to see more ancient DNA data that could get us back into this time period."




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# चोरी, लूट व डकैती की सात वारदातों का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने कार्रवाई कर 15 लाख का माल बरामद किया



**नदबई थाना क्षेत्र में घटित हुई चोरी लूट व डकैती की सात वारदातों का खुलासा करते हुए करीब 15 लाख रुपए का चोरी का माल बरामद करने के साथ चार आरोपियों गिरफ्तार किया है।**

- **पुलिस ने चार आरोपियों के अलावा चार नाबालिकों को भी निरुद्ध किया है**

**नदबई, (निसं)।** थाना क्षेत्र में घटित हुई चोरी लूट व डकैती की सात वारदातों का खुलासा करते हुए करीब 15 लाख रुपए का चोरी का माल बरामद करने के साथ चार आरोपियों गिरफ्तार किया है। जबकि चार नाबालिगों को निरुद्ध किया गया है। वहीं पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों का मुख्य बाजार में जुलूस निकाला गया।

मामले का खुलासा करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने बताया कि नदबई कस्बे में लगातार चोरी की वारदात सामने आ रही थी और लोगों में चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं होने के चलते पुलिस के प्रति भारी रोष था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की विशेष टीम ने अपराधी प्रवृत्ति के लोगों से पूछताछ कर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों को चिन्हित कर नजर रखना शुरू किया। नदबई पुलिस के द्वारा अलग-अलग स्थानो पर दबिश देकर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से सोने चांदी के आभूषण, नगदी, लैपटॉप व अन्य इलेक्ट्रॉनिक आइटम बरामद करने के साथ करीब 15 लाख रुपए का माल बरामद किया है व अन्य सामान के बरामदी के प्रयास किए जा रहे है।

पुलिस ने चार आरोपियों के अलावा चार नाबालिकों को भी निरुद्ध किया है। वही गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रूपेश उर्फ ओपी पुत्र गंगाराम , अशोक पुत्र रामनिवास , राघव पुत्र वीरेंद्र , दीपशिखर उर्फ लाला पुत्र हरेंद्र पाल सिंह नदबई कस्बे के निवासी के रूप में हुई है। वही जानकारी के मुताबिक यह सभी आरोपी मौज मस्ती के चलते चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों का पुलिस के द्वारा मुख्य बाजार में जुलूस निकाला गया।

# जोधपुर में महाधिवक्ता कार्यालय का शुभारंभ

## न्याय क्षेत्र को सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

**जोधपुर, (कासं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि देश में सबसे पहले राजस्थान में कई महत्वपूर्ण कानून लागू किए गए, जिनकी पूरे देश में चर्चा है। इनमें एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल, गिग वर्कर्स एक्ट, स्वास्थ्य का अधिकार, राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी जैसे ऐतिहासिक फैसले हैं। विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा अनुसरण किया जा रहा है। प्रदेश सरकार न्याय क्षेत्र को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए संसाधनों और सुविधाओं के विस्तार में प्रयासरत है।

गहलोत सोमवार को राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में महाधिवक्ता कार्यालय के नवीन भवन उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 में नए हाईकोर्ट भवन के लिए 110 करोड़ रुपए मंजूर किए। इसके बाद भी प्राप्त सुझावों के अनुरूप आधारभूत विकास और बहुआयामी विस्तार के लिए स्वीकृतियां दी गई। आगे भी कोई कमी नहीं रखी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान अब 50 जिलों का हो गया है। ऐसे में न्याय क्षेत्र में विस्तार की दृष्टि से सेवाओं और सुविधाओं में व्यापक बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 200 से अधिक नए न्यायालय खोले और क्रमोन्नत किए हैं। इससे परिवादियों के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण सुगम हो रहा है।

गहलोत ने कहा कि लम्बित प्रकरणों के निस्तारण में सूचना एवं प्रौद्योगिकी का भी इस्तेमाल किया जाए। लम्बित मामलों के कारणों पर भी गंभीर चिन्तन होना चाहिए। साथ ही, राजस्थान उच्च न्यायालय और राज्य सरकार को फास्ट कोर्ट बढ़ाने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि लिटिगेशन पॉलिसी लागू करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने हाईकोर्ट में हर माह अंतिम तारीख को होने वाली हड़ताल को खत्म करने का आहवान किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राजस्थान मिशन-2030 में अभी तक 2 करोड़ लोगों ने सपनों के राजस्थान के लिए बहुमूल्य सुझाव दिए हैं। प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए न्यायाधीश और अधिवक्ता भी अपने सुझाव दें। इन्हें विजन-2030 डॉक्यूमेंट में शामिल किया जाएगा। गहलोत ने राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायाधीश विजय बिश्नोई के साथ लोकार्पण पट्टिका का अनावरण किया। साथ ही, महाधिवक्ता चैम्बर तथा भवन में सुविधाओं का अवलोकन किया।

यह भवन 22.55 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुआ है। इस दौरान भवन निर्माण में अहम भूमिका निभाने वालों को सम्मानित किया गया। समारोह में राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा कि अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति को शीघ्र एवं सस्ता न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में सभी को प्रयास करने होंगे। वरिष्ठ न्यायाधीश विजय बिश्नोई ने कहा कि सबसे बड़ा पक्षकार राज्य सरकार होती है, ऐसे में यह महाधिवक्ता कार्यालय अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगा। समारोह में राजस्थान के महाधिवक्ता महेन्द्र सिंह सिंघवी और अतिरिक्त महाधिवक्ता संदीप शाह ने भी सम्बोधित किया।

# पी.एम. के लिफाफे से निकले 21 रुपए

## आठ माह बाद देवनारायण मंदिर का दान पात्र खुला



**आठ माह पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुर्जर समुदाय के आराध्य श्री देवनारायण के अवतरण दिवस पर मंदिर के दर्शन करने आए थे।**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** गुर्जर समुदाय के आराध्य श्री देवनारायण के 1111 वें अवतरण दिवस पर भगवान के दर्शन करने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर के दान पात्र में एक बंद लिफाफा भेंट किया, जिसको लेकर पिछले 8 महीनों से गुर्जर समुदाय में व्याकुलता बनी हुई थी।

आम जनमानस में इस लिफाफे के रहस्य को लेकर यह कयास लगाया जा रहा था कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में गुर्जरों के आराध्य भगवान देवनारायण के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था प्रकट की उस लिहाज से प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दान पत्र में डाले गए लिफाफे में कोई बड़ी राशि या मंदिर के विकास को लेकर कोई बड़े सहयोग का प्लान पीएम मोदी की तरफ से हो सकता है। इसी आशा और विश्वास में गुर्जर समुदाय दान पात्र खोलने की तिथि का बेसब्री से इंतजार कर रहा था, बड़े इंतजार और अरमानों से वह घड़ी आज 25 सितंबर को आई जब मंदिर ट्रस्ट से जुड़े हुए ट्रस्टियों ने बड़े उत्साह से आज दान पत्र के इस लिफाफे को सार्वजनिक रूप से खोला तो उसमें 21/-रुपए निकाले।

लिफाफा के भीतर से जब 20/- रुपए का एक नोट और एक रुपए का एक सिक्का निकला तो किसी शायर की वह पंक्तियां याद आ गई जिसमें कहा गया है "बहुत शोर सुनते थे पहलू ए दिल का... जो चीरा तो कतरा ए खून निकला"।

प्रधानमंत्री के लिफाफे से निकले 21 रुपए के दान के रहस्य को अभी तक कोई समझ नहीं पा रहा है कि देश के सबसे बड़े शक्तिशाली राजनेता और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा को लेकर जहां करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा दिए गए और मोदी को सुनने के लिए भीलवाड़ा ही नहीं देशभर से गुर्जर समुदाय के लाखों लोग जमा हुए तो भी मोदी ने देव डूंगरी कॉरिडोर की घोषणा क्यों नहीं की और लिफाफे में 21/-रु. रखकर क्या संदेश दिया गया, इसलिए अब दिल मसोस कर आयोजक यही कह रहे हैं कि "खोदा पहाड़ निकली चुहिया" हम क्या करें।

# निजी स्कूल संचालकों ने सौंपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** निजी स्कूलों के संचालकों ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को सीएम सलाहकार व विधायक रामकेश मीणा को ज्ञापन सौंपा। स्कूल शिक्षा परिवार के जिला अध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने बताया कि गत विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के घोषणा पत्र में निजी स्कूलों की 6 सूत्रीय मांगें शामिल की गई थी। लेकिन उनमें से अब तक एक भी पूरी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि उनकी मांगे पूरी करने के लिए कई ज्ञापन सौंपे गए लेकिन मांगे फिर भी अधूरी रही। उन्होंने बताया कि स्कूल कल्याण बोर्ड का गठन करने, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की छात्रवृत्ति निजी स्कूलों में प्रारंभ करने, होनहार विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने, आरटीई का पैसा समय पर भुगतान करने सहित कई मांगों को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा है। विधायक रामकेश मीणा ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर संगठन की मांगों को पूरी करने की बात कही है।

# जिला बनाने की मांग के समर्थन में 177वें दिन धरना जारी

## सुजला महासत्याग्रह की ओर से धरना लगातार जारी




**सुजानगढ जिले की मांग के समर्थन में नारेबाजी करते धरनार्थी।**

**सुजानगढ़, (निसं)।** सुजला जिला बनाने के लिए सुजला महासत्याग्रह द्वारा 177वें दिन सोमवार को भी धरना लगातार जारी रहा। धरने का नेतृत्व एडवोकेट मनीष गोठडिया व महावीर खटीक द्वारा किया गया।

इस अवसर पर किशोरदास स्वामी ने कहा कि सुजला जिला नहीं बनने से सुजला वासियों में भारी आक्रोश है। श्रीराम भामा ने कहा कि यदि सुजला जिला नहीं बना तो सुजला क्षेत्र से पार्टी को भारी नुकसान उठाना पडेगा। यूसुफ गौरी, भगवती प्रसाद सोनी ने भी अपने विचार रखे।

संतोष सोनी, आदिल, रणजीत सिंह, कुन्दनमल सोनी, गोविंद जोशी, गोपाल मोयल, ओमप्रकाश सेवादार, हाजी हाकम अली खान, विकास सैन, राधेश्याम रैगर, अशोक टाक, मोहनलाल सांसी, महेश माली, भंवरलाल गिलाण, राजकुमार सैन, रूपाराम सांसी, धनराज प्रजापत, मोहित प्रजापत, अमरचंद, असलम खिलजी, दीनदयाल सैन, गोविंदराम, अब्दुल वकास गौरी, अब्दुल वाहिद बेहलिम, किशोर सिंधी, रमेश कुमार सहित अनेक धरनार्थी उपस्थित रहे।

# इनामी बदमाश साथी सहित गिरफ्तार

- **एक पिस्टल, मैगजीन मय चार जिंदा कारतूस व बिना नम्बरी कार बरामद**

**गुड़ामालानी, (निसं)।** गुड़ामालानी थाना पुलिस की टीम ने 5 हजार के इनामी वांछित अपराधी कुंभाराम जाट निवासी मंगले की बेरी थाना रागेश्वरी को उसके साथी रमेश कुमार बिश्नोई निवासी बोरली थाना गुड़ामालानी समेत गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक पिस्टल, मैगजीन, चार जिंदा कारतूस और एक बिना नम्बरी कार बरामद की है।

एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि जिले में वांछित अपराधियों की तलाश और धर पकड़ के लिए एडिशनल एसपी सत्येंद्र पाल सिंह व सीओ देवी सहाय मीणा के सुपरविजन में टीम कार्रवाई कर रही है। इसी के अंतर्गत सूचना मिली कि थाना रागेश्वरी के एनडीपीएस एक्ट के दो मामलों में वांछित पांच हजार का इनामी बदमाश बोरली गांव में अपनी जानकार के यहां छुपा हुआ है।

सूचना पर गुड़ामालानी एसएचओ सुरजा राम चौधरी मय टीम द्वारा दबिश देकर बोरली गांव से इनामी बदमाश कुंभाराम जात में उसके सहयोगी रमेश कुमार विश्नोई को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में सीओ ऑफिस के कांस्टेबल ड्राइवर इमरता राम व थाना गुड़ामालानी के कांस्टेबल श्याम दान की विशेष भूमिका रही।

# अजमेर में आज खुलेगी उपभोक्ता आयोग की सर्किट बेंच

## उपभोक्ताओं को अब नहीं लगाने पड़ेंगे जयपुर के चक्कर

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर संभाग मुख्यालय पर राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की सर्किट बेंच का शुभारंभ मंगलवार को होगा, अब अजमेर के उपभोक्ताओं को जयपुर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अजमेर के सदस्य दिनेश चतुर्वेदी ने बताया कि राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की सर्किट बेंच का शुभारंभ मंगलवार को न्यायाधिपति देवेंद्र कच्छावा अध्यक्ष राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जयपुर समारोह पूर्वक करेंगे। अजमेर जिला बार एसोसिएशन द्वारा समारोह की तैयारियां की जा रही है।

सर्किट बेंच प्रभारी न्यायाधीश रमेश चंद्र शर्मा अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अजमेर को बनाया गया है। राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की सर्किट बेंच में अजमेर संभाग के अजमेर, केकड़ी, ब्यावर,शाहपुरा, डीडवाना.कुचामन, नागौर सहित अजमेर सम्भाग के मामलों की सुनवाई की जाएगी। राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की सर्किट बेंच अजमेर में आरम्भ होने से अब जयपुर नही जाना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले 20 सालों से अजमेर में राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के सर्किट बेंच शुरू करने की मांग अजमेर जिला बार एसोसिएशन द्वारा लगातार की जा रही थी, जो अब जाकर पूरी हुई है।

अजमेर में सर्किट बेंच के शुरू होने पर अजमेर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राठौड़ ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, न्यायाधिपति देवेंद्र कच्छावा अध्यक्ष राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जयपुर का आभार जताया है।

# 'पी.एम.' 'राइट टू सिक्योर'' बिल लागू करें'

- **संजीवनी केस पर बोले मुख्यमंत्री गहलोत, प्रधानमंत्री का दायित्व केंद्रीय मंत्री से केस पर बात करें, मेरी किसी के प्रति दुर्भावना नहीं**
- **मैं चाहता हूं कि जनता को वापिस मिलें : गहलोत**

**जोधपुर, (कासं)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री राइट टू सिक्योर बिल को लागू करें। जिससे आम जनता को अपनी सिक्योरिटी मिल सकें। वे किसी के प्रति दुर्भावना से कार्य नहीं कर रहे। संजीवनी घोटले पर प्रधानमंत्री को केंद्रीय मंत्री शेखावत से बात करनी चाहिए, यह उनका दायित्व है। आज डेढ़ लाख लोगों का करोड़ों रूपया फंसा है। मैं चाहता हूं कि वो जनता को वापिस मिलें। यह बात आज उन्होंने जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से संवाद में कही। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की मोदी सरकार पर कई तरह से जुबानी हमला किया। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान में कांग्रेस के प्रति लहर चल रही है। जनता सब समझती है। बीजेपी वाले कितना ही जोर लगा दें इस बार वे सत्ता में नहीं आ पाएंगे।

भाजपा विधायक सूर्यकांता व्यास द्वारा मुख्यमंत्री की तारिफ के सवाल पर मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि वे भाजपा की सबसे बुजुर्ग नेता है और वरिष्ठ है। उनका आशीर्वाद रहा है। उन्होंने ऐसा पहले भी कई बार कहा है, उनकी उम्र को लेकर उनकी पार्टी के लोगों ने जो कहा वह निंदा करने जैसा है। सूयकांता व्यास का आशीर्वाद सदैव रहा है। उनसे आत्मीयता के संबंध है। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि हम लोककल्याणकारी योजनाओं के तहत कार्य कर रहे है।

पब्लिक कल्याण हो ऐसा हमरा ध्येय है। उन्होंने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे चाहे जितनी मिटिंगे कर लें या रैलियां निकाल लें जनता सब जानती है। प्रधानमंत्री सातवीं बार राजस्थान आ चुके है। कई मंत्रियों के दौरे शुरू हो गए है। बीजेपी कितने ही तामझाम कर लें, प्रचार कर लें मगर मुझे ऐसा लगता है कि राजस्थान में हमारी सरकार फिर से रिपीट होगी।

# कार नदी में गिरी, हादसे में दंपती की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** बाघपुरा थाना क्षेत्र में अनियंत्रित कार पुलिया से नीचे जा गिरी। दुर्घटना में पानी में डूबने से दम्पत्ति की मौत हो गई जबकि पुत्र घायल हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सवेरे बाघपुरा थाना क्षेत्र सेलाना मोड़ पर वाहन को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हुर कार पुलिया से करीब 15 फीन नीचे पानी में गिर कर पलट गई। सूचना मिलने पर बाघपुरा थानाधिकारी कर्मवीरसिंह, एएसआई हेमेन्द्र, कांस्टेबल सुरेश, हाइवे मोबाईल हेडकांस्टेबल नानलाल मय टीम ने मौके पर पहुंच कर पानी में डूबी कार से महेन्द्र कोठारी (61) पुत्र पदम कोठारी, मंजू (55) पत्नी महेन्द्र कोठारी तथा शैलेश (35) पुत्र महेन्द्र को बाहर निकाल उदयपुर एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने महेन्द्र व उसकी पत्नी मंजू को मृत घोषित कर दिया तथा घायल को भर्ती कर उपचार शुरू किया। पुलिस ने मृतकों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि पुत्र शैलेश माता मंजू की तबियत खराब होने पर पिता महेन्द्र के साथ कार में उदयपुर चिकित्सालय जा रहा था। जहां बीच रास्ते में हादसा हो गया।

# केंद्र सरकार से ई.डब्ल्यू.एस. आरक्षण की जटिल शर्तों के सरलीकरण की मांग

## ई.डब्ल्यू.एस. आरक्षण संघर्ष समिति ने प्रेसवार्ता कर मांग की

- **मांग नहीं माने जाने पर चुनाव में भाजपा के बहिष्कार की चेतावनी दी**

**अजमेर, (कासं)।** ई.डब्ल्यू.एस आरक्षण संघर्ष समिति अजमेर के बैनर तले ई.डब्ल्यू.एस आरक्षण में आने वाले ब्राह्मण, वैश्य, राजपूत, सिंधी और पठान शेख समाज के प्रमुख सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने सोमवार को संयुक्त प्रेसवार्ता कर केन्द्र सरकार से राजस्थान सरकार की तर्ज पर ई.डब्ल्यू.एस आरक्षण की जटिल शर्तों का सरलीकरण करने की मांग की। केंद्र सरकार द्वारा मांग नहीं माने जाने पर आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा के बहिष्कार की चेतावनी भी दी।

संघर्ष समिति संयोजक सदस्य सुदामा शर्मा ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा 20 जनवरी 2019 को अनारक्षित वर्गों को आर्थिक आधार पर आरक्षण का नोटिफिकेशन जारी किया गया था, जिसमें भूमि भवन से संबंधित जटिल शर्तों को रखा गया, जिससे आरक्षण का लाभ अनारक्षित वर्गों को नहीं मिल सका और न ही कोई प्रशासनिक अधिकारी इन जटिल शर्तों के कारण ई.डब्ल्यू.एस आरक्षण प्रमाण पत्र जारी कर सके। इन सभी जटिलताओं के मद्देनजर प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने लोककल्याणक कदम उठाते हुए ई.डब्ल्यू.एस आरक्षण से जुड़ी अव्यवहारिक शर्तों का सरलीकरण करते हुए 20 अक्टूबर 2019 को नोटिफिकेशन जारी कर भूमि व भवन से संबंधित सभी शर्तों का सरलीकरण कर आर्थिक पिछड़ा वर्ग को राहत प्रदान की। उन्होंने कहा कि ई.डब्ल्यू.एस आरक्षण में आने वाली जातियों के प्रशासनिक स्तर पर प्रमाण पत्र लगने, सभी सरकारी भर्तियों में आरक्षण के अंतर्गत ई.डब्ल्यू.एस में आने वाली जातियों के युवाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिल रहा है। उन्होंने इसके लिए मुख्य अशोक गहलोत और आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ का आभार जताया।

संघर्ष समिति सदस्य सुमेर सिंह, महेंद्र सिंह कड़ेल ने बताया कि प्रदेश सरकार ने अन्य आरक्षित वर्ग की ई.डब्ल्यू.एस वर्ग को भी सरकारी नौकरियों में 5 वर्ष की आयु सीमा छूट व प्रमाण पत्र की वैध अवधि एक वर्ष से बढ़ाकर तीन वर्ष की तथा राज्य सरकार द्वारा अनुप्रति कोचिंग योजना, डीबीटी वाउचर योजना तथा इंजीनियरिंग सेवा में ई.डब्ल्यू.एस पुरुष को आयु सीमा में 5 वर्ष व महिला को 10 वर्ष की छूट प्रदान कर रखी है। संघर्ष समिति सदस्यों ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा किए ई.डब्ल्यू.एस वर्ग भारतीय जनता का वोट बैंक रहा है फिर भी भाजपा उनकी उचित मांगों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है, इस वर्ग में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों, सांसदों, सदस्यों व जन प्रतिनिधियों से मांग की कि समय रहते यदि प्रदेश सरकार की तर्ज पर केंद्र सरकार ई.डब्ल्यू.एस आरक्षण की प्रक्रिया को सरलीकरण करते हुए मांग को पूरा करवा समाज को अनुग्रहित कराए ताकि केन्द्र सरकार की नौकरियों व योजनाओं में उचित प्रतिनिधित्व मिले। यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो ई.डब्ल्यू.एस वर्ग में सम्मिलित सभी समाज एकजुट होकर प्रदेश में आन्दोलन कर आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों में भाजपा का बहिष्कार करेंगे।

प्रेस वार्ता में अग्रवाल समाज से डॉ. विष्णु चौधरी अध्यक्ष अग्रोहा बंधु पश्चिम सेवा संस्थान अजमेर, अशोक पंसारी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन, गिरधारी लाल मंगल जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन, डॉ. सुरेश गर्ग समाजसेवी अग्रवाल समाज, ब्राह्मण समाज से सुदामा शर्मा अध्यक्ष राजस्थान ब्राह्मण महासभा अजमेर, राजीव शर्मा वरिष्ट उपाध्यक्ष राजस्थान ब्राह्मण महासभा, मोहनलाल पारीक पूर्व अध्यक्ष पारीक समिति अजमेर, राधेश्याम पारीक अध्यक्ष पारीक सेवा समिति अजमेर, विवेक पराशर लोक अभियोजक अजमेर, राजपूत समाज से सुमेर सिंह अध्यक्ष राजपूत छात्रावास अजमेर, महेंद्र सिंह कड़ेल अध्यक्ष जयमल कोट पुष्कर, सुरेन्द्र सिंह थेबडी अध्यक्ष राजवंश संस्थान लोहागल अजमेर, नरेन्द्र सिंह जालमपुरा अध्यक्ष एडवोकेट्स बार एसोसियन अजमेर, सिन्धी समाज से डॉ.लाल थदानी, मोहन चेलानी, राजेश आनंद, कायस्थ समाज प्रतिनिधि कल्पना भटनागर, पठान शेख समाज से नासिर खान और नजर खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के लिए हमारी महिला क्रिकेट टीम को बधाई।

– ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय एथलिटों को बधाई दी।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## नाजमुल हुसैन शांतो



न्यूजीलैंड के खिलाफ मंगलवार को तीसरे एक दिवसीय मैच में नाजमुल हुसैन शांतो बांग्लादेश के कप्तान होंगे। मेज़बान टीम ने पहले दो वनडे मैच में कई विश्व कप दल के खिलाड़ियों को आराम दिया था और आख़िरी मुक़ाबले के लिए उन्होंने कई परिवर्तन भी किए हैं। पहले दो मैचों में आराम कर रहे अधिकतर खिलाड़ियों को वापस बुलाया गया है, जबकि अस्थायी कप्तान लिटन दास, तमीम इक़बाल और मुस्तफ़िज़ुर रहमान को आराम दिया गया है। शांतो के अलावा स्क्वॉड में मुशफ़िकुर रहीम, मेहदी हसन मिराज़, तस्कीन अहमद और शोरिफ़ुल इस्लाम की भी वापसी हुई है।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीड वुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 87 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन हैं।

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम का नाम इतिहास के पन्नों में हुआ दर्ज

## हरमनप्रीत ब्रिगेड ने जीता स्वर्ण पदक



नई दिल्ली, 25 सितम्बर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सोमवार को हांगझोऊ में इतिहास रच दिया। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने एशियन गेम्स 2023 के महिला क्रिकेट के फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से पटखनी दी। भारतीय टीम ने इसी के साथ गोल्ड मेडल जीता और अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज कराया।

भारतीय टीम ने पहली बार एशियन गेम्स में हिस्सा लिया और गोल्ड मेडल जीता। क्रिकेट स्पर्धा में भारत ने पहली बार गोल्ड मेडल जीता। हांगझोऊ में खेले गए मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 116 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 97 रन बना सकी। 117 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका को कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने धमाकेदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने दीप्ति शर्मा द्वारा किए पारी के पहले ओवर में एक छक्के और एक चौके के साथ 12 रन बनाए। मगर फिर भारत की युवा तेज गेंदबाज तितस सिधू ने अपना जलवा बिखेरा। उन्होंने अपने पहले ओवर में अनुष्का संजीवनी (1) और विषमी गुनारत्ने को शिकार बनाया। गुनारत्ने खाता नहीं खोल सकी।

इसके बाद सिधू ने श्रीलंका को तगड़ा झटका देते हुए कप्तान चमारी अट्टापट्टू (12) को कवर्स में दीप्ति शर्मा के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद हसीनी परेरा (25) और निलाक्षी डी सिल्वा (23) के बीच साझेदारी हुई, लेकिन ये दोनों रन गति में इजाफा नहीं कर सकी। भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल में विकेट निकाले और श्रीलंका को लक्ष्य की पहुंच से बहुत दूर रखा। राजेश्वरी गायकवाड़ ने आखिरी ओवर करते हुए भारत की जीत पर मुहर लगाई। भारत की तरफ से तितस सिधू ने सबसे ज़्यादा तीन विकेट लिए। राजेश्वरी गायकवाड़ को दो सफलता मिली। दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर और देविका वैद्य के खाते में एक-एक विकेट आया।

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। शैफाली वर्मा (9) कुमारी ने स्टंपिंग कराया। यहां से स्मृति मंधाना (46) और जेमिमा रॉड्रिग्ज (42) ने दूसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी करके भारत को 100 रन के करीब पहुंचाया। मंधाना अपना अर्धशतक जमाने से चूकी। उन्होंने 45 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से 46 रन बनाए। मंधाना के आउट होने के बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई। ऋचा घोष (9), कप्तान हरमनप्रीत कौर (2), पूजा वस्त्राकर (2), अमनजोत कौर (1) सस्ते में पवेलियन लौटीं। जेमिमा भी आखिरी ओवर में आउट हुईं। उन्होंने 40 गेंदों में पांच चौके की मदद से 42 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से उदेशिका प्रबोधनी, सुगंधिका कुमारी और इनोका रणवीरा को दो-दो विकेट मिले।

## कार 24 बना युवा कब्बडी सीरीज 2023 का शीर्षक प्रायोजक

नई दिल्ली, 25 सितंबर। देश के पहले साल भर चलने वाले खेल टूर्नामेंट युवा कबड्डी सीरीज़ ने 24 सितंबर से 22 अक्टूबर तक होने वाले अपने आगामी मानसून संस्करण के शीर्षक प्रायोजक के रूप में एक प्रमुख ऑटोटेक कंपनी का 24 के साथ हाथ मिलाया है। युवा कबड्डी सीरीज का मकसद देश भर के युवा कबड्डी खिलाड़ियों की असाधारण प्रतिभा और कौशल को प्रदर्शित करना है। इस सहयोग के साथ कार 24 न केवल भारत के उभरते खेल सितारों को समर्थन और प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित कर रहा है बल्कि देश में युवाओं के लिए एक उज्जवल और अधिक आशाजनक भविष्य को बढ़ावा देने के लिए अपने समर्पण की भी पुष्टि कर रहा है।

## स्पिनर को देख दाएं हाथ के बल्लेबाज बने डेविड वॉर्नर



नई दिल्ली, 25 सितम्बर। स्पोर्ट्स डेस्क।भारत ने दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को करारी हार दी। इस बीच ऑस्ट्रेलिया की पारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। ऑस्ट्रेलियाई की पारी भारतीय गेंदबाजों के सामने ताश के पत्तों की तरह बिखरी। दरअसल ऑस्ट्रेलिया की पारी के 12वें ओवर में डेविड वॉर्नर स्ट्राइक पर थे और सामने अश्विन की लहराती हुई गेंद थी। ओवर की तीसरी गेंद पर वॉर्नर ने अश्विन को देख दाएं हाथ से बल्लेबाजी करना शुरू किया और जोरदार चौका जड़ दिया।

इस पर अश्विन आग बबूला हो गए। उन्होंने अंपायर से भी बात की, लेकिन अंपायर ने कहा ये पूरी तरह से बल्लेबाज की मर्जी है। ऐसे में अश्विन भी कहा मानने वाले थे। अगली गेंद पर स्ट्राइक रोटेट हुई और लाबुशेन आए, जिन्हें अश्विन ने क्लीन बोल्ड करके पवेलियन भेजा।

अश्विन ने वॉर्नर और लाबुशेन के बीच 80 रन की पार्टनरशिप को तोड़ा। पारी के 14वें ओवर की पहली गेंद पर वॉर्नर दाएं हाथ से ही बल्लेबाजी कर रहे थे। अश्विन ने गेंद डाली और उन्हें एलबीडब्ल्यू करके पवेलियन भेजा। इस पर कप्तान पैट कमिंस भी जोर से ठहाका लगाकर हंसे पड़े। अश्विन के इस विकेट की जमकर तारीफ हो रही है। भारतीय गेंदबाजों के सामने कंगारू बल्लेबाज टिक नहीं पाए और समय-समय पर विकेट गिरते रहे। 28 वें ओवर में पूरी टीम 217 रन पर ढेर हो गई और भारत ने 99 रन से होल्कर में लगातार 7वीं जीत हासिल करके रिकॉर्ड बनाया।

## भारत-पाक मैच के प्रति दीवानगी में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

नई दिल्ली, 25 सितंबर। भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में खेला गया एशिया कप सुपर फोर मुकाबला विश्व कप के अलावा अब तक का सबसे ज्यादा रेटिंग वाला वनडे मैच बन गया है। एशिया कप 2023 के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने भारत में खेल देखने के लिए एक रिकॉर्ड मील का पत्थर हासिल किया है। एशिया कप के फाइनल को छोड़कर टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण 266 मिलियन दर्शकों ने देखा जो अब तक का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला संस्करण बन गया है। स्टार स्पोर्टस के मुताबिक टूर्नामेंट को देखने का कुल समय पिछले संस्करण की तुलना में 75 फीसदी बढ़ गया है। फाइनल को छोड़कर टूर्नामेंट 73.5 बिलियन मिनट से अधिक देखा गया है। स्टार स्पोर्ट्स के प्रवक्ता ने कहा कि टूर्नामेंट में गैर-भारत मैचों के लिए लाइव मैच रेटिंग (टीवीआर) में भी 75 फीसदी की वृद्धि देखी गई। एशिया कप रिकॉर्ड दर्शकों की संख्या विश्व कप के दौरान प्रशंसकों के लिए नई ऊंचाइयों को छूने और पिछले रिकॉर्ड को चुनौती देने के लिए मंच तैयार करती है। स्टार स्पोर्ट्स ने दर्शकों को टीम इंडिया तक पर्दे के पीछे की विशेष पहुंच प्रदान करने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए।

## गेंदबाजों की दरियादिली ऑस्ट्रेलिया के लिये चिंता का विषय

इंदौर, 25 सितंबर। पांच अक्टूबर को शुरू होने से क्रिकेट विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज़ों का लचर प्रदर्शन टीम प्रबंधन के लिये चिंता का सबब बना हुआ है। हाल में संपन्न दक्षिण अफ्रीका सीरीज और भारत के खिलाफ पिछले दो मैचों में आस्ट्रेलिया गेंदबाजों का प्रदर्शन औसत रहा है। रविवार को इंदौर में भारतीय बल्लेबाज़ों ने उनकी जमकर पिटाई की और ऑस्ट्रेलिया को लगातार पांचवीं बार वनडे में हार का सामना करना पड़ा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए भारत ने पांच विकेट पर 399 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। इससे पहले साउथ अफ़्रीका ने लगातार वनडे मैचों में 416, 338 और 315 के स्कोर बनाए थे। इन चार मैचों में से तीन में खेले शॉन ऐबट ने भारत के ख़िलाफ़ दूसरे वनडे में 10 ओवर में 91 रन ख़र्च किए थे।

ऐबट ने कहा, हमने एग्ज़िक्यूशन में लगातार ग़लतियां की हैं। यह कहना आसान है कि हम ऐसी हार से सीखेंगे और ख़ुद को बेहतर बनाएंगे, लेकिन हमें एक्ज़िक्यूट बेहतर करना ही होगा। हमने साउथ अफ़्रीका में और आज भी, जब भी चूक की, तब हमें बड़ी मार पड़ी।

ऑस्ट्रेलिया के बचाव में कहा जा सकता है कि इन मैचों में एक बार भी उनकी पहली पसंद के गेंदबाज़ साथ नहीं खेले हैं। हालांकि विश्व कप से पहले केवल एक और वनडे और दो और अभ्यास मैचों से पहले, और वह भी चेन्नई में मेज़बान भारत के विरुद्ध मैच से पहले एक चिंता का विषय है। ऑस्ट्रेलिया के प्रबंधन ने विश्व कप से पहले थकान से अपने खिलाड़ियों को बचाने की बात की है, लेकिन एक दूसरा पहलू है कि शायद कुछ खिलाड़ी तैयार भी ना हों।

ग्रॉइन इंजरी से परेशान मिचेल स्टार्क पिछले सात वनडे नहीं खेल पाए हैं लेकिन बुधवार को आख़िरी मैच में वह खेलने की उम्मीद रख रहें हैं। चोटों और पितृत्व अवकाश के चलते ग्लेन मैक्सवेल और ऐश्टन एगार भी अनुपलब्ध रहें है और फ़िलहाल दोनों के फ़िटनेस को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। इंदौर में पैट कमिंस और मिचेल मार्श दोनों को आराम दिया गया था। कमिंस हाल ही में कलाई के चोट से लौटे थे और सीरीज़ से पहले तीनों मैच खेलने की उम्मीद जता रहे थे। मार्श ने पिछले छह लगातार मैच खेले थे लेकिन एक में भी गेंदबाज़ी नहीं की थी।

## धर्मशाला स्टेडियम में क्रिकेट विश्व कप की तैयारियां जोरों पर

शिमला, 25 सितंबर। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में अक्टूबर माह में होने वाले आईसीसी एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। मैदान में तैयारियों के अलावा पिचों को भी तैयार करने का काम जोरों पर चल रहा है। मैच में बारिश बाधा ना बने, इसके लिए एचपीसीए की ओर से 26 सितंबर को खनियारा स्थित इंद्रु नाग मंदिर में हवन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बारिश के देवता से मैचों के सफल आयोजन के लिए प्रार्थना की जाएगी। धर्मशाला में सात अक्टूबर को पहला मैच बंगलादेश और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा। भारतीय टीम 22 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के साथ अपना मुकाबला खेलेगी।

## भारतीय निशानेबाजी टीम ने जीता पहला स्वर्ण पदक

हांगझोऊ 25 सितंबर। चीन में चल रहे 19 वें एशियाई खेलों में भारतीय निशानेबाजी टीम ने इतिहास रचते हुए आज 10 मीटर पुरुष राइफल स्पर्धा में देश का पहला स्वर्ण पदक जीता। वही विजयवीर सिद्धू, आदर्श सिंह, अनीश भनवाला की पुरूष 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीम ने 1718 स्कोर के साथ कांस्य पदक पर कब्जा किया।

रुद्रांक्ष पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, दिव्यांश सिंह पंवार की भारतीय टीम ने पुरूष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में 1893.7 अंक हासिल कर विश्व रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया उसने चीन के 1893.3 अंकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

भारत के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 10 मीटर एयर राइफल में 228.8 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। चीन के शेंग लिहाओ ने 253.3 अंकों के साथ विश्व रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीता, जबकि दक्षिण कोरिया के हाजुन पार्क ने 251.3 अंकों के साथ रजत पदक मिला। निशानेबाजी में विजयवीर सिद्धू, आदर्श सिंह, अनीश भनवाला की पुरूष 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीम ने 1718 स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं, विजयवीर सिद्धू ने 583 स्कोर के साथ 6वीं रैंक के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## पीएम ने एशियाई खेलों में नौकायन, निशानेबाजी में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को दी बधाई

नयी दिल्ली, 25 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में नौकायन और निशानेबाजी स्पर्धा में पदक जीतने वाली टीम और उसके खिलाड़ियों को सोमवार को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने आज एशियाई खेल 2022 में कांस्य पदक जीतने के लिए भारत की पुरुष कॉक्सलेस फोर रोइंग टीम के आशीष, भीम सिंह, जसविंदर सिंह और पुनित कुमार को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस टीम ने अतुलनीय दृढ़ संकल्प और आपसी समन्वय के बल पर इस उल्लेखनीय उपलब्धि को हासिल किया है। इसके साथ ही श्री मोदी ने एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर राइफल महिला टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल करने के लिए निशानेबाज रमिता, मेहुली घोष और आशी चौकसे को बधाई दी।

**राजस्थान**

# 3600 अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोले, शिक्षकों नहीं दी नियुक्ति

### शिक्षकों के अभाव में केवल कागजी साबित हो रहे अंग्रेजी माध्यम विद्यालय

**कोटपूतली,** (निसं)। प्रदेश के 3600 महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में चयन परीक्षा परिणाम के बाद भी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई है।

राजस्थान एकीकृत शिक्षक महासंघ के संरक्षक मनोज चौधरी ने बताया कि प्रदेश में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की सौगात दी गई है, ताकि गरीब, वंचित व अन्य तबकों के विधार्थी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पढ़ लिखकर निजी स्कूलों की तर्ज पर अपनी अंग्रेजी की पकड़ को मजबूत कर सकें। लेकिन वर्तमान सत्र के महत्वपूर्ण चार माह बीत जाने के बाद भी इन अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं।

- **इन स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के सपने दम तोड़ते नजर आ रहे हैं, इससे अभिभावकों का विभाग व सरकार के प्रति रोष बढ़ रहा है**
- **3600 महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में चयन परीक्षा परिणाम के बाद भी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं**

गौरतलब है कि विभाग द्वारा इन स्कूलों में अंग्रेजी की दक्षता रखने वाले शिक्षकों को लगाने के लिए अंग्रेजी माध्यम में दक्षता परीक्षा का आयोजन भी गत 10 अगस्त को करवाया था। जिसका परिणाम आए हुए भी डेढ़ माह से अधिक का समय हो चुका है, परिणाम में प्रिंसिपल, व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक, अध्यापक लेवल 2, अध्यापक लेवल 1 सहित कुल 15128 शिक्षक सफल घोषित किए गए थे। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष हरपाल दादरवाल का कहना है कि विभाग की उदासीनता, अधिकारियों की लेटलतीफी और शिक्षा मंत्री के ढुलमुल रवैये के कारण इन शिक्षकों को अभी तक नियुक्ति नहीं दी गई है। जिस कारण राज्य सरकार की ये फ्लैगशिप योजना धरातल पर बेदम साबित हो रही है। ऐसे में इन स्कूलों में पढने वाले विद्यार्थियों के सपने दम तोड़ते नजर आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अभिभावकों के माथे पर अपने बच्चों के खराब होते भविष्य को लेकर चिंता की लकीरें नजर आने के साथ ही उनमें दिन प्रतिदिन विभाग और सरकार के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है।

क्योंकि जब तक अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षक इन स्कूलों में नहीं होंगे तो आम आदमी और उनके बच्चों को केवल कागजी महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने से कोई फायदा नहीं होगा। अत: सरकार को जल्द से जल्द इस ओर ध्यान देकर चयन परीक्षा में सफल हुए शिक्षकों को नियुक्ति देनी चाहिए जिससे कि इन अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों का खुलना सार्थक सिद्ध हो सके। यदि इस सप्ताह सरकार महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण विभाग के अध्यापकों को नियुक्ति नहीं देती है तो मजबूरन प्रदर्शन किया जायेगा।

# फाइनेंस कम्पनी के कार्मिक पर हमला, छह लाख लूटे

### पीड़ित जयपुर में उपचाराधीन है तथा अभी तक होश नहीं आया है

**निवाई,** (निसं)। शहर में एस.के. फाइनेंस के कार्मिक से अज्ञात लुटेरे छह लाख रूपये से भरा बैग छीनकर फरार हो गए और कार्मिक को उस्तरा से हमलाकर घायल कर दिया। घायल को परिवारजनों ने अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर कर दिया।

पीड़ित के पिता छत्रधारी शर्मा ने बताया कि गौरव एसके फाइनेंस कम्पनी के कार्यालय जमात में कार्य करता है। गौरव सोमवार की सुबह एचडीएफसी बैंक में 6 लाख रुपये की राशि व 50 हजार के चैक जमा करवाने के लिए जा रहा था। इसी दौरान महावीर कॉलोनी में अज्ञात लोगों ने उसका पीछा कर बैग छीनने की कोशिश की। कार्मिक ने बैग नहीं छोड़ा तो उस्तरे से वार कर उसके दोनों हाथों को जख्मी कर दिया जिससे वह लहुलुहान हो गया। इसके बाद भी उसने बैग नहीं छोड़ा। इस पर हमलावरों ने उसके पेट पर वार कर दिया और रूपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। जैसे-तैसे लहुलुहान व घायल अवस्था में गौरव अपने पिता की दुकान पहुंचा और बेहोश होकर गिर गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस एएसआई मोहनलाल मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे। एएसआई मोहनलाल ने बताया कि पीड़ित जयपुर में उपचाराधीन है तथा अभी तक होश नहीं आया है। पीडित के होश आने पर पूरे मामले की जानकारी मिल पाएगी। पुलिस उक्त क्षेत्र के सीसीटीवी केमरे के फूटेज खंगाल रही हैं।



**राजकीय सामुदायिक अस्पताल में भर्ती लुटेरे के हमले से घायल गौरव।**

# बॉर्डर पर मिला ड्रोन, माउजर के 15 कारतूस मिले

### बीएसएफ व पुलिस इलाके में चला रही सर्च ऑपरेशन

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। अंतरराष्ट्रीय सीमा में केसरीसिंहपुर थाना इलाके के गांव चक दो आर में पाकिस्तानी ड्रोन व उसके साथ पंद्रह विदेशी माउजर के कारतूस मिलने के बाद पुलिस व बीएसएफ की ओर से इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। गजसिंहपुर थाना प्रभारी दिनेश सारण ने बताया कि बीएसएफ को सूचना मिली थी कि इलाके के गांव चक दो आर में एक खेत में ड्रोन पड़ा हुआ है।

मामले की सूचना मिलने पर बीएसएफ के अधिकारी व सीओ करणपुर शुधा पालावत, थाना प्रभारी मय पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंच गए। जहां एक पाकिस्तानी ड्रोन मिला है। इस ड्रोन के साथ 7.63 एमएम के 15 विदेशी माउजर कारतूस मिले हैं। इसके अलावा ड्रोन के साथ और क्या सामान आया, इसको लेकर रविवार सुबह से ही बीएसएफ व पुलिस की ओर से इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। चौबीस घंटे के सर्च अभियान के दौरान वहां आसपास इलाके में कोई अन्य सामान हेरोइन आदि के पैकेट नहीं मिल पाए हैं। बीएसएफ की ओर से बॉर्डर से लेकर ड्रोन मिलने वाले स्थाना व आसपास सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसके लिए रविवार दिन में इलाके में नाकेबंदी भी कराई गई थी लेकिन कोई संदिग्ध नहीं मिला। ड्रोन के साथ मिले 15 कारतूस 7.63 एमएम विदेशी माउजर के बताए जा रहे हैं। ड्रोन टूटी फूटी हालत में मिला है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शुधा पालावत, डीएसपी श्रीकरणपुर श्रीगंगानगर का कहना है कि केसरीसिंहपुर, थाना इलाके में चक दो आर में क्षतिग्रस्त हालत में एक पाकिस्तानी ड्रोन मिला है, जिसके साथ पंद्रह विदेश कारतूस मिले हैं। जो संभवतया विदेशी माउजर के हो सकते हैं। पुलिस व बीएसएफ ने सर्च अभियान चलाया लेकिन कुछ नहीं मिला है। सर्च जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कोटा बैराज के छह गेट खोले

**कोटा,** (निसं)। कोटा एमपी के कैचमेंट एरिया में हो रही बारिश से गांधी सागर का लेवल बढ़ गया। लेवल को मेंटेन रखने के किए गांधी सागर से पानी की निकासी की जा रही है। इसके चलते कोटा बैराज से 6 गेट को खोलकर करीब 80 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। कोटा बैराज का लेवल 853.30 फीट तक पहुंच गया। अधिशाषी अभियंता भारत रत्न गौड़ ने बताया कि गांधीसागर का लेवल बढ़ कर 1311 के आसपास पहुंच गया है। वर्तमान में गांधी सागर से 58 हजार क्यूसेक के करीब पानी की निकासी की जा रही है। ये पानी राणाप्रताप सागर व जवाहर सागर बांध से होता हुआ कोटा बैराज में आ रहा है। दोपहर में एक बजे कोटा बैराज के तीन गेट खोले गए थे। दोपहर 2 बजे करीब बैराज के 6 गेट खोले गए। बैराज से 80 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। वर्तमान में सभी बांध भराव क्षमता पर हैं। इस कारण जितना पानी आएगा उतनी ही निकासी की जाएगी।

# मर्डर का खुलासा, दो महिला सहित छह जने गिरफ्तार

**अलवर,** (निसं)। जिले की लक्ष्मणगढ़ थाना पुलिस ने एक सप्ताह पहले लिली गांव के पास बांध की पाल पर बने कुएं में बोरी में लिपटी एक व्यक्ति की लाश के ब्लाइंड मामले का खुलासा कर दिया है। मामले में दो महिलाओं समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि 15 सितंबर को सूचना मिली कि लक्ष्मणगढ़ से लिली गांव की ओर जाने वाले बांध पर बने एक कुएं से बहुत बदबू आ रही है। सूचना पर एसएचओ श्रीराम मय टीम के मौके पर पहुंचे। कुएं से एक कपड़े की गठरी को बाहर निकाला तो एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली। इस पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मृतक की पहचान आकाश सक्सेना निवासी थाना सासनी गेट उत्तर प्रदेश हाल थाना न्यू कॉलोनी हरियाणा के रूप में की गई। मुखबिर सूचना, तकनीकी सहायता और गठित टीम के अथक प्रयास से घटना का खुलासा कर मामले में आरोपी नरेंद्र कुमार बैरवा, पिता जयराम बैरवा, मां मथुरी देवी और पत्नी टीना बैरवा निवासी लक्ष्मी नगर खुदनपुरी थाना वैशाली नगर जिला अलवर, योगेश कुमार जाटव निवासी रोनिजा पहाड़ थाना लक्ष्मणगढ़ तथा संतोष सहारिया निवासी मसारी थाना कठूमर जिला अलवर को गिरफ्तार किया गया। एसपी शर्मा ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने हत्या का कारण मृतक के आपसी घरेलू संबंध और पैसों के लेनदेन का मामला बताया है, जिसके संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है। आरोपियों ने 4 सितंबर को मृतक को अपने घर बुलाया और चुन्नी से गला दबाकर हत्या कर शव को बोरी व साड़ी की बनी गुदड़ी की खोल में पैक कर लिली गांव के पास बंध की पाल पर बने कुएं में फेंक दिया।



**पुलिस ने दो महिलाओं सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

- **अलवर जिले की लक्ष्मणगढ़ थाना पुलिस ने किया मामले का खुलासा**
- **आरोपियों ने मृतक को अपने घर बुलाया और चुन्नी से गला दबाकर हत्या कर दी**

# भाजपा से "ऑफिशियली" नाता तोड़ा अन्नाद्रमुक ने

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- अन्नाद्रमुक नेतृत्व ने कहा कि, पार्टी अपने नेताओं अन्ना दुरै और जयललिता का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी।
- अन्नाद्रमुक नेताओं ने भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व से तमिलनाडू भाजपा प्रमुख अन्नामलाई को हटाने की गुहार की थी, पर जब ऐसा नहीं हुआ तो अन्नाद्रमुक ने पहले चेतावनी दी और फिर रिश्ता तोड़ लिया।
- भाजपा के साथ गठबंधन टूटने पर अन्नाद्रमुक कार्यकर्ताओं ने पटाखे जलाकर खुशी जताई।

नई दिल्ली, 25 सितम्बर। अब यह अधिकारिक हो गया है। अन्नाद्रमुक ने सोमवार को भाजपा से अपना गठबंधन तोड़ लिया है क्योंकि उसके सभी जिला इसकी मांग कर रहे थे। कारण यह है कि भाजपा की तमिलनाडु इकाई रात-दिन अन्नाद्रमुक नेताओं को गालियां निकालती है।

भाजपनीत एन.डी.ए. से अलग होने की घोषणा आज चेन्नई में अन्नाद्रमुक के जिला सचिवों, सांसदों और विधायकों की बैठक में की गई। इसका अर्थ यह है कि तमिलनाडु में अब मुकाबला त्रिकोणीय होगा जिसका फायदा द्रमुक (डी.एम.के.) को मिलेगा।

अन्नाद्रमुक नेता के.पी. मुनु स्वामी ने पार्टी मुख्यालय पर संवाददाताओं से कहा, "आज से हम गठबंधन से बाहर हो रहे है और संसद का चुनाव अन्य गठबंधन सहयोगियों के साथ लड़ेंगे।"

इस निर्णय की घोषणा के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने दोपहर बाद सभा स्थल पर पटाखे चलाए। दरअसल पार्टी के कई नेताओं का मानना है कि अन्नाद्रमुक राज्य में भाजपा के साथ गठबंधन के कारण अपना आधार खो रही थी क्योंकि भाजपा को ऐसी पार्टी के रूप में देखा जा रहा है जो तमिलनाडु के हितों के खिलाफ है।

लेकिन पार्टी के सूत्रों का कहना है कि आम चुनाव के बाद सरकार बनाने में अन्नाद्रमुक भाजपा का समर्थन दे सकती है। हाल के माहों में दोनों पार्टियों के संबंध तनावपूर्ण थे क्योंकि भाजपा के राज्य अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने काफी आक्रामक रूख अपना लिया था और विपक्ष का सारा स्थान घेरने में लगे थे। इससे अन्नाद्रमुक के कार्यकर्ता और पदाधिकारी खफा थे।

अन्नामलाई ने अन्नादुराई और जे. जयललिता सहित कई अन्नाद्रमुक नेताओं के खिलाफ अनर्गल भाषा का प्रयोग किया।

अन्नाद्रमुक के प्रवक्ता कोवई सत्यन ने एक टी.वी. चैनल को कहा कि भाजपा अन्नाद्रमुक को हल्के में नहीं ले सकती और पार्टी इस अपमान को और सहन नहीं कर सकती। जिसकी कीमत उसे अपने राजनैतिक चेहरे के रूप में चुकानी पड़ रही है।

भाजपा लगातार बार-बार गठबंधन धर्म को तोड़ रही है और अन्नाद्रमुक ने इसे बचाने की पूरी कोशिश की।

अन्नाद्रमुक के शीर्ष नेता दिल्ली में डेरा डाले थे केन्द्रीय गृह मंत्री और भाजपा के रणनीतिकार को स्थिति बयान करते हुए अन्नामलाई को हटाने की शर्त पर गठबंधन जारी रखने की बात कहने।

लेकिन भाजपा दीर्घावधि राजनीति के तहत राज्य में अपनी इकाई को मजबूत करने और अपना जनाधार बढ़ाने की सोच रही है। अन्नामलाई भीड़ जुटा रहे हैं और राज्य इकाई को उम्मीद है कि भाजपा आगे बढ़ सकती है लेकिन अन्नाद्रमुक के साये में रहकर नहीं कर पा रही है।

अन्नाद्रमुक के इस निर्णय के साथ ही यह स्पष्ट हो गया है कि पार्टी लोकसभा चुनाव तथा 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव अपने बलबूते पर अपने सहयोगियों के साथ लड़ेगी। लेकिन भाजपा भी इसी कोशिश में लगी है इसलिए द्रमुक-विरोधी वोटों का विभाजन हो जाएगा जिससे लोकसभा में इण्डिया गठबंधन की जीत आसान होगी।

## जे.डी.एस. उपाध्यक्ष ने पार्टी छोड़ी

बेंगलुरु, 25 सितंबर (वार्ता)। जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन के तुरंत बाद उस समय बड़ा झटका लगा जब उसकी कर्नाटक इकाई के उपाध्यक्ष सैयद शफीउल्ला ने धर्मनिरपेक्षता का हवाला देते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया। शफीउल्ला ने

- जे.डी.एस. उपाध्यक्ष ने भाजपा से गठबंधन के विरोधस्वरुप जे. डी. एस. से इस्तीफा दे दिया।

रविवार को यहां अपने बयान में कहा , धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखने वाले कई और लोग जद (एस) छोड़ देंगे। भाजपा जातियों और समुदायों के बीच मतभेद पैदा करती है और अपने सांप्रदायिक एजेंडे के अनुसार काम करती है। इससे पहले उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सी.एम. इब्राहिम को अपना इस्तीफा सौंपते हुए कहा था कि उनके पास पार्टी छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, जिसने भाजपा जैसी सांप्रदायिक पार्टी से हाथ मिलाया है।

# मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने केन्द्रीय मंत्रियों, सांसदों की फौज उतारी

**भाजपा ने कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, सांसद गणेश सिंह, सीधी से सांसद रीती पाठक, निवास से फग्गन सिंह कुलस्ते, नरसिंहपुर से प्रहलाद सिंह पटेल को विधानसभा चुनाव का टिकट थमाया**

- केंद्रीय मंत्रियों के अलावा कैलाश विजयवर्गीय को भी टिकट दिया। बीजेपी की दूसरी लिस्ट में 39 उम्मीदवारों का नाम है, जिनमें 6 महिलाएं हैं। इससे पहले अगस्त में भाजपा ने इस चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी, उसमें भी 39 उम्मीदवारों के नाम शामिल थे।

भोपल, 25 सितंबर। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। बीजेपी की दूसरी लिस्ट में केंद्रीय मंत्री से लेकर सांसदों तक के नाम हैं। दिमनी से केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर चुनाव लड़ेंगे। सतना से सांसद गणेश सिंह, सीधी से सांसद रीती पाठक, निवास से फग्गन सिंह कुलस्ते, नरसिंहपुर से प्रहलाद सिंह पटेल, गाडरवारा से सांसद उदय प्रताप सिंह को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी ने टिकट थमाया है।

बीजेपी ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए दिग्गजों की फौज को मैदान में उतारा है। होशंगाबाद से सांसद उदय प्रताप सिंह को भी मौका दिया गया है। केंद्रीय मंत्रियों के अलावा कैलाश विजयवर्गीय को भी टिकट थमाया गया है। बीजेपी की दूसरी लिस्ट में 39 उम्मीदवारों का नाम है जिनमें 6 महिलाएं हैं। इससे पहले अगस्त में बीजेपी ने इस चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी उसमें भी 39 उम्मीदवारों के नाम शामिल थे।

17 अगस्त को बीजेपी ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। इस चुनाव के लिए अब तक बीजेपी 78 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर चुकी है। इस विधानसभा की कुल 230 सीटें हैं। साल 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने 114 सीटें जीती थीं। वहीं बीजेपी के खाते में 109 सीटें आई थीं। उस वक्त कांग्रेस ने कुछ पार्टियों को साथ लेकर अपनी सरकार बनाई थी और कमलनाथ राज्य के मुख्यमंत्री बने थे। करीब 15 महीने बाद यह सरकार गिर गई थी और बीजेपी की सत्ता में वापसी हुई थी।

आने वाले महीनों में देश के पांच राज्यों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव होने हैं। बीजेपी छत्तीसगढ़ में होने वाले चुनाव के लिए भी बीजेपी अब तक अपने 21 प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर चुकी है।

## बिधूड़ी की साम्प्रदायिक...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आचरण" की जाँच कराने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में, दुबे ने अली पर आरोप लगाया है कि वे, लोकसभा में बिधूड़ी के भाषण के दौरान "रनिंग कमेंट्री" कर रहे थे तथा उन्हें उकसाने के उद्देश्य पर टिप्पणी कर रहे थे, ताकि बिधूड़ी आत्म संयम खो बैठें।

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सांसद रविकिशन ने स्पीकर से अनुरोध किया है कि गत वर्ष 9 दिसम्बर जब वे (किशन) एक विधेयक पेश कर रहे थे, उस समय के अली की "असंसदीय हरकतों" तथा शब्दों की जाँच की जाये। चौंकाने वाली बात यह है कि दानिश अली की कथित असंसदीय कृत्य के करीब 9 महीने बाद किशन को इस पत्र को लिखने की याद आई।

जाहिर है कि सत्तारूढ़ दल पूरे प्रयास कर रहा है कि लोकसभा में उसके एक सांसद द्वारा की गई एक आपराधिक घटना की गंभीरता को कम किया जा सके। स्पीकर बिड़ला ने बिधूड़ी के भाषण की पूरी आपत्तिजनक सामग्री लोकसभा की कार्यवाही से हटा दी थी, लेकिन इससे पहले कि वे इसे हटाने का आदेश देते, भाजपा सांसद के भाषण का वीडियो वायरल हो चुका था। इस प्रकार जो कुछ बिधूड़ी ने सदन के पटल पर कहा, राष्ट्र ने उसे देख लिया है।

स्पीकर, जो लोकसभा के अभिरक्षक होते हैं, यह निर्णय लेने में समय ले रहे हैं कि इस मुद्दे को विशेषाधिकार समिति को सौंपे जाने की जरूरत है या नहीं तथा वे कोई सख्त संदेश देने में जल्दबाजी से काम नहीं ले रहे है ताकि कोई अन्य सांसद सदन में इस प्रकार की अभद्र एवं साम्प्रदायिकतापूर्ण भाषा के प्रयोग का सहारा लेने की हिम्मत नहीं कर सके।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस घटना की भर्त्सना की थी तथा उन्होंने अपनी पार्टी-साथी की ओर से क्षमा याचना भी की थी। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के मुँह से एक भी शब्द नहीं निकला था, जबकि आज केवल मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के शब्दों का ही महत्व है।

दूसरी तरफ, सर्वोच्च न्यायालय ने इसे "गंभीर और चिन्ताजनक" बताया और कहा कि यह मामला "जीवन के अधिकार" का है। इस साल के शुरु में, संबंधित घटना का वीडियो वायरल हो गया तथा उसके कारण बड़े पैमाने पर आक्रोश पैदा हुआ था। जब वह विद्यार्थी खड़ा-खड़ा रो रहा था, उसके सहपाठी बारी-बारी से उसे थप्पड़ लगा रहे थे। वीडियो में महिला शिक्षक भी विद्यार्थियों से यह कहते सुनी गई कि उसे जोर से थप्पड़ लगाओ। अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिये कि वह पीड़ित छात्र तथा इस घटना से जुड़े अन्य छात्रों की प्रोफेशनल काउंसलरों द्वारा काउंसलिंग कराये।

सर्वोच्च न्यायालय ने इस प्रकरण को 30 अक्टूबर तक के लिये स्थगित कर दिया तथा उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिये कि वह इस घटना में शामिल छात्रों की काउंसलिंग की अनुपालना रिपोर्ट पेश करें तथा पीड़ित बच्चे की शिक्षा की जिम्मेदारी लें।

सर्वोच्च न्यायालय ने एफ.आई.आर. के मैटर पर गंभीर आपत्तियाँ दर्ज की। एफ.आई.आर. में बच्चे के पिता द्वारा लगाये गये आरोप शामिल नहीं हैं। अदालत ने कहा कि इस बच्चे के पिता ने बयान दिया था कि उसे बेटे की पिटाई उसके धर्म के कारण हुई, लेकिन यह बात एफ.आई.आर. में नहीं है। अदालत ने कहा कि मामला गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का है जिसमें संवेदनशील शिक्षा शामिल होती है। अदालत ने आगे कहा कि यह प्रकरण उत्तर प्रदेश सरकार के "राईट टू एजुकेशन" एक्ट के प्रावधानों की अनुपालना में असमर्थ रहने का है, जिसके अन्तर्गत, 14 साल तक के बच्चों को जाति, धर्म एवं लिंग के भेदभाव के बिना, गुणवत्तापूर्ण, नि:शुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा देने का प्रावधान है।

सर्वोच्च न्यायालय महात्मा गांधी के पड़पोते, तुषार गांधी द्वारा दायर याचिका की सुनवाई कर रहा था याचिका में, इस केस की शीघ्रता से जाँच कराने की माँग की गई है।

उत्तर प्रदेश सरकार का कहना है कि इस घटना के साम्प्रदायिक पहलू को बढ़ा-चढ़ा कर प्रस्तुत किया गया है।

6 सितम्बर को, अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर के जिला पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट तलब की थी। अदालत ने पूछा था कि आरोपियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई तथा इस बच्चे के परिवार की सुरक्षा के लिये क्या कदम उठाये गये।

60 वर्षीय आरोपी शिक्षिका तृप्ता त्यागी, जो मुजफ्फरनगर के नेहा पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल भी है, ने पहले कहा था कि वह अपने इस भद्दे कृत्य पर शर्मिन्दा नहीं है, लेकिन बाद में, उसने एक वीडियो मैसेज में जोर देते हुये कहा कि विद्यार्थियों को उनके मुस्लिम सहपाठी को थप्पड़ लगाने के लिये कहने के पीछे उसका कोई साम्प्रदायिक उद्देश्य नहीं था। उसने हाथ जोड़कर, इस बात को दोहराया कि उससे "गलती हुई" है तथा उसने माफी माँगी।

दलगत राजनीति से आगे बढ़कर, सभी राजनेताओं ने इसे द्वेष-जनित अपराध बताते हुये, इस घटना की निंदा की है तथा राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है।

## रॉ की खूफिया...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दलील दी कि पूरा मामला बदले की भावना से जुड़ा हुआ है। याचिकाकर्ता सिंह ने अपनी याचिका में दलील दी है कि उन्होंने दो प्रमुख मुद्दों को उजागर करने की मांग की है, वह है देश की बाहरी खुफिया एजेंसी रॉ में जवाबदेही की कमी और भ्रष्टाचार। इस पर पीठ ने उनसे पूछा,तो क्या आप देश से बदला लेंगे।

दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने 31 मई, 2023 को रॉ अधिकारी के नाम, स्थान और मंत्रियों के समूह की सिफारिशों आदि के खुलासे के संबंध में सी.बी.आई. की शिकायत पर गौर किया था। पीठ ने कहा,राष्ट्रीय सुरक्षा पर कौन से पूर्वाग्रह हैं, इसका निर्णय अदालतें नहीं कर सकतीं...इस प्रकार, गवाहों की जांच के बाद यह परीक्षण का विषय होगा कि क्या याचिकाकर्ता द्वारा अपनी पुस्तक में किए गए खुलासों से भारत की संप्रभुता और अखंडता और/या राज्य की सुरक्षा पर असर पड़ने की संभावना है। भारत सरकार के कैबिनेट सचिवालय के उप सचिव बी. भट्टाचार्जी की शिकायत पर सी.बी.आई. ने 20 सितंबर 2007 को आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

# कांग्रेस नेतृत्व ने गहलोत के पर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। सूत्रों का कहना है कि राहुल को जब पता लगा कि वक्ताओं में सचिन पायलट का नाम नहीं है तो उन्होंने के.सी. वेणुगोपाल को निर्देश दिए और पायलट का नाम वक्ताओं की लिस्ट में जुड़वाया। पता चला है कि राहुल गांधी ने इस बारे में राजस्थान के प्रदेश प्रभारी और आई.सी.सी. महासचिव सुखजिंदर सिंह रंधावा से भी जवाब तलब किया कि पायलट का नाम वक्ताओं की लिस्ट में क्यों नहीं है।

राजस्थान में तो यह जग जाहिर है कि रंधावा ऐसे काम करते हैं मानो वे अशोक गहलोत से वेतन ले रहे हों वे उन्हीं के निर्देशों का पालन करते हैं। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनके अधीन काम कर रहे सचिव भी वही करेंगे जो रंधावा करते हैं। सचिव अमृता धवन दिल्ली के फाइव स्टार होटल में लोकेश शर्मा के साथ डिनर करते हुए देखी गईं। ए.आई.सी.सी. में चर्चा है कि अमृता धवन को मैनेज कर लिया गया है और उन्हें समझा दिया गया है कि मुख्यमंत्री क्या चाहते हैं और किसे टिकट मिलना चाहिए।

सूत्रों का कहना है कि कई पर्यवेक्षकों को भी फर्जी सर्वे व मनगढ़ंत रिपोर्ट दिखाकर समझा दिया गया हैं। इन्हें गहलोत के करीबी विधायकों के पक्ष में रिपोर्ट भेजी जा रही है जबकि ये विधायक बुरी तरह से हार रहे हैं।




*कहते हैं तस्वीरें शब्दों से ज्यादा सटीक बात कहती हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में लगा पोस्टर भी ऐसा ही कुछ कहता नज़र आया कि, प्रदेश में केन्द्रीय नेतृत्व सभी नेताओं को एक समान स्तर पर रख रहा है किसी को विशेष तवज्जो नहीं मिलेगी। शहर भर में लगे तमाम होर्डिंग्स व पोस्टर्स में "लार्जर दैन लाइफ" नजर आने वाले मु.मंत्री गहलोत कार्यकर्ता सम्मेलन के पोस्टर में प्रदेश के अन्य नेताओं के समकक्ष नज़र आए।*

# एम.पी. में कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा में मारपीट

- आंतरिक गुटबाजी खुलकर सामने आई, कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेत्री को मंच से नीचे उतारा
- गौरतलब है कि, मध्यप्रदेश में भाजपा की आशीर्वाद यात्रा के विरोध में कांग्रेस जन आक्रोश यात्रायें निकाल रही है, लेकिन, यात्रा के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के समक्ष ही कांग्रेस कार्यकर्ता जमकर विरोध प्रकट कर रहे हैं।

भोपाल, 25 सितम्बर। मध्य प्रदेश में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा के खिलाफ कांग्रेस जन आक्रोश यात्रा निकाल रही है। हालांकि कांग्रेस को अपने ही कार्यकर्ताओं के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ नेताओं के सामने ही कार्यकर्त्ता एक दूसरे से भिड़ते नजर आ रहे हैं। उज्जैन के बड़नगर विधानसभा में जनआक्रोश यात्रा के दौरान गुटबाजी के चलते नेताओं के सामने ही कार्यकर्ता एक दूसरे से भीड़ गए। इस दौरान प्रदेश महासचिव कांग्रेस नेत्री को मंच पर जाने से भी रोका गया। नेत्री ने आरोप लगाया कि विधायक के समर्थकों ने उन्हें गालियां दी। बाद में वह कार्यक्रम छोड़कर चली गईं। विवाद का वीडियो सोमवार को वायरल हुआ है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, बड़नगर विधानसभा में कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा में जमकर हंगामा हुआ। यात्रा में स्थानीय गुटबाजी खुलकर सामने आई। जन आक्रोश यात्रा बड़नगर विधानसभा के भाटपचलाना से शुरू की गई। शाम को यात्रा ने बड़नगर में प्रवेश किया। जहां कांग्रेस नेताओं ने अपने अलग-अलग लगे मंच से पूर्व मंत्री पटवारी का माला पहनाकर स्वागत किया। यात्रा में कांग्रेस की गुटबाजी हावी नजर आ रही थी।

जन आक्रोश यात्रा में प्रदेश की महासचिव नेत्री को मंच पर जाने से रोकने पर हंगामा हो गया। जीतू पटवारी और नागदा विधायक दिलीप गुर्जर ने नेत्री की शिकायत के बाद उन्हें मंच पर बुलाया।

आरोप लगे कि विधायक के रिश्तेदार और पुत्र ने अश्लील फब्तियां कसी जिससे वह परेशान होकर कार्यक्रम छोड़कर चली गईं। कार्यक्रम में हुए विवाद को लेकर पुलिस थाने में विधायक के बेटे और भाई के खिलाफ शिकायती आवेदन दिया गया है।

कांग्रेस नेत्री ने आरोप लगाया कि विधायक मुरली मोरवाल के बेटे करण मोरवाल, शिवम मोरवाल और भाई इन्दर मोरवाल के साथ उनके समर्थकों ने अश्लील हरकतें की और गंदी गालियां दी। कांग्रेस नेत्री रैली के दौरान रथ पर सवार थीं। उन्होंने कहा- मैं प्रदेश महासचिव और उज्जैन की प्रभारी होने के नाते कार्यक्रम के मंच पर जा रही थी, लेकिन मुझे विधायक के बेटे भाई और अन्य लोगों ने रोक कर गंदी गालियां दी। इन सब से परेशान होकर मैं मंच के पास आकर खड़ी हो गई, जहां विधायक का भाई इन्दर मोरवाल आ गया और उसने मुझे अपशब्द कहते हुए सभा से बाहर निकलने की धमकी दी।

दरअसल, कांग्रेस नेत्री और विधायक पुत्र के बीच पूर्व का विवाद है।

## सुप्रीम कोर्ट ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने अपील खारिज कर निचली अदालत की ओर से स्टे प्रार्थना पत्रों को खारिज करने वाले निचली कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा था। सुप्रीम कोर्ट में पूर्व राजपरिवार की ओर से कहा कि, राज्य सरकार टाउन हॉल की जगह म्यूजियम बना रही है और इसके निर्माण को रोक जाए। इसके जवाब में राज्य सरकार के एएजी मनीष सिंघवी का कहना था कि, राज्य सरकार टाउन हॉल की जगह का 70 साल से भी ज्यादा समय से उपयोग कर रही है। इसके अलावा इसे 2002 में संरक्षित स्मारक भी बनाया है। राज्य सरकार टाउन हॉल को संरक्षित रख रही है। राज्य सरकार को इसका उपयोग करने का अधिकार है। यहां पर अब म्यूजियम बनाया जा रहा है जिसके निर्माण पर काफी रुपए खर्च हो चुके हैं। इसलिए म्यूजियम के निर्माण कार्य पर रोक नहीं लगाई जाए। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनकर पूर्व राजपरिवार की एसएलपी खारिज कर दी।

## गौतम लाहिड़ी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हुये थे तथा चुनाव में 44,000 में से 11,000 सदस्यों ने भाग लिया था। गौतम पैनल से जुड़े 22 एग्जीक्युटिव मैम्बर भी चुने गये हैं।

# 'मुझे किसी भी पद की लालसा नहीं है, बस विपक्ष को संगठित करना चाहता हूँ'

- खुद को "प्रधानमंत्री टाइप मटीरियल" बताये जाने पर नीतीश ने पत्रकारों के समक्ष यह बात कही।

पटना, 25 सितंबर (वार्ता)। बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने आज एक बार फिर दुहराया कि उन्हें किसी पद की लालसा नहीं है और वह अभी विपक्षी दलों को एकजुट करने में लगे हैं।

कुमार ने स्व. पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर राजेन्द्र नगर, रोड नम्बर-3 स्थित पार्क में आयोजित राजकीय समारोह में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में जदयू नेता महेश्वर हजारी द्वारा उन्हें (कुमार को) प्रधानमंत्री मैटेरियल बताने से संबंधित प्रश्न पर कहा, "मुझे किसी पद की लालसा नहीं है।

मैं सभी विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने में लगा हुआ हूं।" उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एन.डी.ए.) की तरफ झुकाव के बारे में पूछे जाने पर अनभिज्ञता जाहिर की और कहा कि इस तरह की फालतू बातें क्यों करते हैं। वह तो विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने में लगे हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने 'इंडिया' गठबंधन की अगली बैठक कब होगी और आगे की रणनीति क्या होगी, इस सवाल पर कहा कि कमेटियां बन गई हैं, बैठक हो रही है। हम इस काम में उन लोगों को सुझाव दे रहे हैं, सभी लोग लगे हुए हैं। आगे सब कुछ तय कर लिया जाएगा।

कुमार ने जाति आधारित गणना की रिपोर्ट कब सार्वजनिक की जाएगी के बारे में पूछने पर कहा कि यह काम लगभग पूरा कर लिया गया है। रिपोर्ट के तैयार होते ही उसे पब्लिश कर दिया जाएगा।

उन्होंने आज कैबिनेट की बुलाई गई बैठक से संबंधित सवाल पर कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक कल होनी थी लेकिन उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव को बाहर जाना है इसलिए आज ही कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है और कोई विशेष बात नहीं है।

## कश्मीर में सोमवार को दो आतंकी पकड़े

श्रीनगर, 25 सितंबर (वार्ता)। जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों ने दो आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और हथियारों और गोला-बारूद के साथ पांच हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में एक बड़ी सफलता में हासिल करते हुये कुलगाम पुलिस ने 1आरआर, 9आरआर, 18 बीएन सी.आर.पी.एफ., 46 बी.एन.- सी.आर.पी.एफ. के साथ दो आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और हथियारों और गोला-बारूद के साथ पांच हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि उनके कब्जे से दो पिस्तौल, 3 हैंड ग्रेनेड एक यूबीजीएल, पिस्तौल मैगजीन 2, पिस्तौल राउंड 12, एके 47 राउंड 21 बरामद किए गए हैं।

# 'याद रखिए मोदी यानी गारंटी पूरी होने ....

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने के बाद राजस्थान में हुई यह सभा नारी शक्ति पर केन्द्रित देखी गई। भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी पर पुष्प वर्षा कर आभार जताया।
- सभा से पहले प्रधानमंत्री मोदी धानक्या गांव गए और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी गांव में दीनदयाल उपाध्याय का जन्म हुआ था।

भर से आए सैकड़ों लोगों को हालांकि गर्मी सहित कई परेशानियों का सामना करना पड़ा लेकिन लोगों ने पूरे समय रुककर मोदी का भाषण सुना।

सभा में मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए कहा, जिस तरह से कांग्रेस ने सरकार चलाई है, वह ज़ीरो नंबर की हकदार है, इसलिए राजस्थान के लोगों ने ठान लिया है कि, गहलोत सरकार को हटाकर भाजपा को वापस लाएंगे। उन्होंने कहा, लोग यह याद रखें कि मोदी का मतलब है- गारंटी पूरी होने की गारंटी। यदि भाजपा सरकार आई तो पेपर लीक करने वाले माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

घमंडिया गठबंधन पर उन्होंने कहा कि, ये लोग सनातन को जड़ से मिटाना चाहते हैं, लेकिन आने वाले चुनावों में वे खुद जड़ से उखड़ जाएंगे । मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, मैं जयपुर ऐसे समय आया हूं, जब भारत का गौरव सातवें आसमान पर है। जहां कोई नहीं पहुंच पाया, चांद की उस सतह पर भारत पहुंचा है। पूरी दुनिया भारत के पराक्रम से हैरान है।

मोदी ने कहा, अनेक दशकों से माताएं - बहनें लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण की आस लगाए बैठी थीं। उनकी यह उम्मीद आपके वोट की ताकत ने पूरी करके दिखाई है। आपके वोट ने मुझे चुना और मैंने आपकी सेवा की गारंटी दी। आज आपकी यह गारंटी मैंने पूरी कर दी है। आप लोग यह याद रखें कि, मैं जो कहता हूं, करके दिखाता हूं। इसलिए मेरी गारंटी में दम होता है। यह बात हवा में नहीं कहता हूं, 9 साल का मेरा ट्रैक रिकॉर्ड है।

उन्होंने कहा, मोदी ने वन रैंक-वन पेंशन का वादा किया था, वह गारंटी मोदी ने पूरी कर दी है। अब तक इस पेंशन से लोगों को 70 हजार करोड़ रुपए मिल चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जो कांग्रेस महिला आरक्षण की बात कर रही है वो यह काम 30 साल पहले कर सकती थी, लेकिन कांग्रेसी कभी यह चाहते ही नहीं थे। कांग्रेस और उसके घमंडिया साथी महिला आरक्षण के घोर विरोधी हैं। कांग्रेस के साथी अभी भी दबाव बना रहे हैं, इसलिए राजस्थान की महिलाओं को सतर्क रहना है।

मोदी ने कहा कि, कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन ने घोषणा की है कि, वो सनातन को जड़ से मिटा देंगे। कांग्रेस हमारी पहचान मिटाने की तैयारी कर रही है। आने वाले हर चुनाव में घमंडिया गठबंधन को इसका खामियाजा उठाना पड़ेगा।

मोदी ने कहा कि, राजस्थान में जितनी बार पेपर लीक होते हैं, छात्र परेशान होते हैं। यहां की सरकार पेपर लीक माफियाओं को संरक्षण देती है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले किसी माफिया को बख्शा नहीं जाएगा।

मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, यहां लाल डायरी में काली करतूतें छिपी हैं। हर जगह कट और कमीशन फैला है, इसलिए यहां कौन पैसा लगाना चाहेगा? इसलिए यहां औद्योगिक विकास पिछड़ा हुआ है। कानून व्यवस्था भ्रष्ट है। जहां सरे आम गला काटने की घटना हो और सरकार मजबूर हो, ऐसे हालत में निवेश कैसे हो सकता है।

मोदी ने कहा, कांग्रेस ने पांच साल पहले किसानों से जो वादा किया था, उसे पूरा नहीं किया। उन वादों का क्या हुआ, इसका कोई हिसाब नहीं है। औने-पौने भाव में बाजरा बेचना पड़ रहा है। इसकी एक मात्र जिम्मेदार कांग्रेस और गहलोत सरकार है।

सभा से पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनकी जन्मस्थली धानक्या में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके बाद वो खुली जीप से सभा स्थल गए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी मौजूद थे।

## रोजगार मेला...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, रोजगार मेले का आयोजन पूरे देश के 46 स्थानों पर होगा। ये भर्तियाँ केन्द्र सरकार के सभी विभागों में की जा रही है तथा राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश सरकारें भी इस पहल में सहयोग प्रदान कर रही है। पूरे देश में चयनित ये नवनियुक्त कर्मचारी केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में पदस्थापित होंगे, जिनमें डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट्स, इंडियन ऑडिएंड अकाउन्ट्स डिपार्टमेंट, डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी, डिपार्टमेंट ऑफ रेवेन्यू, डिपार्टमेंट ऑफ हायर एजुकेशन, मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस, मिनिस्ट्री ऑफ हैल्थ एण्ड फैमिली वैलफेयर भी शामिल हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

## 'सरकार की वादा खिलाफी से नर्सेज में असंतोष'

**कोटपूतली, (निसं)।** पिछले 46 दिन तक अपनी 11 सूत्री मांग पत्र को लेकर राजस्थान के समस्त नर्सेज आंदोलनरत तथा आमरण अनशन पर रहे।

इस दौरान सरकार के प्रतिनिधियों ने गैरवित्तीय एवं वित्तीय मांगों को मानने के लिए कमेटी गठित करते हुए 15 दिन में फैसला देने का वादा कर आंदोलन और आमरण अनशन को खत्म करवा दिया था। लेकिन आज 25 दिन बाद अभी तक यूनिफॉर्म कोड बदलने के आदेश के अलावा कोई वित्तीय मांगों को लेकर घोषणा नहीं करने के कारण नर्सेज समाज असंतुष्ट और आक्रोषित है। इस कारण प्रांतीय नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के आव्हान पर बीडीएम चिकित्सालय में एक आकस्मिक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें जयपुर ऑडिटोरियम हाल में राजस्थान प्रांत के नर्सेज के सभी पदाधिकारियों की 27 सितंबर 2023 को आहूत होने वाली मीटिंग में भाग लेने का ध्वनिमत से निर्णय लिया गया। जहां मीटिंग में आगामी रणनीति तैयार कर सरकार की वादा खिलाफी तथा दमन कारिता को चुनाओं में सबक सिखाने हेतु आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी। नर्सेज की मांगों का निस्तारण नहीं हुआ तो सरकार को इसका खामियाजा निश्चित रूप से भुगतना पड़ेगा। इस दौरान पूर्ण सिंह, रामकांत यादव, पूरणमल यादव, राजेश यादव, रतिराम यादव,,सुरेंद्र यादव, अशोक यादव, रामकुमार यादव सहित अनेक नर्सिंग अधिकारी सामिल रहे।

# कोटपूतली की सीवरेज लाइन का निर्माण कार्य शुरू



नगर परिषद द्वारा कोटपूतली की बहुप्रतिक्षित सीवरेज लाइन के निर्माण कार्य का गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने शुभारंभ किया।

- स्वच्छ, सुन्दर व आधुनिक शहर बनने की ओर अग्रसर कोटपूतली : यादव
- राज्य सरकार ने स्वीकृत की थी 196 करोड़ 14 लाख रूपयों की राशि

**कोटपूतली, (निसं)।** लम्बे समय से बहुप्रतिक्षित कोटपूतली कस्बे की सीवरेज लाइन निर्माण कार्य का सोमवार को कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित गोकुल सरोवर कॉलोनी में क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में शिलान्यास हुआ।

इस मौके पर मुख्य यादव व सभापति पुष्पा सैनी समेत पार्षदगणों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के वार्षिक बजट 2022-23 में कोटपूतली में सीवरेज लाइन स्वीकृत की थी। जिसके बाद सर्वे उपरान्त सीवरेज लाइन निर्माण कार्य हेतु विगत 07 सितम्बर 2022 को स्वायत्त शासन विभाग ने 196 करोड़ 14 लाख रूपयों की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति भी जारी की थी। कस्बे में सर्वप्रथम राजमार्ग के पूर्वी साईड में सीवरेज लाइन का निर्माण होगा। इसके लिए मैसर्स टैक्नोक्राफ्ट कन्स्ट्रक्शन कम्पनी प्रा.लि. को 194 करोड़ रूपयों का टेंडर जारी किया गया है।

इस मौके पर शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि यादव ने कहा कि कोटपूतली को जिला बनाये जाने के साथ-साथ बाईपास निर्माण के अलावा सीवरेज लाईन व ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण गहलोत सरकार की सबसे बड़ी सौगात है। इससे कोटपूतली स्वच्छ, सुन्दर व आधुनिक शहर बनने की ओर अग्रसर होगा। साथ ही कस्बे को जल भराव व गंदे पानी की समस्या से निजात मिलेगी एवं कस्बे की जल निकासी का उचित प्रबंध होगा। अध्यक्षता करते हुए सभापति पुष्पा सैनी ने सीवरेज लाईन की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल एवं गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एड. दुर्गाप्रसाद सैनी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह मीणा, एक्सईएन दीपक मीणा, एईएन अनिल जोनवाल समेत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी, युवा नेता विराट यादव, पार्षद राकेश सैनी, सीताराम सैनी, कृष्ण कारोडिया, दीपक कटारिया, उमेश आर्य, जगत कसाना, राजेन्द्र मीणा, रामकुमार सैनी, अमित सैनी, रघुवीर गोयल, लालचंद सैनी, ताराचंद वाल्मिकी, अनुराज वाल्मिकी, सुभाष सैनी, मोनू सैनी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लोक देवता की शोभायात्रा निकाली


**सांभरझील, (निसं)।** यहां पुराना किला स्थित चौक में वीर तेजाजी के धाम पर मेला का आयोजन हुआ। वीर तेजाजी सेवा समिति की तरफ से नगर में शोभायात्रा भी निकाली गई।

डीजे की धुन पर महिलाएं व बच्चे नाचते चल रहे थे। प्रमुख रास्तों से तेजाजी महाराज के जयकारों के साथ जुलूस को देखने के लिए काफी संख्या में जगह-जगह श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। तेजाजी महाराज की शोभा यात्रा में झांकी भी मनोरम रही। नगर के प्रमुख रास्तों से होते हुए तेजाजी महाराज की शोभायात्रा गंतव्य स्थल पर करीब 7:00 बजे पहुंची। चौक स्थित तेजाजी की धाम पर प्राइवेट मेले के दौरान सैकड़ो लोगों ने धोक लगाई, तेजाजी धाम पर ज्योत देख कर गुलगुले, खीर आदि का भोग लगाया। नारियल भेंट कर लोक देवता से परिवार की खुशहाली के लिए कामना की।

मेला स्थल पर वीर तेजाजी सेवा समिति के हनुमान गुर्जर, त्रिलोक प्रजापत, रामनिवास प्रजापत, गोपाल माली, घनश्याम प्रजापत शाहिद अनेक ने व्यवस्थाओं को अंजाम दिया। यहां के पुजारी सत्यनारायण माली ने तेजाजी महाराज की पूजा अर्चना कर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा। इसी प्रकार रेगर मोहल्ला स्थित चौक में भी तेजाजी महाराज का मेला भर गया जहां पर भी शेयर करोगे तादाद में श्रद्धालुओं ने लोक देवता को धोक लगाकर अपनी आस्था प्रकट की।

## सार-समाचार

### पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च किया



**टोंक, (निसं)।** आने वाले आगामी त्यौहारों को देखते हुए टोंक जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षी राज वर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च चतुर्भुज तालाब से लेकर घंटाघर, सुभाष बाजार,बड़े कुवा होते हुए हेमू सर्किल तक किया गया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि त्यौहार को लेकर पुलिस द्वारा अवलोकन किया गया पुलिस द्वारा क्या व्यवस्था रखनी है कहा फिक्स विकट,मोबाइल पार्टी, की व्यवस्था रखनी है वही पूरे जिले में 560 पुलिसकर्मियों का जाप्ता लगाया जाएगा। वह अनंत चतुर्दशी के दिन जिले में 700 पुलिसकर्मियों का जाप्ता लगाया जाएगा। वहीं रूट को लेकर अलग अलग सेक्टर प्रभारी लगाए गए है शहर की कई बिल्डिंगों पर ड्रोन से सर्वेलेंस किया गया है किसी छत पर कोई आपत्ति जनक सामग्री तो नही है फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्श चौधरी , वृत अधिकारी सलेह मोहम्मद,सहित कोतवाली थाना अधिकारी जितेंद्र चारण, पुरानी टोंक थाना अधिकारी मुकेश चौधरी एवं पुलिस कर्मियों द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया।

### ठाकुरजी के डोले निकले



**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** परिवर्तनी एकादशी पर बहरोड़ कस्बे के गढ़ मंदिर से शुरू होकर कस्बे के बीचों बीच हजारों की संख्या में जल झूलनी एकादशी पर निकले ठाकुर जी के डोलों का 36 बिरादरी के हजारों लोगों के आशीर्वाद लिया। पंडित अशोक बोहरा ने बताया कि जल झूलनी एकादशी पर शहर के बीचों-बीच निकले ठाकुर जी के डोले जिनका क्षेत्र के महिला, पुरुष एवं बच्चों में ऐसा धार्मिक, आध्यात्मिक तथा श्रद्धा का भाव देखा गया कि कस्बे के महिला, पुरुष और बच्चे आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धा से इतने भाव भरे थे कि उनके नीचे से कतारों में निकलकर ठाकुर जी के डोले का आशीर्वाद लिया। वहीं कस्बे के मंदिरों से निकले डोले एक साथ वृंदावन सीताराम जी के मंदिर पर पहुंचे और कथा वाचन के पश्चात महाआरती के साथ कस्बे के श्रद्धालु महिला, पुरुष एवं विद्वान पंडितो तथा गणमान्य लोगों के सानिध्य में समापन किया गया। इस दौरान पंडित अशोक बोहरा, भूषण भारत भूषण, अरविंद, तथा अंजू शर्मा आदि व कस्बे के अन्य गणमान्य लोग तथा विद्वान पंडितों सहित हजारों की संख्या में कस्बे के श्रद्धालु मौजूद रहे।

### वीर तेजाजी महाराज का मेला संपन्न



**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के पुराना फुलेरा स्थित तेजाजी चौक पर सोमवार को तेजाजी महाराज मेला समिति के तत्वावधान राजस्थान के लोक देवता वीर तेजाजी महाराज का मेला संपन्न किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अल सुबह से ही पुजारी सत्यनारायण शर्मा के सानिध्य में तेजाजी को प्रसाद के रूप में नारियल, घर मे बने पकवानों का भोग लगाकर जहरीले जीवों से अपने मवेसियो और परिजनो की रक्षा के साथ ही क्षेत्र में चैन नहीं मन की कामना की। कार्यक्रम में मंच संचालन सुरेश कुमार सैनी के द्वारा किया गया। तेजाजी चौक पर आयोजित मेले में पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, गजेन्द्र सिंह शेखावत, अमर चन्द सैनी, स्थानीय पार्षद जितेन्द्र वर्मा, सरदार चौधरी, अभिषेक वर्मा, तारा चन्द सैनी, अमर चन्द सैनी, मदन गढ़वाल, उर्मिला देवी सुरोलिया, आशा सैनी, दौलत चौधरी, यतेन्द्र झांकडा, पूजा भाटी, वेदप्रकाश पारीक, दिलीप सुरोलिया, नटवर लाल शर्मा, शिवनारायण शर्मा, बजरंग लाल जोशी सहित अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### 'ढाई आखर प्रेम' यात्रा 28 से



**जयपुर, (निसं)।** राष्ट्रीय सांस्कृतिक जत्था अभियान के तहत "ढाई आखर प्रेम" यात्रा का आगाज़ राजस्थान में अलवर जिले में 28 सितंबर 2023 शहीदे आज़म भगतसिंह की जयंती से होगा। आज यात्रा के पड़ावों पर गांवों के साथियों से मिलकर वहां की तैयारियों का जायजा लिया। जहां-जहां से यात्रा जाएगी वहां-वहां सब जगह पर लोग काफी उत्साहित हैं और तैयारियों में लगे हैं। इस दौरान पर्चे बांटकर व लोगों को जानकारी देकर "ढाई आखर प्रेम" यात्रा का प्रचार भी किया। शहर के बाजार में हॉप सर्कस पर भी दुकानों में पर्चे बांट कर सबसे यात्रा में शामिल होने की अपील की। कल 26 सितम्बर को इस राष्ट्रीय सांस्कृतिक यात्रा राजस्थान अलवर की तैयारियों तथा कार्यक्रम के बारे में एक प्रेस कॉम्फ्रेन्स दोपहर 12बजे मधुबन गार्डन (काली मोरी फ्लाई ओवर के नीचे) में की जाएगी। इस प्रेस वार्ता में मीडिया के अलवर के सभी साथी सादर आमंत्रित हैं।

### बस्तीराम यादव का स्वागत किया

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** पंचायत समिति नीमराना के गांव बिचपुरी में आयोजित भैरव बाबा के भंडारे में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कांग्रेस नेता बस्तीराम यादव ने अत्याचार और अपराध सहन करने वालों को अपराधी करार दिया। पंचायत समिति नीमराणा के ग्राम बिचपुरी में आयोजित भैरू बाबा के भंडारे में पहुंचे कांग्रेस नेता बस्तीराम यादव का ग्रामीणों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। वहीं यादव ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया और इसी के चलते उन्होंने बताया कि बहरोड़ क्षेत्र में विधायक की नाकामी से अपराध और भ्रष्टाचार एक तरफ जहां चरम पर है वहीं क्षेत्र के लोगों द्वारा अपराध को सहन करना भी दोषियों की श्रेणी में आता है। जिससे उन्होंने नौजवानों से अपील करते कहा कि भैरव बाबा के स्थान पर खड़े होकर संकल्प लें कि अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ एक जुट होकर लड़ेंगे। जिसका कार्यक्रम में मौजूद हजारों लोगों ने हाथ खड़ा करके समर्थन किया।

## स्टेशनरी की दुकान में तोड़फोड़ करने का आरोपी पकड़ा

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** थाना पुलिस ने एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि में अज्ञात तीन नकाबपोश बदमाशों ने रेलवे स्टेशन रोड़ पर एक स्टेशनरी की दुकान में लोहे के सरियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया था । इसके बाद पीड़ित राकेश तिवाड़ी ने पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया था। पुलिस थाने में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने अज्ञात नकाबपोश बदमाशों की तलाश में दो अलग-अलग टीमों का सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गठन किया और पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को देर शाम को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि मामले में तोड़फोड़ करने वाले आरोपी मऊ निवासी आकाश गुर्जर उर्फ दिनेश उर्फ दिनू को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से फिलहाल पुलिस पूछताछ कर रही है। घटना में लिफ्ट अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश में जुटी है।

## पुष्पेंद्र वैष्णव अध्यक्ष निर्वाचित

**बौंली, (निसं)।** शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा बौंली के चुनाव राजकीय श्री जागेश्वर संस्कृत विद्यालय प्रांगण में आयोजित किए गए। सवाई माधोपुर जिले से उपस्थित चुनाव अधिकारी गीता देवी जेलिया के निर्देशन में एवं सहायक चुनाव अधिकारी जियाराम वर्मा व चुनाव पर्यवेक्षक बालकृष्ण महावर के नेतृत्व में सभी सदस्य शिक्षकों ने चुनाव प्रक्रिया को सर्वसम्मति से पूरा करने का निर्णय लिया सर्वसम्मति बन जाने के बाद सभा अध्यक्ष सीताराम सैनी व सहायक उपसभा अध्यक्ष बालकृष्ण गुर्जर ने शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा बौंली के अध्यक्ष पद पर पुष्पेंद्र वैष्णव आदि ने मुकेश गुर्जर व शिव चरण गुर्जर को सर्वसम्मति से निर्वाचित करने की घोषणा की।

# आदर्श रामलीला मंडल पावटा की नवकार्यकारिणी गठित



बैठक के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शपथ ली।

- बैठक कर 7 अक्टूबर से रामलीला मंचन का लिया निर्णय

**पावटा, (निसं)।** आदर्श रामलीला मंडल पावटा की कार्यकारिणी व पदाधिकारियों के सदस्यों की बैठक का आयोजन वरिष्ठ सदस्य व संरक्षक अमरनाथ पटेल की अध्यक्षता में किया गया।

मंच का संचालन संस्था के सचिव रामशरण बोहरा व सदस्य दीपक भारद्वाज ने किया। इस दौरान दो साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर रामलीला मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा सहित सभी कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने स्वेच्छा से अपना इस्तीफा दिया। वहीं बैठक में उपस्थित वरिष्ठजनों अमरनाथ पटेल, उमेश टांक, ब्राह्मण महासभा पावटा नगर अध्यक्ष व वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेश शर्मा, वीरेंद्र बंसल, सुभाष गोयल सहित कमेटी के सदस्यों की सहमति से नव कार्यकारिणी का गठन करते हुए वरिष्ठ सदस्य उमेश टांक, वीरेंद्र बंसल, सुभाष गोयल को संरक्षक, योगेश शर्मा को पुन: अध्यक्ष, चेतन शर्मा को सचिव, रामशरण बोहरा, नरेंद्र गौड, सोनू भांकरी वाले को उपाध्यक्ष, मोहन गौड को डाइरेक्टर, विकास पुजारी व ललित शर्मा को कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया।

बैठक की कार्यवाही से पहले आदर्श रामलीला मंडल पावटा की कार्यकारिणी व पदाधिकारियों व सदस्यों ने दो मिनिट का मौन रख कमेटी के वरिष्ठ सदस्य व विभिन्न किरदारों से लोगों का मन मोह लेने वाले स्व. मनोज पुजारी को श्रद्धांजलि देते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वहीं 2023 का इस साल विशाल दशहरा महोत्सव के तहत रामलीला मैदान में 7 अक्टूबर से बड़ी धूमधाम के साथ रामलीला का मंचन मनाने के बारे में विचार विमर्श किया गया और यह भी निर्णय लिया गया कि अबकी बार भव्यता के साथ में स्थानीय कलाकारों के साथ रामलीला का मंचन किया जाएगा। अभी से तैयारियां पूरी जोर-शोर के साथ में शुरू कर दी गई है। इस मौके पर आदर्श रामलीला मंडल पावटा वरिष्ठ सदस्य व संरक्षक अमरनाथ पटेल, ब्राह्मण महासभा पावटा नगर अध्यक्ष व वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेश शर्मा, संरक्षक उमेश चंद्र टांक, वीरेंद्र बंसल, सुभाष गोयल वरिष्ठ अध्यक्ष योगेश शर्मा, सचिव चेतन शर्मा, उपाध्यक्ष नरेंद्र गौड, रामशरण बोहरा, सोनू अग्रवाल, निर्देशक मोहन गौड, कोषाध्यक्ष विकास शर्मा व ललित शर्मा, मुकुंद माधव कौशिक, रूपेश शर्मा, सुनील गौड, गोपाल शर्मा, सहित आदर्श रामलीला मंडल पावटा की कार्यकारिणी व पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# पीहर पक्ष ने पति पर हत्या का आरोप लगाया

**टोंक, (निसं)।** मेहंदवास थाना क्षेत्र में कल देर शाम एक विवाहिता की संधिग्ध को मौत हो गई थी। मृतका के पीहर पक्ष ने इस मामले में पति समेत ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि दहेज के लिए फार्म पौंड में डुबोकर उसकी बेटी की हत्या की, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जिस पर वृताधिकारी सलेह मोहम्मद के निर्देश पर मेहंदवास थाना प्रभारी धर्मेश दायमा ने बताया कि सवाई माधोपुर जिले के पीपलवाड़ा निवासी धन्नालाल पुत्र गंगाराम मीणा ने रिपोर्ट दी है कि उसकी बेटी कुसुम मीणा की शादी 21 अप्रेल 2021 को टोंक जिले की नगरफोर्ट तहसील क्षेत्र के नोंदपुरा निवासी कीमतराम (24) पुत्र लड्डू लाल मीणा के साथ की थी। शादी में लड़के की डिमांड के अनुसार करीब 10 लाख रुपये के दिए थे।

इसके अलावा दामाद की इच्छानुसार ही शादी की गई थी, दामाद कीमत राम चेन्नई में रेलवे विभाग में नौकरी करता है, वह टेक्निशियन के पद पर कार्यरत है। शादी के कुछ दिन बाद ही कुसुम को कीमतराम मीना अपने साथ चेन्नई ले गया। जहां कुछ दिन बाद इनके बीच दहेज के मामले को लेकर मनमुटाव रहने लगा। कीमतराम ने और दस लाख रुपये दहेज में मांग करने लगा, इसी बीच कुसुम को पता लगा कि पति कीमतराम के देवरानी के साथ अवैध रिलेशनशिप है, दहेज सहित दोनों के बीच झगड़े भी होने लगे।

इस दौरान कुसुम गर्भवती थी, ऐसे में वह करीब एक साल पहले पीहर में आ गई, जहां सरकारी अस्पताल में प्रसव कराया, फिर चार माह बाद पति कीमतराम पीपलवाड़ा आया और कुसुम व उसकी बच्ची को चेन्नई ले गया। जहां भी आये दिन इनके बीच दहेज को लेकर झगड़ा होता था। फिर 18 सितंबर को कीमतराम कुसुम व बच्ची को लेकर पीपल3वाड़ा आया, जहां कुसुम मीणा को घुमाने की कहकर फरियादी की बाइक लेकर कमलेश्वर (इन्द्रगढ़) और इटावा (कोटा ग्रामीण) के बालाजी लेकर गया, शाम को वापस पीपलवाड़ा आ गये। 20 सितंबर को फरियादी की पत्नी पारिवारिक काम से उदयपुर गई हुई थी। पीछे से कीमतराम कुसुम व उसकी एक साल की बेटी कार्तिका को लेकर नोंदपुरा चला गया।

24 सितंबर को कीमतराम फरियादी की गाड़ी को लेकर षड्यंत्रपूर्वक कुसुम का मोबाईल घर पर रखवा कर उसे व बेटी कार्तिका को लेकर चांदली माताजी व बीसलपुर ले गया। आपस आते समय रास्ते में कल शाम करीब 7 बजे कीमतराम ने कुसुम के साथ मारपीट कर रास्ते किनारे फार्मफोंड में डुबोकर मार दिया।

## स्काउट का प्रशिक्षण एवं जांच शिविर सम्पन्न

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ मुख्यालय श्रीमाधोपुर पर चल रहा पांच दिवसीय प्रशिक्षण एवं जांच शिविर सम्पन्न हुआ।

शिविर संचालक एवं वरिष्ठ ट्रेनिंग काउंसलर मधुसूदन शर्मा ने बताया कि ट्रेनिंग काउंसलर्स की सहायता से श्रीमाधोपुर स्काउट संघ के अंतर्गत आने वाले राजकीय एवं निजी विद्यालयों व महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के पांच दिवसीय शिविर में द्वितीय तृतीय सोपान दलनायक प्रवेश बैज एवं निपुण बैज प्रशिक्षण तथा निपुण बैज जांच कार्य पाठ्यक्रम के अनुसार सम्पन्न करवाया गया।शिविर के दौरान महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य रमाकान्त शर्मा खाटूश्यामजी स्काउट संघ के सचिव डॉ.मनोज शर्मा रामभजन बिजारणियां एवं अभिभावकों ने शिविर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। प्रशिक्षण शिविर में सहयोग देने आए पलसाना स्थानीय संघ के सचिव पवन कुमार शर्मा के प्रथम आगमन पर स्काउट संघ के सचिव अशोक तिवाड़ी मऊ के नेतृत्व में ट्रेनिंग टीम ने स्काउट परम्परा अनुसार स्कार्फ एवं श्रीमाधोपुर के आराध्य गोपीनाथ दरबार का स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## आपातकालीन वार्ड को शिफ्ट करने की मांग

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर स्थित जिला चिकित्सालय लालसोट में स्थित इमरजेंसी एवं इंजेक्शन ड्रेसिंग रूम में इन दिनों खासी भीड़ हो जाने के कारण मरीजों को परेशानी हो रही है।

स्थानीय लोगों ने चिकित्सा मंत्री एवं स्थानीय विधायक परसादी लाल मीणा से इमरजेंसी वार्ड अन्यत्र रूम में स्थापित करने की मांग की है ताकि सामान्य मरीजों को ड्रेसिंग करवाने एवं इंजेक्शन लगवाने में असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। जब कोई इमरजेंसी मरीज अचानक से इस वार्ड में आता है तत्काल अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो जाती है तो ऐसे में सामान्य मरीजों को कोई भी इंजेक्शन लगवाने और ड्रेसिंग करवाने में काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है । इस दौरान इमरजेंसी मरीज के आने से उसके साथ जन सामान्य की भीड़ इस वार्ड में लग जाती है। मरीज ने बताया कि अलग इमरजेंसी वार्ड स्थापित किया जाए ताकि सामान्य मरीजों को ड्रेसिंग और इंजेक्शन लगवाने के लिए काफी देर तक उनकी बारी आने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। लालसोट के वासियों ने इस मामले को गंभीरता से लेकर इस समस्या से शीघ्र निजात दिलाने की मांग की है।

# चिकित्सा मंत्री ने सी.एच.सी. व पी.एच.सी. के नए भवनों का लोकार्पण किया



लालसोट के महारिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन का चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने फीता काटकर लोकार्पण किया।

**लालसोट/ रामगढ़ पचवारा/ मंडावरी, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने रविवार को महारिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं बगड़ी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और हेमल्यावाडा के नए उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का और लोकार्पण किया।

ऋषि के साथ हेमल्यावाडा में चिकित्सा मंत्री द्वारा पंचायत भवन का शिलान्यास भी किया गया। स्वास्थ्य केंद्र के नए भवनों व पंचायत भवन शिलान्यास कार्यक्रम लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन बनने से इसमें मरीज को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि लालसोट विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कलर डिजिटल एक्स-रे उच्च गुणवत्ता वाली सीबीसी मशीन आदि मुख्यमंत्री निशुल्क जांच दवा योजना से जुड़े ऐसे संसाधन जो की आने वाले मरीजों के लिए बेहद उपयोगी होते हैं उनको स्वास्थ्य केदो में लगवाया गया है। चिकित्सा मंत्री मिलने लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहा के लालसोट विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उप जिला अस्पतालों में तकनीकी सुविधाएं के लिए कलर एक्स-रे कलर सोनोग्राफी सीबीसी आदि जांच की मशीन लगी हुई है जो प्रदेश में अभी कई जगह पर तो उपलब्ध नहीं है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि आज ग्राम पंचायत स्तर पर उप स्वास्थ्य केंद्र से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं बड़ी जगह पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर उप जिला अस्पताल में जिला अस्पताल तक की सुविधा कांग्रेस सरकार लोगों को देखकर उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम को पंचायत समिति प्रधान एडवोकेट नाथ लाल मीणा द्वारा भी संबोधित किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान सरपंच रूपमती मीणा युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक पटेल एडवोकेट रघु मीणा व चिकित्सा विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि आम लोग मौजूद रहे।

## वीर तेजाजी महाराज का भंडारा आयोजित

**शाहपुरा, (निसं)।** साईवाड़ गांव में स्थित भगौता सिद्ध व सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज के मन्दिर में विशाल भंडारा व भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

थान के गुरु भोमराज कुमावत ने बताया कि भजन संध्या में गायक प्रकाश स्वामी, रजनी पांचाल, संजू नागौरी, शिवानी जोधपुर, रेणु रंगीली व सपेरा कलाकार सोनू शेखावत ने कार्यक्रम में प्रस्तुती दी।इससे पूर्व तेजाजी मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई वापस मंदिर में पहुंची। उसके बाद महाराज का अभिषेक, निशान चढाना, महाभोग एवं सांप के काटने पर बांधी गई ताती तोड़ने का कार्य हुआ।

डीजे के साथ निकली शोभायात्रा में तेजाजी की झांकी एवं भजन मंडली शामिल थी। धार्मिक गीतों पर युवा झूम रहे थे, यात्रा में महिलाएं भी शामिल थी। हजारों ग्रामीणों व नगरवासियों ने तेजाजी महाराज के मंदिर पर पहुंचकर दर्शन लाभ लिए। देर शाम तक भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। मंदिर पर व्यवस्था की कमान तेजाजी मंडल के सदस्यों ने संभाल रखी थी। प्रशासन की ओर से भी पूरी व्यवस्था की गई।




बड़ी बचत

| ALTO K10 | S-PRESSO | SWIFT | WAGONR | CELERIO | EECO |
|---|---|---|---|---|---|
| ₹62 000* | ₹71 000* | ₹52 000* | ₹51 000* | ₹66 000* | ₹34 000* |

WAGONR ALTO K10 S-PRESSO ERTIGA BREZZA SWIFT DZIRE CELERIO EECO

E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership

**MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS:** SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.: MALVIYA NAGAR: 2523400, 8302890000. PREM MOTORS PVT. LTD.: CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: 4411111, 9785023000. SANGA AUTONATION: 9057809150, 7734901000. AURIC MOTORS PVT LTD.: MANSAROVAR: 8929207471. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: 9209056789. VIPUL MOTORS PVT. LTD.: TONK ROAD: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: 4065555, 9660000363. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: ADARSH NAGAR: 4074444, 9549650361. BANIPARK: 4072222, 2201365, 8698003009.

*Applicable Terms and conditions available at Maruti Suzuki Arena authorized dealer. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. It is inclusive of Consumer offer, Exchange bonus, Corporate offer/Rural offer (wherever applicable). All offers are applicable till 30th September 2023 or till stocks last. Offers applicable on selected models/variants and selected cities. Car models and accessories shown may vary from the actual product. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purpose only. *All loans and schemes are at the sole discretion of the Finance Partner.